

बड़ी चूक : टूटे पुल से गुजार दीं राजधानी समेत कई ट्रेनें, अब संचालन पर पूर्ण रोक - 7



वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिकी नियंत्रण से भारत को होगा फायदा - 10



गणतंत्र दिवस पर पर्यटकों को दुबई की सैर कराएगा आईआरसीटीसी - 11



श्राची बंगाल टाइगर्स ने महिला एचआईएल मुकाबले में रांची रॉयल्स को हराया - 12

आज का मौसम
18.0° अधिकतम तापमान
7.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.05
सूर्यास्त 05.30


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ कृष्ण पक्ष द्वितीया 09:56 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 5 जनवरी 2026, वर्ष 7, अंक 42, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# न्यूयार्क से मैनहट्टन भेजे गए मादुरो, हमले पर भारत ने जताई चिंता, चीन बोला- तुरंत हों रिहा

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी पर अमेरिका में ही ट्रंप का विरोध, कई देशों में प्रदर्शन

- न्यूयार्क के मेयर ममदानी ने एकतरफा युद्ध का कृत्य बताया कमला हैरिस बोलीं-तेल का खेल

नई दिल्ली/काराकस/न्यूयॉर्क, एजेंसी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को लेकर एक विमान शनिवार को न्यूयॉर्क शहर पहुंचा जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से मैनहट्टन ले जाया गया। यहां से उन्हें अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) कार्यालय भेजा गया। इस दौरान मादुरो को संघीय एजेंटों ने घेरा हुआ था। मादुरो की बंधक बनाए जाने पर अमेरिका में ही ट्रंप विरोध शुरू हो गया है। रविवार को अमेरिका के खिलाफ कई देशों में प्रदर्शन हुए।

वहीं, भारत ने अमेरिकी हमले व राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़े जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही कहा कि तेल समृद्ध दक्षिण अमेरिकी देश में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का भी आह्वान किया। वहीं चीन से अमेरिकी कार्रवाई का कड़ा विरोध जताते हुए राष्ट्रपति मादुरो को तुरंत रिहा करने की मांग की है। व्हाइट हाउस के एक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में मादुरो मुस्कुराते हुए दिखाई दिए, जब दो डीईए एजेंट उनकी बांहें पकड़े हुए उन्हें कार्यालय के अंदर ले जा रहे थे। ऐसी उम्मीद है कि मुकदमा शुरू होने तक उन्हें ब्रुकलिन की एक संघीय जेल में हिरासत में रखा जाएगा। अमेरिका की यह कार्रवाई तेल समृद्ध वेनेजुएला पर महीनों से बढ़ाए जा रहे दबाव की परिणति है। यह हमला महीनों की गुप्त योजना का नतीजा है जिसे 2003 में इराक पर आक्रमण के बाद सत्ता परिवर्तन करने के लिए अमेरिका की सबसे आक्रामक कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी ने इसे एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमले को युद्ध का कृत्य करार दिया। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से इस संबंध में सीधे बात की। वहीं पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इसे तेल का खेल।

(संबंधित पेज-11)






न्यूयार्क में अमेरिकी एजेंटों के घेरे में मादुरो। दाएं : वेनेजुएला में अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

### चीन किसी को भी खुद को अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश समझने का विरोध करता है

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को कहा कि चीन किसी भी देश के खुद को दुनिया का पुलिसकर्मी और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश समझने का विरोध करता है। अमेरिका द्वारा मादुरो दंपति को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद वांग यी की यह पहली प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा बल प्रयोग या धमकी देने के साथ-साथ किसी एक देश की इच्छा दूसरे पर थोपने का विरोध करता है।

### उपराष्ट्रपति अगर सही काम नहीं करतीं हैं तो मादुरो से भी बुरा हाल होगा : ट्रंप



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज अगर लातिन अमेरिकी देश के लिए सही काम नहीं करतीं तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ट्रंप का ताजा बयान शनिवार को की गई टिप्पणियों के विपरीत है। उन्होंने कहा था कि रुबियो ने वेनेजुएला में जीवन बेहतर बनाने के लिए अमेरिका द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले कदम उठाने को तैयार हैं।

### अमेरिका शासन नहीं तेल नाकेबंदी से बदलाव के लिए करेगा मजबूर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया कि अमेरिका 'तेल नाकेबंदी' लागू करने के अलावा वेनेजुएला के दैनिक शासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक दिन पहले ही घोषणा की थी कि मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद अमेरिका लातिन अमेरिकी देश का शासन संभालेगा। रुबियो का बयान ट्रंप के उन व्यापक, लेकिन अस्पष्ट, दावों के विपरीत है कि अमेरिका कम से कम अस्थायी रूप से तेल-समृद्ध राष्ट्र का 'शासन' करेगा।

### कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाई गईं रोड्रिग्ज

**काराकास।** वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शनिवार देर रात उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया है। रोड्रिग्ज ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि मादुरो ही वेनेजुएला के एकमात्र वैध राष्ट्रपति हैं। उन्होंने वेनेजुएला के लोगों से इस ऑपरेशन का विरोध करने का आग्रह किया और मध्य अमेरिकी देशों की सरकारों से इसकी निंदा करने की अपील की।

# भारत की विकास गाथा का आईना है खेल : प्रधानमंत्री





उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी। दाएं : वॉलीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बाल उछालते मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअल उद्घाटन किया
- खिलाड़ियों को दिया टीम भावना का संदेश, कहा- सहयोग और विश्वास से मिलती है जीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी का वॉलीबॉल महाकुंभ 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का जीवंत मंच बन गया है। वॉलीबॉल केवल एक खेल नहीं, बल्कि संतुलन, सहयोग और संकल्पशक्ति का प्रतीक है। खेल क्षेत्र में पिछली सरकारों की उपेक्षाएं गिनाते हुए कहा कि बीते एक दशक में खेल भारत की विकास गाथा का आइना है।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को डॉ. संपूर्णानंद स्पोट् र्स स्टेडियम, सिगरा, वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। मोदी ने कहा कि एक समय था जब खेलों को लेकर सरकार और समाज, दोनों में ही उदासीनता का भाव था। इस वजह से खिलाड़ियों में भी अपने भविष्य को लेकर आशंकाएं रहती थी। बहुत कम युवा खेल को करियर की तरह अपनाते थे। लेकिन बीते दशक में इसे लेकर सरकार और समाज दोनों की ही सोच में बदलाव दिख रहा है। सरकार ने खेल बजट ज्यादा बढ़ा दिया है।

आज टैलेंट की पहचान, साइंटिफिक ट्रेनिंग, उनके न्यूट्रिशन का ध्यान, और पारदर्शी चयन, अब हर स्तर पर खिलाड़ियों के हितों को सर्वोपरि रखा जाता है। मोदी ने कहा कि बीते दशक में कई शहरों में फीफा अंडर-17 विश्व कप, हॉकी विश्व कप, चेस से जुड़े बड़े इवेंट्स, ऐसे 20 से अधिक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए हैं। वर्ष 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स भी भारत में ही होने जा रहे हैं। भारत पूरी मजबूती से वर्ष 2036 ओलंपिक की मेज़बानी के लिए भी तैयारी कर रहा है।

### खेल शक्ति ही राष्ट्र शक्ति : मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उभरी नई खेल संस्कृति ने युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि स्पोट् र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और यूपी खेल निदेशालय के बीच एनसीओई संचालन के लिए एमओयू से खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण मंच मिलेगा। हर गांव में खेल मैदान, हर जनपद में स्टेडियम और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम से यूपी के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अधिक पदक ला रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में स्पोट्‌र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मध्य नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के संचालन के लिए एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

## ब्रीफ न्यूज

### बारामूला में सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकाना किया नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को बारामूला के शेरी क्षेत्र के सुचलीवरन जंगल में तलाश अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से दो हथगोले, एके-47 राइफल की 24 गोलियां, एक वायरलेस एंटीना, एक कुल्हाड़ी, तार काटने की एक मशीन और दो छाते बरामद किये।

### भोगपुरम में सफलता पूर्वक उड़ान परीक्षण

**विशाखापत्तनम।** जीएमआर एयरो के नेतृत्व वाली जीएमआर विशाखापत्तनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने रविवार को आगामी भोगपुरम हवाई अड्डे पर एक वैधता परीक्षण उड़ान का आयोजन किया। इस उड़ान का संचालन एयर इंडिया के विमान द्वारा किया गया। इस दौरान केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारी और जीएमआर ग्रुप के शीर्ष अधिकारी शामिल थे।

# घोस्ट सिम के माध्यम से आकाओं से जुड़े थे आतंकी

श्रीनगर/नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली विस्फोट

- इसी खुलासे के बाद एप आधारित संचार सेवा को सक्रिय सिम से जोड़ने का दिया गया था निर्देश

दिल्ली के लाल किला के पास पिछले साल 10 नवंबर को हुए धमाके से जुड़े सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच में पता चला है कि इसमें शामिल चिकित्सकों ने पाकिस्तानी आकाओं से बात करने के लिए उस घोस्ट सिम कार्ड के जटिल नेटवर्क इस्तेमाल किया था जो किसी वास्तविक और सत्यापित पहचान से जुड़ा नहीं होता। इसी खुलासे के बाद दूरसंचार विभाग ने निर्देश जारी किया था कि व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसी एप-आधारित संचार सेवाओं को अनिवार्य रूप से फोन में मौजूद सक्रिय और भौतिक सिम कार्ड से लगातार जुड़ा रहना चाहिए।

अधिकारियों के मुताबिक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच में सामने आया कि गिरफ्तार चिकित्सक मुजम्मिल गनई, अदील राथर और अन्य आरोपियों ने सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए एक रणनीतिक डुअल-फोन प्रोटोकॉल के तहत घोस्ट सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। लालकिले के पास विस्फोटकों से लदा वाहन चलाते समय हुए धमाके में मारे गए डॉ. उमर-उन-नबी सहित प्रत्येक आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल हैंडसेट थे।

### साइबर सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती

दूरसंचार विभाग के व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसी एप-आधारित संचार सेवाओं को फोन में मौजूद भौतिक सिम कार्ड से लगातार जुड़े रखने के निर्देशों के पीछे एक कारण यह भी है कि यह सुविधा साइबर सुरक्षा के लिए एक चुनौती बन रही है क्योंकि इसका दुरुपयोग देश के बाहर से साइबर धोखाधड़ी और आतंकी गतिविधियों में किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर दूरसंचार सर्कल में इस निर्देश को तेजी से लागू किया जा रहा है। अधिकारी मानते हैं कि फर्जी सिम को निष्क्रिय करने में समय लगेगा, लेकिन ऐसे ढांचे पर गंभीर प्रहार किया जा सकता है।

## बर्फबारी



कश्मीर घाटी के सोनमर्ग में बर्फबारी ने पूरे इलाके को सफेद बना दिया। गांदरबल जिले में पर्यटकों ने बर्फबारी का जमकर आनंद उठाया। यह क्षेत्र वर्तमान में चिल्ला-ए-कलां की चपेट में है, जो 40 दिनों की अत्यधिक ठंड की अवधि है।

# दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बना भारत

- चीन को पछाड़ा, कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को इसकी घोषणा की।

कृषि मंत्री ने 25 फसलों की 184 नई किस्में जारी करते हुए कहा कि भारत 15.18 करोड़ टन के कुल उत्पादन के साथ चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बन गया है। चौहान ने कहा कि इन नई उच्च उपज वाली बीज किस्मों से फसल उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई किस्में किसानों तक जल्दी पहुंचें। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 क्षेत्रीय फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। मंत्री ने कहा कि देश ने बीजों के विकास में बड़ी सफलता हासिल की है।

# सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी 1200 नौकरियों की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों पर होगी तैनाती
- कॉलेजों में आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता फॉर्मेसी के 11 पदों पर होगी भर्ती

**अमृत विचार:** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। वर्ष 2026 में प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण एवं तकनीकी संवर्ग के करीब 1200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस निर्णय से जहां युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा, वहीं चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और शोध गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 1200 पदों क्रमशः सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागों में रिक्त पदों को समयबद्ध ढंग से भरा जाएं।

### 1,230 अधिकारियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

योगी सरकार का फोकस केवल शिक्षकों की भर्ती तक सीमित नहीं है। नर्सिंग कैडर को मजबूत करने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। यूपी लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) को इस वर्ष नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इससे सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान होगा।

# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 7.12 करोड़ रुपये की ठगी

हैदराबाद, एजेंसी

- मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में शामिल होने की दी थी धमकी

हैदराबाद में मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों ने 81 वर्षीय व्यक्ति को मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में शामिल होने की धमकी देकर सत्यापन के बहाने उससे 7.12 करोड़ ठग लिए।

पुलिस ने रविवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित को गत वर्ष 27 अक्टूबर को फोन किया और खुद को कोरियर कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए दावा किया कि मुंबई से थाईलैंड भेजे पार्सल में एमडीएमए (मादक पदार्थ), पासपोर्ट और कुछ डेबिट और क्रेडिट कार्ड है जिसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। अन्य व्यक्ति ने मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को फोन किया और कहा कि वह मादक पदार्थ तस्करी, धन शोधन एवं आतंकवादी गतिविधियों के रैकेट में शामिल है। जालसाजों ने बैंक खाते के सत्यापन और मामले से बचने के बहाने बुजुर्ग से पैसे हस्तांतरित करवाए। पीड़िता ने दो महीने में कुल 7.12 करोड़ हस्तांतरित कर दिए। जब जालसाजों ने और पैसे मांगे तो उन्होंने 30 दिसंबर को तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो में इसकी शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

उपलब्धि

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर में विकसित की गई दस नई प्रजातियों को प्रदेश स्तर पर किया गया अंगीकार

# गन्ने में लाल सड़न की विदाई, पैदावार भी 100 टन हेक्टेयर तक

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- नई प्रजातियां किसानों तक पहुंचनी शुरू खेती में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद

**अमृत विचार:** गन्ना शोध परिषद में विकसित की गई गन्ने की दस नई प्रजातियों को प्रदेश स्तर पर अंगीकार कर लिया गया है। ये प्रजातियां गन्ने के सबसे घातक माने जाने वाले लाल सड़न रोग से मुक्त हैं और औसतन 90 से 100 टन प्रति हेक्टेयर तक पैदावार देने में सक्षम हैं। गन्ना खेती के क्षेत्र में शाहजहांपुर के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उपलब्धि किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने लंबे शोध और परीक्षण के बाद इन प्रजातियों को विकसित किया है। दरअसल लाल सड़न रोग को गन्ने का कैंसर कहा जाता है जो फसल को भारी नुकसान पहुंचाता रहा है। नई विकसित किस्मों में दो वर्षों के परीक्षण और खेत स्तर पर प्रयोग के दौरान लाल सड़न रोग का प्रभाव नहीं देखा गया, जिस कारण किसानों का भरोसा इन प्रजातियों पर लगातार बढ़ रहा है। परिषद इस अवधि में लगातार इन प्रजातियों का बीज किसानों को उपलब्ध कराती रही है। विशेषज्ञों का दावा है कि जिन किसानों ने इन किस्मों की खेती की, उन्हें पारंपरिक किस्मों की तुलना में अधिक उत्पादन मिला। रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण फसल की लागत भी कम हुई है। इस वजह से किसानों में बेहतर मुनाफे की उम्मीद मजबूत हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश स्तर पर इन दस प्रजातियों के अंगीकरण किए जाने से अब इनका विस्तार बड़े पैमाने पर किया जा सकेगा। इससे न सिर्फ शाहजहांपुर बल्कि आसपास के जिलों के गन्ना किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसे प्रदेश में गन्ना खेती के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है।



### ये प्रजातियां की हैं विकसित

साल/प्रजाति का नाम
- 2021/ कोशा 15023
- 2022/ कोशा 17231 (बिस्मिल), यूपी 14234
- 2023/ कोशा 15233, कोशा 16233 (रोशन)
- 2024/ कोशा 18231 (अशफाक), कोलख 16202
- 2025/ कोशा 19231 (लाहिड़ी), कोसे 17451 (कृष्णा) पूर्वी उप्र, कोलख 16470 (पूर्वी उप्र)0

### बड़ी चुनौती बन गया था लाल सड़न रोग

प्रदेश भर में गन्ना किसानों के लिए लाल सड़न रोग लंबे समय से गंभीर चुनौती बना हुआ था। यह रोग खेत में खड़ी पूरी की पूरी फसल को नष्ट कर देता था, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। कई इलाकों में स्थिति यह हो गई थी कि मेहनत और लागत के बावजूद किसानों के हाथ कुछ नहीं आता था। इसी कारण वैज्ञानिकों ने लाल सड़न रोग की रोकथाम के लिए गहन शोध शुरू किया जिसका लक्ष्य ऐसी नई प्रजातियां विकसित करना था जो अधिक पैदावार देने के साथ लाल सड़न रोग से पूरी तरह सुरक्षित हों।

गन्ना शोध परिषद से हर साल कोई न कोई नई प्रजाति निकलती है। नई प्रजातियों का विकास गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए किया जाता है। पिछले पांच साल में दस नई प्रजातियों का विकास परिषद ने किया। इन प्रजातियों का प्रदेश स्तर पर अंगीकार किया गया है। - **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद

**न्यूज ब्रीफ**

### नियुक्ति में फर्जीवाड़े पर साधा निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभ्युदय योजना की नौकरियों में हुए फर्जीवाड़े को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि जब सही नहीं हुआ बंटवारा, तो कह रहे हैं हुआ घोटाला।



उन्होंने कहा कि 69 में 48 फर्जी हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि बात ये नहीं है कि इसमें करोड़ों की वसूली करेंगे, असल बात ये है कि ऐसे फर्जी लोगों के भरोसे जो विद्यार्थी अभ्यर्थी पढ़ाई कर रहे थे, उनके भविष्य का क्या होगा। सरकार को बस पैसे से मतलब है, गरीब युवाओं के भविष्य से नहीं।

### नए मतदेय स्थलों के गठन पर सपा की आपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ** सपा ने आगरा की 93-फतेहाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नए मतदेय स्थलों के सृजन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी द्वारा नियमों के विपरीत और मनमाने ढंग से नए मतदेय स्थलों का गठन किया गया है।

### स्वावलंबी बना रहीं मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना अंतर्गत आर्थिक एवं ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कम्पनी दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध एकत्र करने के बाद उसे संरक्षित कर बेचती हैं।

# युवा खिलाड़ियों को मिलेगा अत्याधुनिक प्रशिक्षण

## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में साई और यूपी खेल निदेशालय के बीच एनसीओई संचालन को लेकर एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज नई खेल संस्कृति के साथ राष्ट्रीय नेतृत्व की दिशा में तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते वर्षों में खेलों को नई सोच, आधुनिक संसाधन और आत्मविश्वास मिला है। अब खेल केवल मनोरंजन या शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है।

- **खेल केवल शौक नहीं व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम: योगी**

मुख्यमंत्री रविवार को 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के बीच नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के संचालन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमओयू से काशी सहित पूर्वांचल के युवा खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें साई के अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि 43 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद उत्तर प्रदेश में सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होना अपने आप में ऐतिहासिक है। प्रतियोगिता में 58 टीमें (30 पुरुष और 28 महिला) भाग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और ऑफिशियल्स का स्वागत किया और इसे प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और विजन का परिणाम बताया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत विकसित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम आज आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जो प्रदेश में बदलते खेल परिदृश्य को दर्शाता है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर ने देश और प्रदेश में खेलों की तस्वीर बदल दी है।

उन्होंने कहा कि गांवों से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक खिलाड़ियों को अवसर मिल रहे हैं। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मिशन मोड में संचालित योजनाओं के कारण उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं और पदक भी जीत रहे हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में उप्र. सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच हुए एमओयू के दस्तावेज दिखाते अधिकारी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

### योगी ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जिम और खेल उपकरणों के रखरखाव की जानकारी ली तथा अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से संवाद किया। शूटिंग अभ्यास कर रहे एक बच्चे से उन्होंने निशाना भी लगवाया और विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### खेल बजट में कई गुना वृद्धि : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के विकास के लिए नई गंगा बहाई गई है। सभी खेलों के बजट में कई गुना वृद्धि हुई है। पहले खेलों में केवल औपचारिकताएं होती थीं, लेकिन अब खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और जज्बा दिखाई देता है। पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी खेल बजट में कई गुना बढ़ोतरी की है और खिलाड़ियों को उच्च पदों पर सीधी तैनाती दी जा रही है।

### लखनऊ दर्शन 7 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सिटी टूर 7 जनवरी से नियमित रूप से शुरू होगा। इससे पहले सुबह व शाम दो चरणों में सफल मॉक ड्रिल हुई।

# पहला राज्य विवि स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी शिक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण की नीति को धरातल पर उतारते हुए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग स्थापित किया गया है। इस अत्याधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर किया।

- **डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 4000 ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध**

उद्घाटन से पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित ब्रेल प्रेस में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलपति ने कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि ब्रेल पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में 150 से अधिक पाठकों के बैठकर अध्ययन करने की सुविधा वाला रीडिंग रूम भी तैयार किया गया है।

### ठंड और कोहरे की गिरफ्त में प्रदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर और तेज हो गया है। पहाड़ों से आ रही ठंडी व सूखी पछुआ हवाओं के चलते प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में गलन भरी ठंड और घने कोहरे का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए कई जिलों में चेतावनी जारी की है। रविवार को कानपुर, इटावा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई सहित कई जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया। 3 .2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा। धूप निकलने वाले इलाकों में भी गलन कम नहीं हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12वी तक के स्कूल-कालेज पहले ही सोमवार तक बंद रखने के आदेश हैं। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद चल रही पछुआ हवाओं के कारण सोमवार को कानपुर और इटावा में आंशिक शीतलहर जैसी स्थिति बन सकती है। कई जिलों में रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और गिरावट संभव है। बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

# बीज उत्पादन बढ़ाने को सुधारी जाएगी ऊसर भूमि

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में राज्य कृषि विकास योजना के तहत कृषि प्रक्षेत्र (फार्म) की ऊसर भूमि सुधारकर आधारीय व प्रमाणित बीजों का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। कृषि विभाग ने 28 जिलों के 57 फार्म चिह्नित किए हैं, जिनमें वर्ष 2025-26 के अंत तक ऊसर भूमि सुधार कर वर्ष 2026-27 से बीजों का उत्पादन किया जाएगा।

- **दो साल की कार्ययोजना 2696.18 लाख अनुमोदन**

सरकार ने दो वर्ष की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए कुल 2696.18 लाख रुपये का अनुमोदन किया है। इसमें भूमि संरक्षण विभाग प्रथम वर्ष 2025-26 में 1740.31 लाख रुपये से समतलीकरण, फील्ड बंडिंग, फील्ड ड्रेन व लिंक ड्रेन जैसे कार्य करके जमीन समतल और उपजाऊ बनाएगा। दूसरे वर्ष 2026-27 में शेष धनराशि से जिप्सम का प्रयोग, मिक्सिंग, लीचिंग, हरी खाद के लिए ढेंचा बीज की बुवाई, पल्टाई आदि कार्य करके बीजों का उत्पादन किया जाएगा। फार्म हाउस में खेती का रकबा बढ़ने से बीजों के उत्पादन में वृद्धि होगी। निदेशक पंकज त्रिपाठी ने संबंधित उपनिदेशक को निर्देश जारी किए हैं।

# रिश्वत लेने में राजस्व विभाग ने पुलिस को छोड़ा पीछे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिश्वतखोरी के मामले में पुलिस भले ही बदनाम है। पर, सच यह है कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन के आंकड़ों में राजस्व विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों ने पुलिस को काफी पीछे छोड़ दिया है। पिछले चार वर्ष के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, चार वर्ष में कुल 680 अधिकारी व कर्मचारी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गये। इसमें 266 राजस्व कर्मी व अधिकारी है। जबकि 108 पुलिसकर्मियों के नाम शामिल है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, जमीन की नापजोख, वरासत और दाखिल-खारिज जैसे मामलों में किसानों और गरीबों से अवैध वसूली की शिकायतें सबसे अधिक रहीं। सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की सक्रियता और एसीओ के विस्तार के बाद ग्रामीण इलाकों से शिकायतों की बाढ़ आ गई, जिसका असर सीधे राजस्व विभाग की गिरफ्तारी संख्या में दिखा। भ्रष्टाचार के मामलों में बिजली, शिक्षा, चकबंदी, स्थानीय निकाय, चिकित्सा, सिंचाई, ग्राम्य विकास, कृषि, वन, मंडी परिषद और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी पकड़े गए। चार वर्षों में बिजली विभाग के 63, शिक्षा के 29, चकबंदी के 19, स्थानीय निकाय के 17 और चिकित्सा विभाग के 16 कर्मी घूस लेते धरे गए।

**680** की चार वर्ष में हुई गिरफ्तारी

**266** राजस्व कर्मी व अधिकारी शामिल



### चार वर्ष में बढ़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण और जनशिकायतों की निगरानी सख्त की गई है। गोपनीय शिकायतों की जांच के लिए एजेंसियों को मजबूत किया गया। त्वरित न्याय के उद्देश्य से एसीओ की आठ नई इकाइयों का गठन किया गया है, जबकि मंडल स्तर पर गठित 18 इकाइयों को और सशक्त किया गया है।

### साल दर साल बढ़ी गिरफ्तारी

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में 81 सरकारी कर्मचारी व अधिकारी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किये गये। वहीं, 2023 में 152, 2024 में 221 और 226 सरकारी कर्मचारी व अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचे गये। आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की रफ्तार बढ़ी है तो कार्रवाई भी तेजी से हुई है।

# श्रीअन्न खरीद में प्रदेश सरकार ने तोड़ा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 'श्रीअन्न' (बाजरा, ज्वार और मक्का) के किसानों ने खुले बाजार की बजाय सरकारी खरीद व्यवस्था पर अधिक भरोसा जताया है। योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी नीतियों और समयबद्ध भुगतान व्यवस्था का असर यह रहा कि इस वर्ष श्रीअन्न की खरीद ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके साथ ही किसानों को पहले की तुलना में कहीं अधिक राशि का भुगतान किया गया।



सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 1 अक्टूबर से शुरू हुई श्रीअन्न की खरीद प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। इस दौरान बाजरा की 2.13 लाख मीट्रिक टन, ज्वार की 43,562 मीट्रिक टन और मक्का की 12,209 मीट्रिक टन खरीद की गई। बाजरा की खरीद 33 जिलों में, मक्का की 25 और ज्वार की 11 जनपदों में हुई। न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में ज्वार (मालदांडी) 3749 रुपये, ज्वार (हाइब्रिड) 3699 रुपये, बाजरा 2775 रुपये और मक्का 2400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया था। बाजरा के मामले में 90,513 किसानों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 54,253 किसानों से खरीद कर 598.04 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। जबकि पिछले वर्ष 1.01 लाख मीट्रिक टन खरीद पर लगभग 268 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ था। ज्वार में 13,454 किसानों से खरीद कर 162 करोड़ रुपये, वहीं मक्का में 3,445 किसानों को 31.96 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

- **किसानों ने सरकारी खरीद को दी प्राथमिकता**

### मथुरा में चांदी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**मथुरा,एजेंसी:** जिले में एक चांदी कारोबारी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग व्यापारी का शव घर में खून से लथपथ मिला और उनकी कनपटी पर गोली मारी गई थी। घर की सारी अलमारी खुली हुई थी और सामान अस्त-व्यस्त था। इस बात की आशंका है कि यह वारदात लूट के इरादे से की गई।

पुलिस अधीक्षक (नगर) राजीव कुमार सिंह ने बताया कि चांदी कारोबारी सतीश चंद्र गर्ग (62) अपने मकान के निचले तल में अकेले रहते थे, जबकि उनके तीनों पुत्र अन्य शहरों में रहकर नौकरी करते हैं।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम से झड़प, 57 लोगों पर रिपोर्ट

**मिर्जापुर,एजेंसी:** जिले के लालगंज क्षेत्र के एक गांव में वन विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचे विभागीय कर्मचारियों से बहस और झड़प के आरोप में सात नामजद समेत 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लालगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ खुर्द गांव में तीन जनवरी को वन विभाग के कुछ कर्मचारी विभागीय भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे तभी वहां मौजूद कुछ महिलाओं व अन्य ग्रामीणों से उनकी कहासुनी हो गई, जो बाद में झड़प में बदल गई। वन विभाग के अधिकारी बिनेंद्र यादव ने बताया कि पौधारोपण के लिए वन विभाग की कुछ भूमि पर पहले खुदाई कराई गई थी।

उन्होंने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि अवैध कब्जाधारियों द्वारा ट्रैक्टर से उस भूमि की जुताई की जा रही है, सूचना पर जब वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। यादव ने बताया कि इस दौरान कहासुनी और झड़प हुई। इस मामले में अजय, सिंटू कोल, सुधाकर यादव और जीरा भारती सहित सात नामजद तथा 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बयान में कहा कि वन विभाग के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले स्थानीय थाने और राजस्व विभाग के अधिकारियों को कोई सूचना नहीं दी थी।

# बांदा में जाली नोट बरामद दो आरोपी गिरफ्तार किए

**बांदा, एजेंसी:** जिले की शहर कोतवाली पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) की साझा टीम ने रविवार को जाली नोट रखने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एकअधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों से 500-500 रुपये के 225 जाली नोट बरामद किये हैं। बांदा जिले की सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने बताया कि रविवार को शहर कोतवाली की पुलिस और एसओजी के संयुक्त दल को मुखबिर से सूचना मिली थी।

उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर तलाशी ली, जिनके कब्जे से पांच-पांच सौ रुपये के 225 नकली नोट (1,12,500 रुपये मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा) बरामद हुई। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान महोबा जनपद के कबरई गांव निवासी राजाराम व इसी थाना क्षेत्र के पिडारी गांव के राहुल सिंह के रूप में हुई। जांच में सभी जाली नोट के सीरियल नंबर एक ही अंकित है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके गांव से जाली नोट बनाने में प्रयुक्त उपकरण, सामग्री, प्रिंटर, विभिन्न रंगों की स्याही की बोतलें, कटर, फ्रेम, टेप, ब्रश, इमल्शन, डाई, पीवीसी शीट, विशेष प्रकार के कागज व अन्य तकनीकी सामाग्री बरामद हुई है।

# यूपी में निवेश करेंगे कनाडा के उद्यमी

## कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज संभावनाओं का प्रदेश बन चुका है, जहां सुरक्षा, सुव्यवस्था और निवेश का वातावरण पहले से कहीं अधिक बेहतर है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को अयोध्या में श्रीरामलला, काशी विश्वनाथ धाम और प्रयागराज भ्रमण का आमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि हाल ही में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है और शेष प्रस्तावों पर कार्य प्रगति पर है।

**कनाडा में होगा 'इन्वेस्ट इंडिया, इन्वेस्ट कनाडा' का आयोजन :** कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष और बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के चेयरमैन नरेश कुमार चावड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए बताया कि वर्ष 2026 में कनाडा में 'इन्वेस्ट इंडिया-इन्वेस्ट कनाडा' के तीन आयोजन होंगे, जिनमें से दो पूरी तरह यूपी केंद्रित होंगे। उन्होंने कहा कि चैंबर्स के सदस्य यूपी में एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्रिय रूप से काम करेंगे।



लखनऊ : अपने सरकारी आवास पर कैनेडियन हिंदू चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।










# नैनीताल में विधायक आर्य का आवास घेरा

## अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नैनीताल में प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल/देहरादून

**अमृत विचार:** अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नैनीताल क्लब चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस और जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

उधर देहरादून में विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर विरोध मार्च किया। इसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान तमाम रास्तों में भयंकर जाम लग गया। पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी परशानी हुई। नैनीताल में प्रदर्शन के दौरान सभा में महिला कांग्रेस प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक ने कहा कि वर्ष 2022 में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या हुई थी, लेकिन इतने वर्षों बाद भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में भाजपा सरकार की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही है। जया कर्नाटक ने कहा कि हत्याकांड में एक वीवीआईपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है और साक्ष्यों को जानबूझकर बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आज तक उस वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया। जया कर्नाटक ने चेतावनी दी कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा, वीवीआईपी का नाम उजागर नहीं किया जाएगा और उसे जेल नहीं भेजा जाएगा, तब तक कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से धरना-प्रदर्शन जारी रखेगी।

इस दौरान जया कर्नाटक ने भाजपा की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू के विवादित बयान का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि साहू ने बिहार की बेटियों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन भाजपा सरकार ने इस पर कार्रवाई करने के बजाय यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि गिरधारी लाल पार्टी से जुड़े नहीं हैं।


अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों के सदस्य देहरादून में रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री आवास की ओर विरोध मार्च में शामिल होते हुए।

### द्वाराहाट में सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग

**रानीखेत, अमृत विचार:** अंकिता हत्याकांड को लेकर रविवार को कांग्रेस ने द्वाराहाट में विधायक मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। घटगाड़ पुल से हाथों में पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहा तक आक्रोश रैली निकाली। उन्होंने कहा कि सरकार में थोड़ी सी भी शर्म बाकी है तो उक्त प्रकरण की सीबीआई जांच करवाए। सब दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# प्रवासी उत्तराखंडियों ने दिल्ली में भाजपा को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

देहरादून/नई दिल्ली,एजेंसी

अंकिता हत्याकांड को लेकर नई दिल्ली में रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों , संगठनों और हजारों प्रवासी उत्तराखंडियों ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम न उठाने का आरोप लगाया और इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराए जाने की मांग की।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर मांग की गयी थी कि अंकिता हत्याकांड की जांच शीर्ष न्यायालय के किसी न्यायाधीश की देखरेख में सीबीआई से करायी जाए। धरना प्रदर्शन में लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि अंकिता हत्याकांड के मामले में जो नयी जानकारी सामने आयी है उसे देखते हुए सरकार को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यदि राज्य सरकार ने 10 दिन के भीतर सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए तो उत्तराखंड के लोग हजारों की संख्या में दिल्ली में भाजपा मुख्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

इसके साथ ही दिल्ली के कोने-कोने में हस्ताक्षर अभियान और कैंडल मार्च आयोजित किए जाएंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह नेगी ने इस मामले में जन आंदोलन को और व्यापक तथा मजबूत करने पर जोर दिया। जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्र ने सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि प्रदेश सरकार की मानसिकता महिलाओं के प्रति नफरत से भरी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक में भाग लेने वृन्दावन पहुंचे मोहन भागवत

**मथुरा,एजेंसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार सुबह भोपाल से रेल मार्ग द्वारा वृन्दावन स्थित केशवधाम पहुंचे। संघ के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह सात दिन के प्रवास पर वृन्दावन में रहेंगे। संघ के सूत्रों के अनुसार, भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संघ प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक की शुरुआत हुई। सप्ताह भर होने वाली इस बैठक के पहले दिन चार सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### बलिया में दो लड़कियों का अपहरण,रिपोर्ट दर्ज

**बलिया, एजेंसी :** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लड़कियों के कथित रूप से अपहरण की शिकायत का संज्ञान लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के हवाले से बताया कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा नौ में पढ़ने वाली 14 वर्षीया लड़की गत 31 दिसंबर को पढ़ने के लिए गई थी, तभी रघुनाथ पुर पीपर पाती गांव के संदीप कुशवाहा ने उसे अगवा कर लिया। इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विदेश भेजने के नाम पर 1.30 लाख ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1 लाख 30 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी एजेंट पर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 17 निवासी रईस पुत्र रफीक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लगभग 10 माह पूर्व उसकी पहचान जसपुर, जिला उधम सिंह नगर निवासी व्यक्ति से हुई थी। वह खुद को विदेश भेजने वाला एजेंट बताता था।

### हादसे में एक ही परिवार के तीन की मौत

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी :** जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र के जानसठ मार्ग पर रविवार शाम एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार युवक, उसकी पत्नी और बेटी की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि घटना तब हुई जब पीड़ित मोटरसाइकिल से अपने गांव जादोदा लौट रहे थे।

### देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**सोनभद्र,एजेंसी :** जिले की कर्मा थाना पुलिस ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू युवतियों को कथित तौर पर अश्लील एवं गाली गलौज जैसे संदेश भेजने और हिंदू देवी-देवताओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से पुलिस को शिकायत मिली कि कर्मा थाना अंतर्गत ग्राम खैराही निवासी मुहम्मद कैफ द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदू युवतियों को आपत्तिजनक एवं अश्लील संदेश तथा हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कर्मा थाना पर कथित आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी गई।

# नेपाल और झारखंड के चोरों ने की थी सवा करोड़ रुपये की ज्वेलरी चोरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के चार शातिरों को नेपाल बॉर्डर से किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** पुलिस ने मुखानी स्थित राधिका ज्वेलर्स में हुई सवा करोड़ की चोरी में बड़ा खुलासा किया है। सेंधमारी की इस वारदात को नेपाल और झारखंड के दो गैंग ने मिलकर अंजाम दिया था। नेपाल समेत भारत के आधा दर्जन से अधिक राज्यों में दबिश के बाद दोनों गैंग के चार चोरों को पुलिस ने नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड गैंग का सरगना भी है जबकि नेपाली गैंग के सरगना की अभी भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 22 लाख रुपए के सोने और चांदी के जेवर बरामद किए हैं। रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में हुई प्रेसवार्ता में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मुखानी थानाक्षेत्र के कुसुमखेड़ा में ईको टाउन निवासी नवनीत शर्मा की राधिका ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बीती 19-20 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी कर चोरों ने 25 किग्रा चांदी और 400 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर लिए। इस वारदात को पड़ोस की दुकान किराए पर लेने वाले नेपाल मूल के जनक राज जोशी ने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया। शातिरों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों के साथ एसओजी और एसआईटी भी गठित की गई थी। टीमों नेपाल के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और झारखंड में भेजा गया। जांच में सामने आया है कि वारदात में 8 से अधिक लोग शामिल थे। सीसीटीवी से कड़ियां जोड़ी तो घटना में नेपाल के साथ झारखंड गैंग का नाम भी सामने आया, जिसने गुजरात के सूरत और झारखंड में इसी तर्ज पर कई वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी चेहरों को चिह्नित कर लिया।

घटना के बाद भागने के लिए एक बोलेरो का भी इस्तेमाल किया गया था। तलाश में जुटी टीमों ने रविवार की सुबह वारदात में शामिल चार आरोपियों को नेपाल बॉर्डर के पास चम्पावत जिले के बनबसा से धर दबोचा। आरोपियों के पास से 54 ग्राम सोना और 7.245 किग्रा चांदी के जेवर के साथ घटना में इस्तेमाल बोलेरो को भी जब्त किया है।

## भदोही में व्यक्ति की अलाव में गिरने से मौत

**भदोही, एजेंसी:** जिले में भीषण सर्दी के बीच आग ताप रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध रूप से मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण अलाव में गिरने से झुलसकर मौत हो गयी।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया यह हादसा चौरी थाना क्षेत्र के भकोड़ा गांव में शनिवार रात को हुआ। उनके मुताबिक, मिर्गी का मरीज बसावन उर्फ़ कल्लू (50) ठंड से बचने के लिये शनिवार रात करीब आठ बजे घर के बाहर अलाव जलाकर हाथ ताप रहा था और उसकी पत्नी जयदेई घर के अंदर काम कर रहीं थी।

अधिकारियों ने बताया कि इसी बीच संदिग्ध रूप से बसावन को मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह अलाव में गिर गया।

# बाइक की टक्कर लगने से पिता की गोद से गिरा बच्चा, मौत

संवाददाता, पीलीभीत/ बरखेड़ा

- बेटे के साथ दवा लेने जाते समय हुआ हादसा, पिता गंभीर घायल


मृतक कार्तिक

**अमृत विचार :** दो साल के बेटे को गोद में लेकर मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहे युवक को बेकाबू बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे बच्चा गोद से छिटककर गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पैनिया रामकिशन निवासी शनिवार रात दो वर्षीय बेटे कार्तिक को गोद में लेकर घर से मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए जा रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे कार्तिक पिता की गोद से छिटककर जमीन पर गिर गया। अनिल कुमार भी घायल हो गए। सूचना पर परिवार और पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और दोनों को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टर ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया और घायल पिता का इलाज जारी है। इकलौते पुत्र की मौत की खबर मिलते ही मां रीता बदहवास सी हो गई। परिवार और अन्य ग्रामीण ढांढस बंधाने में जुटे रहे। बरखेड़ा इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले में नियमानुसार कार्रवाई कराई जा रही है।

## हरदोई में 10वीं के छात्र का शव मिला हत्या का शक

**हरदोई, एजेंसी:** हरदोई जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को दसवीं कक्षा के एक छात्र का शव बावन रोड स्थित निर्माणाधीन बाईपास पर सीमेंट के स्लैब के नीचे दबा हुआ मिला। परिजनों ने छात्र के एक दोस्त पर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। शहर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंकित मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान शहर कोतवाली क्षेत्र के बाबा मंदिर चौहान थोक निवासी आयुष गुप्ता उर्फ उमंग (15) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उमंग शनिवार को अपने घर से दोस्तों के साथ बाहर जाने की बात कहकर निकला था और वापस नहीं आया। इस मामले में उसके पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बंदर से डरकर भागी महिला छत से गिरी, मौत

संवाददाता, कलान

- दूसरी मंजिल पर कपड़े उतारने के दौरान बंदर ने दी घुड़की

**अमृत विचार :** कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदरों के कारण लगातार घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को कस्बे में एक घर की दूसरी मंजिल पर कपड़े उतारने गई महिला को बंदर ने घुड़की दी, डर कर भागी महिला छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग प्रशासन से की है।


जमुना देवी।

छिदुकुरी निवासी रामवीर का दो मंजिला मकान है। शनिवार शाम को रामवीर की पत्नी जमुना देवी (45) दूसरी मंजिल की छत से कपड़े उतारने के लिए गईं थीं। इसी दौरान एक बंदर वहां पहुंचा और उसने महिला को घुड़की देने लगा। बंदर को देखकर जमुना देवी घबरा गई और भागने लगी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह मकान की छत से नीचे खड़ंजे पर जा गिरीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल जमुना देवी को परिजन तुरंत सीएचसी पर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतका के चार पुत्र रुपेश, शोभित, दीपू, अजय और दो पुत्रियां उर्वशी व अमृता हैं। इनमें रुपेश और उर्वशी का विवाह हो चुका है, जबकि तीन पुत्र और एक पुत्री अविवाहित हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मृतका के पति रामवीर राठौर ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस दी। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## रुड़की में गंग नहर में डूबी कार, मेरठ के दो युवकों की मौत

**देहरादून/हरिद्वार, अमृत विचार :** रुड़की में गंग नहर में कार डूबने से मेरठ के दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक हरिद्वार के कांवड़ मार्ग से घर जा रहे थे, तभी कोहरे की वजह से कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

पुलिस के मुताबिक बीते शनिवार की देर रात मंगलौर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मोहम्मदपुर झाल के पास एक कार गंगनहर में गिरी हुई है। इसकी सूचना पर मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम को मौके पर ग्रे रंग की कार गंगनहर में डूबी हुई मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने झाल कर्मियों की मदद से कार में फंसे युवाओं को निकाला और एम्बुलेंस की मदद से रुड़की के सिविल अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा (25 वर्ष) और पुनीत उर्फ आयुष (25 वर्ष) निवासी कुराली थाना जानी मेरठ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई।

# संभल में बुलडोजर के डर से खुद तोड़ ली मस्जिद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जनपद के ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन का बुलडोजर पहुंचने से पहले ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रात भर मशक्कत कर मस्जिद को खुद तोड़कर उसकी मालवा भी वहां से हटा दिया। जिस सरकारी जमीन पर मस्जिद बनाई गई थी, वहां अब गरीबों के आशियाने बनेंगे। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मस्जिद की जगह पर खड़े होकर गांव के 20 गरीब लोगों को जमीन के पट्टों का प्रमाण पत्र दिया। यह भी भरोसा दिलाया कि जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिनके पास अपना घर नहीं है उन्हें सरकार मकान बनाकर देगी।

सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर गांव में वर्ष 2000 में चकबंदी के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मकान बनाने के लिए भूमि चिह्नित कर छोड़ी गई थी। इस जमीन पर गरीबों को काबिज नहीं होने दिया गया और मस्जिद का निर्माण कर लिया गया। अवैध रूप से मस्जिद बनाए जाने के खिलाफ 2018 से कार्रवाई हो रही थी। 14 जून 2018 को लेखपाल ने सरकारी जमीन कब्जा कर मस्जिद का निर्माण करने की रिपोर्ट अधिकारियों को दी थी। इसके बाद से ही इसे लेकर कानूनी प्रक्रिया चल रही थी। तहसीलदार न्यायालय में लंबे समय तक मामला चलने के बाद तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सरकारी जमीन पर बनाई गई अवैध मस्जिद को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए थे। मस्जिद को तोड़ने के लिए 4 जनवरी रविवार का दिन तय किया गया था। सुबह 10 बजे पुलिस प्रशासनिक अमला बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा तब देखा कि जमीन खाली थी और मस्जिद का निर्माण तोड़ लिया गया था। ज्यादातर मलवा भी रात में ही हटा दिया गया था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उन्होंने खुद ही रात को मस्जिद का निर्माण तोड़ लिया और मलवा भी हटा दिया।


सलेमपुर सलार में मस्जिद तोड़ने के बाद खाली पड़ी भूमि। • अमृत विचार

### राया बुजुर्ग की मस्जिद को भी तोड़ा

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के राया बुजुर्ग गांव में भी रविवार को प्रशासन के बुलडोजर गरजे और कई घंटे की लगातार कार्रवाई के बाद सरकारी जमीन पर बनी गोसुलवरा मस्जिद का निर्माण पूरी तरह से तोड़कर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया। राया बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को लेकर सितंबर महीने में कार्रवाई शुरू की गई थी। 2 अक्टूबर को सरकारी अमला इस मस्जिद को गिराने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंचा था।



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



**डा. मोहित गुप्ता**
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

**सुविधायें**
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## बेटी की ससुराल से लौट रहे रहे थे मां और पिता, मां घायल

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** बेटी की ससुराल से वापस आ रहे बाइक सवार दंपति को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति की मृत्यु हो गई। टक्कर से गिरी पत्नी को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती करायागया है। चालक टक्कर मारकर फरार हो गया है।

रविवार की रात आठ बजे मीरगंज-दिवना रोड पर शराब भट्टी के सामने हुए सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने बताया कि दियोसास गांव के पास खाली ट्रैक्टर ट्राली चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में नरेश कुमार (45) पुत्र हरचरन और उनकी पत्नी नन्हीं निवासी ग्राम लभेड़ा पुरोहित गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव लभेड़ा पुरोहित निवासी नरेश कुमार अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अपनी पुत्री के घर मनकरा गांव गए थे। रात वापसी में दियोसास गांव के पास उनकी मोटरसाईकिल में ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी मीरगंज भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि नन्हीं की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नरेश की पत्नी ने बताया कि साइकिल और ट्रैक्टर की टक्कर हुई है। भट्ठी पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली से हादसा हुआ है। खाली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर चालक भाग गया। मृतक खेती किसानी करते थे। पुलिस मामले की जांच कर अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### हाइवे पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** हाईवे पर रबर फैक्ट्री गेट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। रविवार को गांव लोहार नगला निवासी 22 वर्षीय रवि कुमार दोपहर बाद फतेहगंज पश्चिमी से अपने गांव की ओर जा रहा था। अचानक तेज रफतार आ रहें अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।हादसे में रवि की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया रवि फेरी करके आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।परिवार में उसकी मां और बड़ा भाई शनि हैं।दोनों भाइयों मे किसी की शादी नही हुई है।मृतक की मां मंदबुद्धि बताई जा रही हैं। रवि के पिता की करीब पांच वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। उनका परिवार काफी समय पहले ग्राम भूड़ा के पास नगरिया गांव से आकर लोहार नगला में आकर बसा था।

# हमले का आरोप मुकदमा दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के मोहल्ला ईंध जागीर में एक महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट व लूटपाट की वारदात के बाद पुलिसरिपोर्ट नहीं लिख रही है।

पीड़िता नूरी ने बताया कि उसके पुत्र अकबर अली की शादी पांच वर्ष पूर्व ज़रेलीमें हुई थी। दंपती की दो नाबालिग बेटियां हैं।

पीड़िता का आरोप है कि बहू आए दिन उसे और उसके परिवार के सदस्यों पर तानाकसीं करती है। नूरी के अनुसार उसका पुत्र मजदूरी के सिलसिले में अधिकांश समय बाहर रहता है। 17 दिसंबर की सुबह बहू ने मायके पक्ष के कई लोगों को बुला लिया और नूरी और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर घर में रखा सामान तोड़ दिया । हमलावर घर में रखे जेवरात,झुमके, नथनी, सोने का पेंडेंट, मांगपट्टी सहित अन्य आभूषण और 30 हजार रुपये नकद जबरन छीन ले गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि इस घटना के बाद उसके पुत्र का घर पूरी तरह उजड़ गया है और दोनों नाबालिग बेटियां मानसिक सदमे में हैं। नूरी ने बताया कि उसने 29 दिसंबर को थाना नवाबगंज में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** थाना शाही पुलिस ने 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि 2 जनवरी की शाम थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने बच्चों के साथ खेल रही 6 वर्षीय बच्ची को गांव के पास गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करके फरार हो गया था। पीड़िता की मां की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने टीमें लगाकर तलाश शुरू की थी। परिजनों द्वारा बताए गए शक के आधार पर पुलिस ने गांव के एक युवक को रविवार को औरंगाबाद गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक को बच्ची के सामने लाया गया, जिसे देखकर बच्ची घबरा गई और उसने आरोपी को पहचान लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह अविवाहित है और महिलाओं को फंसाने की कोशिश में रहता है। जब महिलाएं नहीं फंसती है तो है वह बच्चियों को अपना निशाना बनाता है। 2 जनवरी को उसने बच्ची को गन्ने के खेत में बिस्कुट का बहाना करके ले गया था और वहां दुष्कर्म किया।दुष्कर्म के बाद उसने बच्ची का गला दबाया, सांसे भी रुक गई, नाक से खून भी बहने लगा था।

गन्ने के खेत से वह अपना मुंह मफलर से ढक कर निकला और लंगड़ा कर चलने लगा जिससे उसे कोई पहचान न सके। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना शाही राजेश कुमार बैसला, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, हैड कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल राहुल शर्मा आदि रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, शिकायत

**शीशगढ़, अमृत विचार :** ग्राम ढकिया मिलक निवासी किशोरी के पिता ने शीशगढ़ थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले के अंकित गंगवार ने दो साल पहले बेटी को प्रेम जाल में फंसाया उसे शादी का झांसा दिया और कई बार शारीरिक संबध बनाये। शनिवार सुबह अंकित उनकी बेटी को घर से हाथ पकड़कर गांव के लोगों के सामने अपने घर ले गया। इस घटना के बाद किशोरी के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को हिरासत में लिया है।

# 15 दिन बाद 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** पडोसी परिवार ने एक महिला और उसकी बेटियों के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पीडिता ने घटना के 15 दिन बाद पड़ोसी 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला नई बस्ती अलीगंज अड्डा निवासी शबाना ने बताया कि बीती 19 दिसंबर की सुबह करीब 9 बजे पडोस के मोहम्मद अली, उनकी पत्नी मुर्शीदा, सबानुर डन्डे लेकर आ गये और उसे मारने पीटने लगे। चीख पुकार सुनकर उसकी बेटियां उसे बचाने आईं तो उन्हें भी मारा पीटा।

# सराफ की दुकान से महिला ने उड़ाये झाले, फरार

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार:** सराफ की दुकान से एक महिला झाले उड़ा ले गई। मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। कस्बे में बाजार रोड स्थित रजा ज्वैलर्स की दुकान पर सुबह एक महिला व युवक पहुंचे और सराफ से सोने के झाले और टॉप्स दिखाने को कहा। इस बीच सर्राफ ने महिला को कई झाले दिखाए।

बताया जाता है कि जालसाज महिला ने सराफ से नये डिजाइन के और भी झाले और टॉप्स दिखाने को कहा। महिला के साथ एक पुरुष भी था। वह भी टाप्स देखने में महिला का सहयोग कर रहा था। काफी देर तक टाप्स को देखने और उन्हें नापसंद करने के बाद एक टाप्स महिला को पसंद आ गया। तब दुकानदार को भी राहत हुई। पसंद आने पर 22 हजार रुपए कीमत के टॉप्स खरीदे और भुगतान कर दिया और वहां से चली गई। इधर सर्राफ ने अपना सामान रखते हुए देखा कि एक जोड़ी झाले कम हैं तो वह महिला के पीछे भागा लेकिन महिला तब तक बाजार से जा चुकी थी। तब उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो उसमें महिला एक जोड़ी सोने के झाले साथ आए युवक को देते दिखाई दे रही है।

### दिनदहाड़े इलेक्ट्रॉनिक दुकान से हीटर चुरा ले गई महिला

**नवाबगंज,अमृत विचार :** कस्बे के बिजौरिया मार्ग स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान से दिनदहाड़े चोरी हो गई। शनिवार दोपहर एक महिला दुकान के बाहर रखे सामान में से सन हीटर उठाकर मौके से फरार हो गई। पूरी घटना पास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नगर के बिजौरिया रोड पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक योगेश कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर दुकान के बाहर कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और मौका पाकर एक सन हीटर उठाकर चली गई। उस समय दुकानदार दुकान के अंदर मौजूद थे, इसलिए उन्हें तत्काल चोरी की जानकारी नहीं हो सकी। कुछ समय बाद जब दुकानदार ने बाहर रखा सामान समेटकर दुकान के अंदर रखा, तब उन्हें एक सन हीटर गायब होने का पता चला। इसके बाद रविवार को उन्होंने पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक महिला सन हीटर उठाकर ले जाती हुई साफ दिखाई दी। हालांकि दुकानदार की ओर से इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन चोरी का यह सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया गया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया।

# सेवानिवृत हवलदार से 5.82 लाख की कर ली ठगी

**शीशगढ़ ,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बूंची निवासी वायुसेना के सेवानिवृत हलवलदार ने जमीन खरीदवाने के आरोप में चार लोगों पर 5 लाख 82 हजार रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकद्मा दर्ज कराया है।

वायुसेना के सेवानिवृत हलवलदार कय्यूम खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने परिचित इज्जतनगर निवासी कल्लू खां से एक जमीन का 6 लाख रुपए में सौदा किया था। उन्होंने जमीन मालिक कल्लू खां को पांच लाख 82 हजार रुपये दे दिए। आरोप है कि उक्त कल्लू खां खरीदी गई जमीन को अब उनके नाम में कराने को तैयार नहीं है व रुपए वापस मांगने पर कल्लू खां, मौसम खां, सलमान व निसार ने उनके घर आकर उनपर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध मुकद्मा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अकेली किशोरी ने आग लगाकर दी जान

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी में किशोरी ने आग लगाकर जान दें दी।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।आत्म हत्या का कारण बताने से परिजन बच रहे है।

शनिवार देर रात गांव रसूला चौधरी निवासी नेत्रपाल की बेटी आरती (17) घर में अकेली थी।परिजन मोहल्ले में किसी कार्यक्रम में गए थे।चाचा महेन्द्र पाल ने बताया घर लौटे तो आरती के शरीर से लपटे निकल रही थी।किसी तरह कंबल डालकर आग पर काबू पाने के बाद बरेली अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड दिया।रात में ही पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।परिजन आत्म हत्या का कारण बताने से कतरा रहे है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया मामला संदिग्ध है।परिजन मौत का कारण नहीं बता पा रहे है। मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध असलाह के साथ फोटो किया पोस्ट

**आंवला, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से कस्बे के एक लडके पर अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फोटो अपलोड करने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी गयी है। जिसमें पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला गंज कुरेशियान निवासी एक लडके ने हाथ में अवैध हथियार ले कर सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाता है। वह असलाह रखकर समाज में अपना भय व्याप्त करना चाहता है। पदाधिकारियों ने साक्ष्य देकर उक्त मामले में कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान आशीष हिन्दू, वैभव शर्मा, विमल त्रिपाठी, शक्ति सिंह, दुर्गेश सक्सेना, अभय चौहान, प्रेम राजपूत, शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines अमृत विचार OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


## न्यूज डायरी

### आंवला में बदायूं सपा सांसद का हुआ भव्य स्वागत




**आंवला, अमृत विचार :** रविवार को बदायूं के सपा सांसद आदित्य यादव का आंवला क्षेत्र में सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सांसद ने खनगांवा श्याम गांव में एक प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर रामनगर व कस्बे में कार्यकर्ताओं को 2027 चुनाव की तैयारी के लिए प्रेरित किया। आंवला पहुंचते ही सपा कार्यकर्ताओं ने आंवला-बिसौली रोड के बॉर्डर पर सांसद का फूलमालाओं व नारों के साथ भव्य स्वागत किया। सांसद ने खनगांवा श्याम गांव में एक निजी उपकरण निर्माण फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राकेश गौड़ व राजेश गौड़ ने चांदी का मुकुट पहनाकर उनको सम्मानित किया। रामनगर गांव में सांसद का पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र सिंह यादव, अरविंद यादव, रामवीर सिंह यादव, अलोक यादव व इज्जत अली समेत ग्रामीण नेताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन आंवला कस्बे के पूर्व विधायक महिपाल सिंह यादव के कैंप कार्यालय पर हुआ। यहां महिपाल सिंह यादव व अमित राज सिंह यादव ने सांसद का स्वागत किया। सांसद आदित्य यादव ने सपाइयों को संबोधित करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने की अपील की तथा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप, स्मिता यादव, डॉ. इंद्रपाल सिंह, मशकूर खान, यशपाल सिंह, राजवीर सिंह, राकेश प्रताप सिंह, रईस अहमद, अफसर खां, अवधेश उपाध्याय, सुनील लोधी आदि मौजूद रहे।

### हजरत शाह निर्गुन मियां के कुल शरीफ में उमड़े जायरीन



**सिरौली, अमृत विचार :** नगर में चल रहे हज़रत सय्यद अकबर अली उर्फ शाह निर्गुन मियां उर्स में हज़रत के कुल शरीफ़ की रस्म अदा की गई जिसमे बड़ी तादात में जायरीनों का सैलाब उमड़ा। हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने कुल शरीफ़ में शिरकतकी। नातों मनकबत, इस्लाही ख़िताब, सलातो सलाम के साथ फातेहा ख्वानी हुई। फातिहा के बाद सभी जायरीनों के हाथ दुआं के लिए उठे। हजरत शाह निर्गुन मियां के कुल शरीफ़ में जायरीनों ने दिल खोल कर हिस्सा भी लिया वहीं दरगाह पर गुल व चादरपोशी की। उर्स कमेटी की तरफ से लंगर का इंतजाम किया गया।

### मेले में बिछड़े 5 वर्षीय मासूम को पुलिस ने परिवार से मिलाया

**सिरौली, अमृत विचार :** ग्राम केसरपुर निवासी सनी (5) अपने परिजनों के साथ सिरौली में उर्स के मेले की भारी भीड़ में परिवार से बिछड़ गया। पिर। मेले की भारी भीड़ के बीच मासूम बच्चा अचानक अपने परिजनों से बिछड़ गया। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चा नहीं मिला तो वे परेशान हो गये। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही मिशन शक्ति की टीम सक्रिय हो गई। उपनिरीक्षक रितु कदम ने बिना समय गंवाए मेले में सघन चेकिंग अभियान चलाया और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मासूम सनी को सकुशल तलाश कर परिजन को सौंप दिया। बच्चे को सकुशल देखकर परिजन खुशी से झूम उठे।




अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री अंजली कश्यप को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **किशन पाल पुत्र बेचेलाल नि. मो. महादेव थाना व तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम अंजली सिंह राठौर ANJALI SINGH RATHORE था। जिसे मैंने बदलकर अंजली राठौर ANJALI RATHORE कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **अंजली राठौर पत्नी संजय कुमार राठौर मो. बाकरजई शाहजहांपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चम्पा के स्थान पर चांदनी रख लिय है। भविष्य में मुझे चांदनी नाम से जाना व पहचाना जाये। **चम्पा पुत्री टीकाराम निवासी पुलिस लाइन्स, जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जालसाज ने ग्रामीण से 1.20 लाख ठगे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कृषि विभाग का कर्मचारी बताकर जालसाज ने एक ग्रामीण से 1.20 लाख रुपये ठग लिए। सोलर सिंचाई पंप के लिए किए गए आवेदन को लेकर व्हाट्सएप पर एक चालान फार्म भेजा गया और बताए गए खाते में रुपये ट्रांसफर करा लिए। कृषि विभाग जाकर जानकारी करने पर ठगी का पता चला। जहानाबाद पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में ग्राम शाही निवासी गौरीशंकर ने बताया कि उन्होंने सोलर सिंचाई पंप पांच हार्स पावर के लिए ऑनलाइन टोकन आवेदन किया था। इसके संबंध में 24 दिसंबर 2025 को उनके नंबर पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कृषि विभाग का कर्मचारी बताया। इस दौरान व्हाट्सएप के जरिए एक चालान फार्म भेजा और कहा कि इस फार्म में जो अकाउंट नंबर लिखा है, उसमें 120359 रुपये जमा करने होंगे। इसी के साथ सोलर सिंचाई पंप की फाइल कंप्लीट हो जाएगी। आरोपी की बातों में आकर 29 दिसंबर को रुपये की व्यवस्था कर बताए गए खाते में जमा कर दिए। 30 दिसंबर को दोबारा कॉल आई और कमीशन की मांग की जाने लगी।इसे लेकर जब कृषि विभाग जाकर जानकारी की गई तो पता चला कि ऐसी कोई प्रक्रिया विभागीय स्तर से अपनाई ही नहीं गईहै।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर नगर कीर्तन की रही गूंज

## नवाबगंज में कई स्थानों पर हुआ स्वागत, गतका पार्टी के सदस्यों ने जगह-जगह शस्त्र कला के करतब दिखाए

**संवाददाता, नवाबगंज।**

**अमृत विचार:** दसवें सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर रविवार को नवाबगंज कस्बे में श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुद्वारा हर गोविंद सिंह साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया,नगर कीर्तन के समापन के बाद गुरुद्वारे में देर शाम तक गुरु का अटूट लंगर चलता रहा।

नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालु पूरे मार्ग में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कीर्तन की शोभा बढ़ाने के लिए गतका पार्टी के सदस्यों ने जगह-जगह पारंपरिक शस्त्र कला के रोमांचक करतब दिखाए, जिन्हें देखकर लोग भावविभोर हो उठे। नगर कीर्तन के अग्रिम पंक्ति में पंच प्यारे केसरिया (पीले) वस्त्र धारण कर हाथों में तलवारें लिए चल रहे थे, जो सिख परंपरा और मर्यादा का प्रतीक बने रहे।



नगर कीर्तन में शामिल सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और विधायक डा. एमपी आर्या व अन्य। ● अमृत विचार



नगर कीर्तन के आगे चलते निहंग के सम्मान में श्रद्धा व्यक्त करती संगत।

पालकी साहिब के आगे मार्ग की शुद्धता के लिए जल छिड़काव किया जा रहा था, वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धा भाव से झाड़ू लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं। यह दृश्य सेवा, समर्पण और अनुशासन की मिसाल बन गया।

नगर कीर्तन का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार, लेखराज गंगवार,एडवोकेट नंदकिशोर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष बाबूराम, व्यापारी नेता प्रमोद आनंद, संजीव गुप्ता, सचिन रस्तोगी,श्रीपाल एडवोकेट,राजीव गुप्ता, जितेंद्र चड्डा, सपा विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सैंथल चेयरमैन कंबर एजाज़ शानू, जिला पंचायत सदस्य अरविंद गंगवार 'डब्लू', छेदा लाल दिवाकर, मुन्ना गंगवार, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार,नफीस अहमद गुड्डू सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पंच प्यारों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए गए स्टालों पर नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

नगर कीर्तन की अगुवाई गुरुद्वारा हर गोविंद सिंह साहिब के प्रधान सुरेंद्र सिंह, सचिव रघुवीर सिंह वीरे, खजांची करनैल सिंह, सर्वजीत सिंह मिंटू, अमरीक सिंह, सरदार बलविंदर सिंह, सरदार दिलबाग सिंह, बलविंद्र कौर, सर्वजीत कौर सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष संगत ने की। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार, उप निरीक्षक अभिषेक नागर पुलिस बल के साथ पूरे नगर कीर्तन में मौजूद रहे। शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुए इस आयोजन ने नगर में आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

### हिन्दू जागरण मंच के नेता को घेर कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**भुता, अमृत विचार:** गोकशी की सूचना पर मौके से लौटते समय हिदू जागरण मंच के ब्लाक संयोजक पर घात लगाए लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। मामले में 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

केसरपुर निवासी आशीष पटेल हिंदू जागरण मंच युवा विंग के ब्लॉक संयोजक हैं। वह गोकशी की सूचना पर सैदूपुर की तरफ गए थे। लौटते समय अपरान्ह तीन बजे केसरपुर सिंघाई मोड़ के पास बंद पेट्रोल पंप के सामने पहले से घात लगाए बैठे अंशु कटियार, वासु पटेल, हिमांशु ,रूपेश पटेल , हिमांशु कुमार, श्रीसंत व अज्ञात लोगों ने मोटरसाइकिल से उतार कर रोड से दूर सुनसान जगह पर ले जाकर उनकी लात घूसों से पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही गर्दन पर चाकू रखकर उसकी जेब में रखे दो हजार रुपये भी छीन लिये और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मामले की रिपोर्ट थाना भुता में 6 नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज करायी गई है। पुलिस मामले की जांच व हमलावरों की तलाश कर रही है।

## हादसे को बुलावा



**मीरगंज :** जमीन पर गले बिजली के पोल तो कई देखें होगें लेकिन सीमेंट का बीच से टूटा पोल पहली बार देख रहे होंगे। यह पोल शाही – मीरजापुर मार्ग पर बिजली का पोल बीच से टूटा है। बिजली अफसरों को इसकी सुध नहीं है। जिम्मेदारों की नींद तब टूटेगी जब यहां कोई हादसा हो। तब अफसर जवाब देंगे कि पोल बदलने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जा चुका है। लेकिन जनता सुरक्षित इस मार्ग से गुजरे इसका प्रयास नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि इस मार्ग से गुजरने वाले लोग टूटे बिजली पोल के पास से सावधानी से गुजर रहे हैं। टूटा बिजली का पोल अपने ऊपर 11 हजार वोल्ट की लाइन को संभाले है । हाईटेंशन लाइन होने से आवागमन करने वाले राहगीरों में गंभीर हादसा होने की आशंका बढ़ रही है। अवर अभियंता से टूटे बिजली पोल की वास्तविकता जानने का प्रयास किया गया तो पता चला कि रविवार को अवकाश पर जेई फोन नहीं उठाते हैं।

# ज्वेलर्स की दुकान से 28 लाख के जेवरात चोरी

**संवाददाता, तिलहर**

- दुकान के नौकर पर दर्ज हुआ मुकदमा, जांच तेज

**अमृत विचार :** ज्वेलर्स की दुकान से करीब 28 लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी होने के मामले में पुलिस ने दुकान के नौकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। व्यापारियों में आक्रोश है और घटना के शीघ्र खुलासे की मांग उठी है।

दातागंज मोहल्ला निवासी शैलेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनकी मुख्य बाजार में रजिस्टर्ड ज्वेलर्स की दुकान है। 18 अक्टूबर 2025 से मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी भरत गंगवार उनकी दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान दुकान से करीब 180 ग्राम सोने के जेवरात चोरी हो गए। 26 दिसंबर के बाद से भरत दुकान पर नहीं आया, जिससे उस पर चोरी का शक गहराने लगा। सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर भी उसकी कुछ गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जब भरत के घर जाकर जानकारी की गई तो पता चला कि वह कई दिनों से अपने दोस्तों के साथ बाहर घूमने गया है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी नौकर भरत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है। जेवरात चोरी की घटना को लेकर यह भी चर्चा है कि पुलिस ने शनिवार रात मीरानपुर कटरा और तिलहर क्षेत्र के कई व्यापारियों को पकड़कर आने-पौने दाम पर गिरवी रखे गए कुछ जेवरात बरामद किए हैं। रविवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने व्यापारी शैलेंद्र अग्रवाल के साथ कोतवाल जुगल किशोर पाल से मुलाकात की। व्यापारी नेताओं ने घटना का शीघ्र खुलासा करने और निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग रखी। कोतवाल ने 24 घंटे के भीतर घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

# हजरत हिदायत शाह का उर्स संपन्न



ग्राम बकैनिया में उर्स में शिरकत करते उलेमा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हाफिजगंज**

**अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम बकानिया में स्थित हजरत हिदायत शाह वाली रहमतुल्लाह अलैह का 132वां उर्स रविवार को चादरपोशी के बाद संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस उर्स का आयोजन एक जनवरी से किया जा रहा था, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने शिरकत की।

दो और तीन जनवरी की शाम को कव्वाली का भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे चादरपोशी की रस्म अदा की गई, जिसके बाद उर्स पाक का समापन हुआ। इस मौके पर फातिमा मस्जिद बकानिया के इमाम हजरत इसरार अहमद साहब ने देश और प्रदेश में अमन, शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शहंशाह अंसारी ने बताया कि हजरत हिदायत शाह वाली की मजार पर सभी जाति और धर्म के लोग श्रद्धा के साथ आते हैं, जो आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल है।

इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रबंधक मोहम्मद अहमद, डॉ. जाकिर हुसैन, मोहम्मद फारूक टाइगर, डॉ. हामिद अंसारी, पूर्व प्रधान मास्टर मोहम्मद यूसुफ, कैसर अली, मोहम्मद शकील, शकील अहमद (जयपुर वाले), रहासुद्दीन, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद यासीन, सरदार सुखदेव सिंह, राजेश कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान संजय गंगवार सहित कमेटी के अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने विधायक को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, आंवला**

**अमृत विचार :** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को कैम्प कार्यालय पर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान मंत्री ने फरीदपुर के विधायक श्याम बिहारी लाल के निधन पर शोकसभा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों के साथ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मंत्री ने एसडीएम आंवला विदुषी सिंह, तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा और क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार के साथ बैठक कर क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जनहित से जुड़ी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने पर बल दिया।



शिविर कार्यालय में शोकसभा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### विधायक के निधन पर भाजपाइयों ने जताया दुख

**सैंथल :** फरीदपुर विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन पर सैंथल स्थित भाजपा कार्यालय में एक शोकसभा हुई। इसमें दिवंगत विधायक की आत्मा की शांति और उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर नीतीश उपाध्याय, चौधरी, मुकेश शर्मा, मगन जैदी, सेवाराम मौर्य, याकूब जैदी, मोहद्दिस मेहंदी, हसन मियां, अर्जुन सिंह, धीरज शर्मा, अजीत सागर और इतवारी लाल आदि रहे।

### फोटो लोड करते ही हैंग हुआ मोबाइल उड़ाए 4.34 लाख

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पूरनपुर कोतवाली में दी तहरीर में मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर एक के निवासी मुनीष कुमार जायसवाल ने बताया कि वह शराब के ठेके पर सेल्समैन हैं। 29 दिसंबर को उनके नंबर पर अंजान व्यक्ति ने मैसेज भेजकर जान पहचान बढ़ाने का प्रयास किया। उसने कहा कि बहन की शादी तय हो गई है, घर आ जाओ। जब उसको पहचानने से इनकार किया तो उसने व्हाट्सएप पर ही एक फोटो शेयर किया। उस फोटो को डाउनलोड करने के दौरान मोबाइल हैक हो गया और फिर एचडीएफसी बैंक पूरनपुर शाखा के खाते से 4.34 लाख रुपये ठग लिए। इसकी उस वक्त साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# छुट्टा गोवंश से बाल-बाल बचा युवक

**संवाददाता, मीरगंज**

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर - शाही रोड पर शाही पुल के पास रविवार शाम छुट्टा गौवंश के झुंड में बाइक सवार फंसकर बाल बाल बच गया। खेत में लगी फसल को नुकसान पहुंचाकर बाहर निकलकर गोवंश आपस में लड़ रहे थे।

आसपास के ग्रामीणों एवं नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों ने बताया कि छुट्टा गौवंश किसानों के गेहूं,लाही और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छुट्टा गोवंशों की समस्या बढ़ती जा रही है।क्षेत्र में आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और किसानों की फसलें भी नष्ट हो रही हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है, लेकिन प्रभावी उपाय अभी तक नहीं हुए हैं। क्षेत्र में छुट्टा गोवंशों की समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। नगर पंचायत शाही से लेकर गांवों तक खेतों से लेकर हाईवे तक बेसहारा गोवंशों के झुंड घूमते देखे जा सकते हैं।



खेत से फसलों को नुकसान करके निकलते पशुओं के बीच फंसा बाइक सवार।

- आवारा पशु खेतों में फसलों को कर रहे नुकसान किसान परेशान

मिर्जापुर बाजार में सांड़ों का लड़ना एक आम दृश्य बन चुका है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में अचानक उग्र होते सांड़ लोगों को घायल करने के साथ ही दुकानों की सामग्री भी फेंक देते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से आवारा गोवंशों को पकड़वाने और गोशालाओं में भेजने की शिकायत की, लेकिन प्रभावी समाधान अभी तक नहीं मिल पाया है।

### डीआरएम ने लगाई जिम्मेदारों को फटकार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रेलवे जंक्शन पर चल रहे अमृत योजना के कार्यों की हकीकत उस वक्त सामने आ गई, जब डीआरएम के औचक निरीक्षण में स्टेशन परिसर में निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार दिखी। अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए डीआरएम ने संबंधित इंजीनियरों और गतिशक्ति इकाई को कड़ी फटकार लगाई। चेतावनी दी कि सौंदर्यीकरण के नाम पर लापरवाही और ढिलाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्ष 2023 में इज्जतनगर मंडल की 10 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया था। इसमें पीलीभीत के रेलवे जंक्शन को शामिल किया गया था। योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे जंक्शन का पुनर्विकास का खाका तैयार किया गया।

# जिला मिशन प्रबंधक पर 50 हजार रिश्वत लेने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** जिला ग्रामीण आजीविका मिशन (डीआरएलएम) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। आईपीआरपी (इंटीग्रेटेड प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन) के चयन के नाम पर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में तत्कालीन जिला मिशन प्रबंधक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के जन शिकायत पोर्टल (आईजीआरएस) पर दर्ज शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद की गई है।

उपायुक्त स्वतः रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक फूलबेहड़ की ब्लॉक मिशन मैनेजर सीमा सिंह मौर्य एवं प्रवीत उमराव ने मुख्यमंत्री के जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जिला ग्रामीण आजीविका मिशन में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आईपीआरपी पद पर चयन कराने के लिए तत्कालीन जिला मिशन प्रबंधक कासिम अली ने 50 हजार रुपये की अवैध वसूली की है।



विकास भवन।

- आईजीआरएस पर दर्ज शिकायत की जांच के दौरान हुआ खुलासा रिपोर्ट दर्ज

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसमें जिला विकास अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को शामिल किया गया था। जांच टीम ने संबंधित अभिलेखों, चयन प्रक्रिया एवं शिकायतकर्ता के बयान का परीक्षण किया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि विकास खंड निघासन के गांव जगनपुरवा मजरा लुधौरी निवासी समूह सखी अमन देवी पत्नी जयपाल सिंह से आईपीआरपी पद पर चयन कराने के लिए 50 हजार रुपये की राशि ली गई थी।

> उपायुक्त स्वत : रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्रा की तहरीर पर आरोपी जिला मिशन प्रबंधक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपी गई है।
> **-राजेश कुमार सिंह**, शहर कोतवाल।

जांच पूरी होने के बाद दोनों अधिकारियों द्वारा संयुक्त जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक, लखनऊ को भेजी गई। रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने के बाद निदेशक ने तत्काल प्रभाव से कासिम अली से संबंधित आउटसोर्सिंग फर्म की सेवाएं समाप्त कर दीं। साथ ही आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने का आदेश जारी किया। निदेशक के निर्देश के क्रम में उपायुक्त स्वतः रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्रा ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

# लापता तीन नाबालिगों की ग्वालियर में मिली बाइक

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- पीलीभीत से भेजी गई पुलिस टीम, कई होटल में ठहरने के मिले सुराग
- छह दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुए थे दो छात्र और एक छात्रा

**अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से लापता हुए तीन नाबालिगों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच की कड़ी अब उत्तर प्रदेश से निकलकर मध्य प्रदेश तक पहुंच गई है। पुलिस को ग्वालियर में तीनों की बाइक मिलने से अहम सुराग हाथ लगे हैं। यह भी स्पष्ट हुआ है कि नाबालिग योजनाबद्ध तरीके से घर से निकले थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम को ग्वालियर भेजा गया है, जहां होटल, ढाबों और संभावित ठिकानों पर छानबीन की जा रही है।

मामला थाना सुनगढ़ी क्षेत्र का है। यहां का 17 वर्षीय किशोर 29 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गया। परिजनों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो उसकी बाइक और मां का मोबाइल भी गायब मिला। मोबाइल से पेटीएम के जरिए लेन-देन होता था, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। इसी दौरान जानकारी सामने आई कि उसी क्षेत्र की एक कॉलोनी का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर भी उसी समय घर से लापता है।

बताया गया कि वह घर से करीब पौने दो लाख रुपये नकद लेकर निकला था। दोनों किशोरों के परिजन थाना सुनगढ़ी पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो एक किशोर द्वारा ले जाए गए मोबाइल से पेटीएम के जरिए किए गए भुगतान का सुराग मिला। जिस नंबर पर भुगतान हुआ, उसे ट्रेस करने पर वह नंबर थाना क्षेत्र की ही एक किशोरी का निकला। पुलिस जब किशोरी के घर पहुंची तो परिजनों ने बताया कि वह भी 29 दिसंबर की सुबह 4 बजे से लापता है। जांच में यह भी सामने आया कि तीनों नाबालिग पिछले वर्ष तक एक ही स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ते थे। इस वर्ष किशोरी के पिता ने उसका नाम कटवाकर दूसरे स्कूल में दाखिला करा दिया था। पुलिस के अनुसार, जिस स्कूल में दोनों किशोर पढ़ते थे, वहां 30 दिसंबर को पैरेंट्स-टीचर मीटिंग प्रस्तावित थी। इसी को लेकर भी पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच में जुटी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि जो बाइक लेकर किशोर गए थे। वह बाइक ग्वालियर में लावारिस हालत में मिली है। जिसकी सूचना वहां से पीलीभीत पुलिस को मिली। इसको लेकर एक टीम को ग्वालियर रवाना किया गया। वहां कई होटलों में ठहरने से जुड़े इनपुट मिलने पर पुलिस आसपास के इलाकों, सीसीटीवी फुटेज और संपर्क सूत्रों को खंगाल रही है। हालांकि अभी तक टीम को बच्चों का पता नहीं चल सका है।

> दो किशोर और एक किशोरी की सुरागरसी के लिए टीमें लगी हुई है। उनकी बाइक ग्वालियर में मिली है। जिसके आधार पर आगे छानबीन की जा रही है। तीनों नाबालिगों की सकुशल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। **– नरेश त्यागी**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

अमृत विचार

बरेली, सोमवार,5 जनवरी 2026 विविध

## न्यूज ब्रीफ

### तीन मार्च को तिरुमला मंदिर 10 घंटे बंद रहेगा

**तिरुपति।** चंद्र ग्रहण के कारण भगवान वेंकटेश्वर का तिरुमला मंदिर तीन मार्च को सुबह नौ बजे से शाम साढ़े सात बजे तक श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। मंदिर प्रशासन ने रविवार को कहा कि ग्रहण के बाद शुद्धि अनुष्ठान पूरे होने के बाद मंदिर श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया जाएगा और श्रद्धालु रात साढ़े आठ बजे फिर से दर्शन कर पायेंगे। इस तरह मंदिर 10 घंटे से ज़्यादा समय तक बंद रहेगा। चंद्र ग्रहण लगभग साढ़े तीन घंटे तक रहने की उम्मीद है, जो अपराह्न 3 .20 बजे से शाम 6 .47 बजे तक रहेगा। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने श्रद्धालुओं से चंद्र ग्रहण के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### शोक संदेश के लिए मोदी को दिया धन्यवाद

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गए शोक संदेश के लिए आभार व्यक्त किया और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को याद किया। बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं एवं बीएनपी की वरिष्ठ नेता जिया का 30 दिसंबर को निधन हो गया था। बीएनपी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी आपके शोक संदेश और श्रद्धांजलि के लिए हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। बांग्लादेश-भारत संबंधों में बेगम खालिदा जिया के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### नेपाल की पीएम के पति इलाज को भारत जाएंगे

**काठमांडू।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुबेदी इलाज के लिए भारत जाएंगे। यह जानकारी अस्पताल के अधिकारियों ने रविवार को यहां दी। सुबेदी कई बीमारियों से पीड़ित हैं। सुबेदी को मूत्र मार्ग में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण गुरुवार को महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. गोपाल सेधाई ने बताया कि सुबेदी का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए भारत जाने की सलाह दी है। सुबेदी को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनका हाल ही में प्रोस्टेट ऑपरेशन हुआ था।

## दक्षिण कोरियाई की भारतीय महिला मित्र ने की हत्या

**नोएडा, एजेंसी**

- लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला ने चाकू से किया हमला

उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में रविवार को एक दक्षिण कोरियाई नागरिक की कथित तौर पर सहजीवन में रह रही भारतीय महिला ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जिला पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि नॉलेज पार्क पुलिस थाना को जिम्स (राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान) अस्पताल से सूचना मिली कि एक विदेशी नागरिक को मृत अवस्था में लाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान दक्षिण कोरियाई नागरिक 47वर्षीय डक ही युह के रूप में हुई है, जो गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर 150 स्थित एटीएस पायस हाइडअवेज में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि युह को मणिपुर की मूल निवासी एवं करीब 20-वर्षीय लुंजेना पामई अस्पताल लेकर आई थी, जो काफी समय से उसके साथ सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) में रह रही थी। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि महिला ने कथित तौर पर चाकू से पुरुष पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

### भारत में मानसिक स्वास्थ्य : इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी ने उपचार अंतराल अधिक रहने पर जताई चिंता

# देश में 80% से अधिक मनोरोगियों को वक्त पर इलाज नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वैश्विक स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक को नहीं मिलता इलाज

इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी (आईपीएस) ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य उपचार अंतराल के लगातार बहुत अधिक बने रहने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मनोरोग से पीड़ित लगभग 80-85 प्रतिशत लोगों को समय पर या उचित देखभाल नहीं मिल पाती है। इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी के 77वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन (एएनसीआईपीएस 2026) के पूर्व एक कार्यक्रम के दौरान यह तथ्य उजागर किया। यह सम्मेलन 28 से 31 जनवरी तक दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेताया है कि उपचार में प्रगति और बढ़ती जागरूकता के बावजूद, मानसिक बीमारी से पीड़ित अधिकांश लोग औपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से बाहर रह जाते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में उपचार अंतराल सबसे व्यापक अंतरालों में से एक है, जहां सामान्य मानसिक विकारों से पीड़ित 85 प्रतिशत से अधिक लोग उपचार नहीं करवा रहे हैं या उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

वैश्विक संदर्भ में, मानसिक बीमारी से पीड़ित 70 प्रतिशत से अधिक लोगों को प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों से देखभाल नहीं मिल पाती है, और कम आय वाले कई देशों में जरूरतमंद लोगों में से 10 प्रतिशत से भी कम लोग वास्तव में आवश्यक उपचार प्राप्त कर पाते हैं। भारत, अपनी विशाल जनसंख्या और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सीमित अवसंरचना के कारण इस चुनौती के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना हुआ है। आईपीएस की अध्यक्ष डॉ. सविता मल्होत्रा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य विकार का आसानी से उपचार हो सकता है फिर भी भारत में अधिकांश मरीज चुपचाप पीड़ा सहते रहते हैं। 80 प्रतिशत से अधिक लोगों को समय पर मनोरोग संबंधी देखभाल न मिलना, लांछन, जागरूकता की कमी और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के अपर्याप्त एकीकरण को दर्शाता है।

### देखभाल में देरी होने से गंभीर और दीर्घकालिक हो जाती है बीमारी

आयोजन समिति के अध्यक्ष और मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान(इहबास) के पूर्व निदेशक डॉ. निमेष जी. देसाई ने कहा कि जब मनोरोग संबंधी देखभाल में देरी होती है तो बीमारी अक्सर अधिक गंभीर और दीर्घकालिक हो जाती है, जिससे अधिक परेशानी, पारिवारिक संकट, उत्पादकता में कमी और आत्मविश्वास खोना और आत्महत्या का खतरा काफी बढ़ जाता है। देसाई ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को भी शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही गंभीरता और तत्परता से संबोधित किया जाना चाहिए। सामुदायिक सेवाओं को मजबूत करना, प्राथमिक देखभाल डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना और रेफरल प्रणालियों में सुधार करना इस अस्वीकार्य उपचार अंतर को पाटने के लिए आवश्यक कदम हैं।

# उत्तर भारत में और बढ़ा सर्दी का प्रकोप, कोहरे ने बढ़ाई परेशानी

### मौसम विभाग ने जताई कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में हिमपात की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उत्तर भारत में रविवार को सर्दी का प्रकोप और बढ़ गया, राजधानी में दिन का तापमान गिर गया और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कोहरे के कारण दृश्यता बाधित रही। कश्मीर में भी तापमान शून्य से नीचे बना रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में घाटी के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। राजस्थान में सुबह के दौरान कई स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिसमें सीकर जिले के फतेहपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने पांच और छह जनवरी को उत्तरी और मध्य कश्मीर के ऊंचे इलाकों और हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है। अगले तीन दिनों में मध्य और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान गिरेगा।



सर्दी और कोहरे के बीच नई दिल्ली के विजय चौक पर गणतंत्र दिवस परेड से पहले पूर्वाभ्यास करते राष्ट्रपति के अंगरक्षक। • एजेंसी

#### उत्तराखंड में कुछ जगहों पर पाला संभव

मौसम विभाग ने पांच और छह जनवरी को उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर पाला पड़ने की भी संभावना जताई है। इसमें कहा गया है कि अगले पांच दिनों में गुजरात में न्यूनतम तापमान बढ़ने की संभावना है। भारत के शेष हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने का पूर्वानुमान नहीं है।

#### कश्मीर में शून्य से नीचे तापमान

कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे बना रहा और घाटी भर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3 .2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो एक रात पहले के शून्य से 1 .5 डिग्री सेल्सियस नीचे से काफी कम है। कश्मीर में इस समय चिल्ला-ए-कलां का प्रकोप जारी है, जो सर्दियों का सबसे भीषण 40 दिनों का मौसम होता है। इस दौरान रात में तापमान अक्सर हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे गिर जाता है। हालांकि, घाटी के मैदानी इलाकों में इस मौसम में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है।

## जीवंत सभ्यता और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाती है तेलुगु

**गुंटूर (आंध्र प्रदेश)।** मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल ने रविवार को कहा कि तेलुगु महज एक भाषा नहीं , बल्कि गहरी आध्यात्मिक विरासत वाली एक जीवंत सभ्यता है। गुंटूर जिले में आयोजित तीसरे विश्व तेलुगु सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोखूल ने इसे विश्वभर के तेलुगु भाषी समुदायों को एकजुट करने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन बताया। सभा को संबोधित करते हुए गोखूल ने कहा कि तेलुगु मात्र एक भाषा नहीं है<bha>;</bha> यह एक जीवंत सभ्यता का प्रतीक है और एक गहन आध्यात्मिक विरासत को समेटे हुए है।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन 2026 की शुरुआत में हो रहा है, जो परंपरागत रूप से चिंतन और नवीनीकरण का प्रतीक है। उन्होंने इसे मॉरीशस में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाए जाने वाले उगादी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि तेलुगु एक क्षेत्रीय भाषा से विकसित होकर अब वैश्विक पहचान बना चुकी है और वर्तमान में 50 से अधिक देशों में बोली जाती है। उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग ले रहे लगभग 50 देशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत भी किया।

## पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्ष भी आएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को यहां राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 से 17 जनवरी तक संविधान सदन के 'सेंट्रल हॉल' में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के चार दिवसीय सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करेंगे। पिछले वर्ष ग्वेर्नसे में आयोजित सीएसपीओसी में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि भारत में होने वाले सम्मेलन का मुख्य ध्यानाकर्षण संसदों के कामकाज में कृत्रिम मेधा (एआई) और सोशल मीडिया के उपयोग पर रहेगा।

सम्मेलन के दौरान संसद में एआईः नवाचार, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन, सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव तथा संसद सदस्यों और संसदीय कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका' विषय पर एक विशेष पूर्ण सत्र सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण होगा।

पीठासीन अधिकारी संसद के प्रति जन-सामान्य की समझ बढ़ाने और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नवोन्मेषी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। सीएसपीओसी राष्ट्रमंडल के स्वतंत्र और संप्रभु देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों को एक साझा मंच पर लाता है।

## रेलवे स्टेशन पर भीषण आग सैकड़ों दोपहिया वाहन खाक

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**



- केरल के त्रिशूर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में हुए हादसे की जांच शुरू

केरल के त्रिशूर में रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रविवार को आग लग जाने से सैकड़ों दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस की प्राथमिकी में कहा गया है कि लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए, लेकिन दक्षिणी रेलवे ने अपने बयान में कहा कि लगभग 250 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि पार्किंग क्षेत्र में सुबह छह बजकर 20 मिनट पर आग लगी और इस संबंध में अग्निशमन विभाग को छह बजकर 40 मिनट पर जानकारी मिली। शुरू में पुलिस और दमकल कर्मियों को संदेह जताया कि बिजली के तार से निकली चिंगारी किसी ढके हुए दोपहिया वाहन पर गिरने से आग लगी होगी।

रेलवे ने अपने बयान में दावा किया कि आग ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) या रेलवे के किसी विद्युत उपकरण से नहीं लगी थी। रेलवे ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग खड़े दोपहिया वाहनों में से किसी एक से लगी। अनुमान है कि शेड में लगभग 500 दोपहिया वाहन खड़े थे, जिनमें से अधिकतर इस घटना में जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पांच दमकल गाड़ियां भेजी गईं और सुबह करीब 7.45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक आग फैलने और आगे नुकसान होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए। अधिकारी ने कहा कि आग जिस जगह लगी, उसके पास रेलवे पटरी पर एक इंजन खड़ा था लेकिन रेलवे ने उसे कोई बड़ा नुकसान होने की पुष्टि नहीं की। अधिकारी ने बताया कि दोपहिया वाहनों के अलावा टिन की चादरों से ढका पूरा शेड भी आग में क्षतिग्रस्त हो गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## आंध्र में पूर्व सैन्यकर्मी ने की आत्महत्या

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में एक पूर्व सैन्यकर्मी ने आत्महत्या कर ली। रेलवे पुलिस ने मृतक की पहचान एन वेंकट रमन (64) के रूप में की है, जिन्होंने सेना में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्ति के बाद विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र प्लांट (वीएसपी) में काम करना शुरू किया और बाद में गजुवाका में एक सुपरमार्केट का संचालन किया। एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को वाल्टेयर डिवीजन के अंतर्गत दुव्वाडा रेलवे स्टेशन पर रमन ने रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि रमन प्लेटफार्म पर खड़े थे तभी बेंगलुरु जाने वाली एक ट्रेन के आने से पहले वह पटरी पर लेट गए। ट्रेन उनके ऊपर से गुजर गई जिससे उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चल है कि रमन कर्ज और पारिवारिक समस्याओं के कारण गंभीर वित्तीय तनाव और अवसाद से ग्रस्त थे, हालांकि कर्ज की सही राशि का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारी के अनुसार, रमन की एक बेटी वर्तमान में जेल में बंद है।

## भूमि से जुड़ी प्रशासन संबंधी प्रक्रियाएं होंगी सरल-पारदर्शी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- नामांतरण व लैंड यूज चेंज की प्रक्रिया होगी पूरी तरह डिजिटल

**अमृत विचार :** प्रदेश में भूमि से जुड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भू-स्वामित्व नामांतरण (धारा-34) और लैंड यूज चेंज (धारा-80) की प्रक्रियाओं का डिजिटल सरलीकरण किया जा रहा है। यह व्यवस्था राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म के माध्यम से लागू होगी, जिसे फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

डिजिटल पहल से किसानों, भू-स्वामियों, उद्यमियों और निवेशकों को दफ्तरों के चक्कर लगाने और अनावश्यक कागजी कार्रवाई से राहत मिलेगी। ऑनलाइन प्रणाली के कारण न सिर्फ निर्णय प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयास से भू-संपत्ति हस्तांतरण के बाद नामांतरण की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जा रहा है। खसरा-खतौनी, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य आवश्यक दस्तावेज अब एक ही बार ऑनलाइन अपलोड किए जा सकेंगे। डिजिटल डेटा फ्लो से अभिलेखों की स्वतः जांच होगी, जिससे बार-बार फॉर्म भरने और लेखपाल की आख्या का इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कृषि भूमि को गैर-कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने की प्रक्रिया भी अब ऑनलाइन होगी। एक ही आवेदन फॉर्म में भूमि की स्थिति, मौजूदा उपयोग और आसपास के क्षेत्र की जानकारी ली जाएगी।

अनावश्यक औपचारिकताओं को समाप्त कर डिजिटल जांच व्यवस्था लागू की जा रही है। नामांतरण और लैंड यूज चेंज से जुड़े नोटिस अब डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। प्रक्रिया पूरी होने पर प्रमाणपत्र भी कुछ ही दिनों में ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेंगे।

## ट्रंप ने अमेरिका में प्रवासियों के संदर्भ देशों की जारी की सूची

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



- दुनिया के 120 देशों और क्षेत्रों की सूची में भारत शामिल नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पाकिस्तान, भूटान, चीन, बांग्लादेश और नेपाल सहित कई देशों की सूची जारी की, जिसमें इन देशों से आने वाले प्रवासियों को मिलने वाली कल्याण और सहायता की दरों को उजागर किया गया है। हालांकि, इस सूची में भारत का नाम नहीं है। द इमिग्रेंटस वेल्फेयर रिसिपियंट रेट्स बाय कंट्री ऑफ ऑरिजन नामक सूची में विश्व के लगभग 120 देशों और क्षेत्रों को शामिल किया गया है जिनके प्रवासियों को अमेरिका में सहायता प्राप्त होती है। भारत इस सूची में शामिल नहीं है।

ट्रंप द्वारा 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किए गए चार्ट में प्रवासियों के जन्म वाले देश और सहायता प्राप्त करने वाले प्रवासी परिवारों के प्रतिशत को दर्शाया गया है। इस सूची में बांग्लादेश भी शामिल है, जहां से आने वाले प्रवासी परिवारों में से 54.8 प्रतिशत को सहायता प्राप्त होती है। इसके अलावा पाकिस्तान (40.2 प्रतिशत), नेपाल (34.8 प्रतिशत), चीन (32.9 प्रतिशत) और इज़राइल/फलस्तीन (25.9 प्रतिशत), यूक्रेन (42.7 प्रतिशत) और एशिया (अन्यत्र वर्गीकृत नहीं/निर्दिष्ट नहीं) के नाम भी शामिल हैं। आंकड़ों से पता चला है कि अमेरिका में प्रमुख जातीय समूहों में भारतीय-अमेरिकियों की औसत घरेलू आय सबसे अधिक है।

**एशियाई मूल की आबादी में 21 प्रतिशत भारतीय :** प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, भारतीय अमेरिकी लोग अमेरिका में रहने वाली एशियाई मूल की दूसरी सबसे बड़ी आबादी हैं, जो देश की एशियाई आबादी का लगभग 21 प्रतिशत हैं। वर्ष 2023 में भारतीय प्रवासी मुखिया वाले परिवारों की औसत वार्षिक आय 1,51,200 अमेरिकी डॉलर थी। एशियाई मूल के परिवारों में यह कुल मिलाकर 1,05,600 अमेरिकी डॉलर थी।

#### भारतीय-अमेरिकियों की औसत आय सबसे अधिक

भारतीय प्रवासी मुखिया वाले परिवारों की औसत वार्षिक आय अमेरिकी मूल के भारतीय मुखिया वाले परिवारों की तुलना में अधिक थी (1,56,000 अमेरिकी डॉलर बनाम 1,20,200 अमेरिकी डॉलर)। प्यू के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 16 वर्ष और इससे अधिक आयु के भारतीय अमेरिकियों की औसत वार्षिक व्यक्तिगत आय 85,300 अमेरिकी डॉलर थी, जो कि समग्र रूप से एशियाई लोगों की (52,400 डॉलर) तुलना में अधिक थी।



### कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर बरेली

#### निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भीकमपुर विकास खण्ड बिथरी चैनपुर बरेली में मनरेगा व ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट का रोड़ा, महीन रेता, प्रथम ईट, सरिया आदि की सीलबंद निविदायें दिनांक 08.01.2026 को समय 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदायें उसकी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिन दिनांक 08.01.2026 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | सादिक दुकानदार के घर से बाबू कारीगर के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 170000रू. |
| 2. | मोहसिन के घर से जीलानी के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 190000रू. |
| 3. | जावेद के घर से राजू के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 140000रू. |
| 4. | कोका के घर से खुर्शीद के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 140000रू. |
| 5. | वाजिद के चबूतरे से असगर अली के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 200000रू. |
| 6. | रियासत के घर के पीछे से सरताज के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 150000रू. |
| 7. | नौसे के घर से नन्हें ड्राइवर के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 100000रू. |
| 8. | सामुदायिक अस्पताल के सामने व दोनों तरफ सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 400000रू. |

ग्राम प्रधान
मो. आरिफ

सचिव
श्री मोरपाल गंगवार



**पहल** — जिलों के विशिष्ट व पारंपरिक व्यंजनों को मिलेगी संगठित पहचान

# क्यूजीन क्लस्टर मॉडल से बदलेगी खाद्य अर्थव्यवस्था

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- सभी 18 मंडलों में क्यूजीन क्लस्टर विकसित करने की तैयारी

**अमृत विचारः** प्रस्तावित वन डिस्ट्रिक्ट-वन क्यूजीन (ओडीओसी) मॉडल के तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों में क्यूजीन क्लस्टर विकसित किए जाने की तैयारी है। इसका उद्देश्य हर जिले के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान देना, आधुनिक सुविधाओं से लैस करना और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है।

क्यूजीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों के प्रमुख व्यंजनों को चिन्हित कर गुणवत्ता मानकों, आधुनिक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन के जरिए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाएगा। इससे पारंपरिक स्वाद सुरक्षित भी रहेंगे और आधुनिक उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप प्रस्तुत भी हो सकेंगे। यह मॉडल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

ओडीओसी मॉडल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादकों को एफएसएसएआई अनुपालन, ब्रांडिंग सपोर्ट और मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद विकसित कर सकें।

क्यूजीन क्लस्टर आधारित विकास से प्रदेश में रोजगार सृजन, स्थानीय निवेश और फूड टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। होटल, रेस्टोरेंट और प्रमुख धार्मिक-पर्यटन स्थलों पर ओडीओसी क्यूजीन को प्रमोट किया जाएगा। यह पहल पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देने के साथ ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को मजबूती प्रदान करेगी और यूपी को एक उभरते फूड डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में स्थापित करेगी। सरकार इस पहल के जरिए फूड स्टार्टअप, एमएसएमई, महिला स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त करने पर जोर दे रही है। क्यूजीन क्लस्टर में फूड प्रोसेसिंग यूनिट, आधुनिक पैकेजिंग, कोल्ड चेन, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं और कौशल प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे। इससे युवाओं और महिलाओं के लिए उद्यमिता के नए अवसर सृजित होंगे।

#### प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन बनेंगे फूड ब्रांड



ओडीओसी के तहत आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का समोसा और विभिन्न क्षेत्रों के लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों को राज्य स्तरीय फूड ब्रांड के रूप में विकसित करने की योजना है। ये व्यंजन अब केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, फूड फेस्टिवल, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और पर्यटन स्थलों के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेंगे।

## सऊदी समर्थित बलों का मुकाला पर फिर नियंत्रण

**अदन।** सऊदी अरब के समर्थन वाले बलों ने रविवार को यमन के हदरामोउत प्रांत की राजधानी मुकाला पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया। पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात समर्थित दक्षिणी अलगाववादी संगठन ने इस अहम बंदरगाह शहर पर कब्जा कर लिया था। समाचार एजेंसी एपी की ओर से जारी वीडियो फुटेज में सऊदी समर्थित और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त नेशनल शील्ड फोर्सेज के लड़ाके हथियारों से लदे वाहनों में मुकाला की सड़कों से गुजरते और शहर के लोग उनका स्वागत करते नजर आ रहे हैं। मुकाला पर नेशनल शील्ड फोर्सेज के लड़ाकों ने शहर पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया।

## नेशनल ब्रीफ

### ओडिशा : पत्थर की अवैध खदान में चट्टान गिरने से दो की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पत्थर की एक अवैध खदान में चट्टान गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया। अधिकारियों ने खदान को सील कर दिया है। घटना शनिवार शाम मोटांगा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित खदान में उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। अग्निशमन सेवा, ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल और श्वान दस्ते बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। ढेंकनाल के डीएम और एसपी बचाव घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

### जैसलमेर के सीमा क्षेत्र में संदिग्ध मौलवी एटीएस की हिरासत में

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर से लगे भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट तनोट किशनगढ़ क्षेत्र में एटीएस ने एक संदिग्ध मौलवी को हिरासत में लिया है। फिलहाल उससे गहन पूछताछ के लिए जयपुर ले जाया गया है। संदिग्ध मौलवी के राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का संदेह जताया गया है। उन्होंने बताया राजस्थान एटीएस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को सीमावर्ती कुरियाबेरी गांव से एक संदिग्ध मौलवी को हिरासत में लिया। उसका नाम अली खान (45) है जो यूपी का निवासी बताया गया है। उससे गहन पूछताछ करने की तैयारी है।

### बंगाल: एसआईआर के खिलाफ मतुआ सड़क रोको आंदोलन करेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर और ठाकुरनगर में एक मतुआ 'गोसाई' पर हमले को लेकर पैदा हुए आक्रोश के बीच राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थित एक समूह ने सोमवार को राज्यव्यापी सड़क जाम का आह्वान किया। ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुट ने एसआईआर के दौरान 'वैध मतदाताओं' के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया है। महासंघ के मुताबिक, सोमवार को सड़क रोको आंदोलन हमले की तत्काल जांच और मतदाता सूची से हटाए गए नामों को दोबारा शामिल करने की मांग को लेकर किया जाएगा।

### अजय माकन करेंगे मनरेगा बचाओ संग्राम का समन्वय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रबंधन और निगरानी के लिए समन्वय समिति का गठन किया, जिसके संयोजक अजय माकन होंगे। कांग्रेस 'वीबी जी-राम-जी अधिनियम' को वापस लेने और मनरेगा को बहाल करने की मांग को लेकर 10 जनवरी से 45 दिन के राष्ट्रव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की शुरुआत करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मनरेगा बचाओ संग्राम के कार्यान्वयन की निगरानी, मार्गदर्शन और प्रबंधन के लिए समन्वय समिति का गठन किया है।

# बड़ी चूक : टूटे पुल से गुजार दीं राजधानी समेत कई ट्रेनें, अब संचालन पर पूर्ण रोक

## बचा बड़ा हादसा, अब मरम्मत पूरी होने तक लोहरदगा स्टेशन से कोई ट्रेन न चलाने का फैसला

**रांची, एजेंसी**

झारखंड के लोहरदगा जिले में रविवार को बड़ा रेल हादसा होते-होते बच गया। कोयल नदी पर बने रेलवे पुल के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उस पर राजधानी एक्सप्रेस, सासाराम एक्सप्रेस और लोहरदगा-रांची मेमू पैसेंजर समेत कई ट्रेनें गुजार दी गईं। बताया जा रहा है कि पुल के एक पिलर में पहले से दरार थीं, इसके बावजूद उस पर ट्रेनों का संचालन जारी रखने से दूसरे पिलर में भी दरार आ गई। अब इस पर ट्रेनें गुजारने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

इस बड़ी चूक के बाद भी यह गनीमत रही कि इस दौरान कोई दुर्घटना नहीं हुई। रेलवे सूत्रों के अनुसार, लोहरदगा-रांची-टोरी रेलखंड पर कोयल नदी स्थित रेलवे पुल संख्या 115 के पिलर संख्या 5 में पहले से दरार होने का रेलवे को पता था, इसकी मरम्मत भी चल रही थी लेकिन इसके बावजूद ट्रेनों का संचालन जारी रखा गया। इसी बीच पिलर संख्या 4 में भी दरार आ गई। जब इंजीनियरिंग टीम ने पुल का निरीक्षण किया तो दरारें गंभीर पाई गईं जिसके बाद सुबह 10:10 बजे पुल से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों को रोकने का आदेश जारी किया गया। सबसे बड़ी चूक यह रही कि रविवार को राजधानी एक्सप्रेस, सासाराम एक्सप्रेस और मेमू पैसेंजर जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनें भी क्षतिग्रस्त पुल से गुजारी जा चुकी थीं।

राजधानी एक्सप्रेस सुबह 8:18 बजे लोहरदगा स्टेशन पहुंची और 8:22 बजे रांची के लिए रवाना हुई। इसके बाद सासाराम एक्सप्रेस 9:21 बजे उसी पुल से गुजरी। इसके तुरंत बाद जांच में पुल के पिलर गंभीर हालत में पाए गए।


लोहरदगा में क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करने पहुंचे रेलवे इंजीनियर।

### कोई ट्रेन नहीं चलेगी, कई रद्द कीं, कुछ का बदला रास्ता

मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे ने लोहरदगा स्टेशन से सभी ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इसके तहत राजधानी एक्सप्रेस को लोहरदगा के बजाय मेसरा-बरकाकाना-टोरी रूट से चलाया जाएगा। रांची-सासाराम एक्सप्रेस 5 से 7 जनवरी तक रद्द रहेगी। सासाराम-रांची एक्सप्रेस 6 से 8 जनवरी तक कैंसिल रहेगी। लोहरदगा-रांची मेमू पैसेंजर को नगजुआ स्टेशन तक सीमित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पुल के पिलर संख्या 4 और 5 में दरारें मिलने के बाद यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिचालन रोका गया है।

### ट्रेनों में सवार यात्रियों को उतारा गया, पैदल लौटना पड़ा घर



अचानक ट्रेनों का परिचालन रोके जाने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। उन्हें ट्रेन से उतरने के लिए कहा गया तो कई यात्री ट्रैक पार कर पैदल ही अपने घरों की ओर रवाना होते नजर आए। अधिकारियों के मुताबिक मरम्मत कार्य पूरा होने और पुल की सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू किया जाएगा। लोहरदगा की लाइफलाइन ट्रेन कही जाने वाली मेमू पैसेंजर सहित राजधानी और सासाराम एक्सप्रेस का बंद होना क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।

# रचा इतिहास : मराठी फिल्म 'दशावतार' का ऑस्कर दावेदारों की सूची में चयन

**मुंबई, एजेंसी**

मराठी फिल्म 'दशावतार' ऑस्कर दावेदारी सूची के लिए आधिकारिक तौर पर चुनी जाने वाली पहली मराठी फिल्म बन गई है। फिल्म के निर्देशक सुबोध खानोलकर की सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक फिल्म ने एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए आधिकारिक दावेदारी सूची में जगह बनाई है, जो मराठी सिनेमा के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है।

ऑस्कर दावेदारी सूची दुनिया भर से भेजी गई 2,000 से अधिक फिल्मों में से तैयार की जाती है, जिनमें से विभिन्न श्रेणियों में केवल 150 से 250 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है। इस सूची में जगह बनाना ऑस्कर के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया में पहला औपचारिक कदम माना जाता है। दशावतार ने ऑस्कर स्क्रीनर्स रूम में प्रदर्शित होने वाली पहली मराठी फिल्म बनकर एक और उपलब्धि हासिल की है। एकेडमी के सदस्य वहां फिल्म देखेंगे, जिसके बाद वोटिंग होगी। निर्देशक खानोलकर ने कहा कि दशावतार के मुख्य ऑस्कर दावेदारी में चयन की पुष्टि करने वाला ईमेल मिलने से उन्हें बहुत संतुष्टि मिली, क्योंकि इससे पूरी टीम की सालों की कड़ी मेहनत को मान्यता मिली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उपलब्धि एक बार फिर साबित करती है कि मराठी सिनेमा वैश्विक सिनेमा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो सकता है।


- पहली मराठी फिल्म को मिली यह उपलब्धि ऑस्कर्स स्क्रीनर्स रूम में की गई प्रदर्शित

# त्रिशूर की रेलवे पार्किंग में आग लगने से 500 से ज्यादा दोपहिया वाहन जलकर हुए खाक

**त्रिशूर।** त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में रविवार सुबह भीषण आग लगने से 500 से ज्यादा दोपहिया वाहन और एक रेल इंजन जलकर खाक हो गया।

घटना तड़के करीब 6.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो के पास बने दोपहिया वाहन पार्किंग एरिया में हुई और आग की लपटें जल्द ही पूरे इलाके में फैल गईं। यहां आमतौर पर रोजाना 500 से ज्यादा मोटरसाइकिल और स्कूटर खड़े होते हैं। माना जा रहा है कि खड़ी गाड़ी से निकली चिंगारी से आग तेजी से फैल गई और इससे कुछ ही मिनटों में भारी नुकसान हो गया। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया और इसमें किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। पुलिस महानिदेशक समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

# सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के एक साल बाद भी अदालतों में तदर्थ न्यायाधीश नहीं

## 25 हाईकोर्ट में से किसी ने भी नियुक्ति के लिए नहीं की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट से एक वर्ष पहले लंबित मामलों के निस्तारण के लिए मार्ग प्रशस्त किए जाने के बावजूद अब तक किसी भी उच्च न्यायालय में तदर्थ (एड-हॉक) न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं हुई है, क्योंकि उच्च न्यायालयों ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से परिचित लोगों के अनुसार, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी ने भी तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश नहीं की है।

सुप्रीम कोर्ट ने 18 लाख मामलों के लंबित होने पर चिंता व्यक्त करते हुए 30 जनवरी, 2025 को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की अनुमति दी थी, जिनकी संख्या न्यायालय की कुल स्वीकृत संख्या के 10% से अधिक नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय विधि मंत्रालय को अब तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम से तदर्थ आधार पर नियुक्त के लिए कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। संविधान का अनुच्छेद 224ए उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों के प्रबंधन के लिए सेवानिवृत्त जजों को तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है।

प्रक्रिया के अनुसार, उच्च न्यायालय के कॉलेजियम विधि मंत्रालय के न्याय विभाग को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें भेजते हैं। इसके बाद विभाग उम्मीदवारों के बारे में जानकारी करता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम को भेज देता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम अंतिम निर्णय लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को नियुक्त करने की सिफारिश करता है। राष्ट्रपति नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर करते हैं। तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया स्थायी जैसी रहेगी, सिवाय इसके कि राष्ट्रपति नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त की जाएगी।


- 18 लाख लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए दी थी अनुमति

### सिर्फ एक नियुक्ति हुई

अधिकारियों ने बताया कि एक मामले को छोड़कर तदर्थ न्यायाधीश नियुक्त करने का कोई उदाहरण नहीं है। हाईकोर्ट में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि, बाद में तत्कालीन विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबड़े लिखित इस फैसले में, लंबित मामलों के निस्तारण करने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल के लिए तदर्थ न्यायाधीश नियुक्त करना था।

# इंदौर में भ्रष्टाचार ने पूरे तंत्र को बर्बाद कर दिया

## दूषित पानी से तमाम मौतों पर बोले मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जलपुरुष राजेंद्र सिंह

**इंदौर, एजेंसी**

जल संरक्षण विशेषज्ञ राजेंद्र सिंह ने इंदौर में दूषित पानी पीने के कारण कई लोगों की मौत की घटना को तंत्र निर्मित आपदा करार देते हुए आरोप लगाया कि इस त्रासदी की जड़ में भ्रष्टाचार है। रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सिंह ने कहा, ठेकेदार अपना पैसा बचाने के लिए पेयजल की पाइपलाइन ड्रेनेज की पाइपलाइन के पास बिछा देते हैं। भ्रष्टाचार ने पूरे तंत्र को बर्बाद कर दिया है।

इंदौर की त्रासदी इस भ्रष्ट तंत्र का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि अगर देश के सबसे साफ बताए जाने वाले शहर में ऐसी त्रासदी हो सकती है तो समझा जा सकता है कि दूसरे शहरों में पेयजल आपूर्ति प्रणाली के हालात कितने गंभीर होंगे। इंदौर अपनी पानी की जरूरतों के लिए नर्मदा नदी पर निर्भर है। नगर निगम की बिछाई पाइपलाइन के जरिये नर्मदा नदी के पानी को पड़ोसी खरगोन जिले के जलूद से 80 किलोमीटर दूर इंदौर लाकर घर-घर पहुंचाया जाता है। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इस शहर में हर दूसरे दिन नल कनेक्शन के जरिये जलापूर्ति की जाती है। राजेंद्र सिंह ने कहा, इंदौर में भूजल स्तर का साल दर साल नीचे जाना सबसे ज्यादा चिंताजनक है। वह 1992 में पहली बार इंदौर गए थे, तब भी उन्होंने कहा था कि शहर नर्मदा नदी के जल पर कब तक आश्रित रहेगा। शहर इतने बरस बाद भी नर्मदा नदी के पानी पर निर्भर है।


- कहा- देश के सबसे स्वच्छ शहर का हाल दूसरे शहरों की हालत बताने को काफी

### 21 रुपये किलोलीटर पानी पीते हैं इंदौर के लोग

राजेंद्र सिंह ने दावा किया कि 80 किलोमीटर दूर से नर्मदा का पानी इंदौर लाने की परियोजना में बड़ी रकम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए नगर निगम के खजाने से हर महीने करीब 25 करोड़ रुपये की रकम केवल बिजली बिल पर खर्च होती है। परियोजना पर खर्च होने वाली भारी-भरकम राशि का अंदाजा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बयानों से भी लगाया जा सकता है। भार्गव ने 27 जून 2024 को शहर में एक संगोष्ठी के दौरान कहा था, मैं जब से महापौर बना हूं तबसे मजाक में कह रहा हूं कि इंदौर एशिया के सबसे रईस शहरों में से एक है क्योंकि हम 21 रुपये प्रति किलोलीटर की लागत वाला पानी पीते हैं और इसे बेवजह बहाते भी हैं। हम पानी नहीं, बल्कि घी पी रहे हैं।

# गुरमीत राम रहीम को फिर मिली 40 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़।** दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल जेल की सजा काट रहे और रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को रविवार को फिर से 40 दिन की पैरोल मिल गई।

गुरमीत को पिछले साल अगस्त में 40 दिन की पैरोल मिली थी। उसे 16 साल पहले पत्रकार की हत्या में 2019 में दोषी ठहराया गया था। उसे पिछले साल अगस्त में पैरोल पर 21 दिन की फरलो और जनवरी में 30 दिन की पैरोल भी दी गई थी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने उसे फिर पैरोल देने की कड़ी निंदा की है। धामी ने कहा कि दोषी के प्रति सरकार की यह उदारता न सिर्फ आश्चर्यजनक है, बल्कि लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था का मजाक भी है।



### महिला आयोग ने लिया कार में रेप का संज्ञान

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग ने महिला से हुए सामूहिक बलात्कार की घटना का संज्ञान लिया। आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने फरीदाबाद पुलिस आयुक्त से घटना की जानकारी मांगी है। भाटिया ने कहा, हम के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस बीच पुलिस ने साफ किया है कि रेप कार नहीं बल्कि एंबुलेंस में हुआ था।

# श्रम कानूनों में बदलाव से मजदूर वर्ग के भले का दावा सरासर झूठ

**लुधियाना, एजेंसी**

लुधियाना के जीवन नगर में रविवार को कारखाना मजदूर यूनियन और टेक्सटाइल होजरी कामगार यूनियन की ओर से आयोजित संयुक्त सम्मेलन में केंद्र सरकार की ओर से लाए गए चार नए श्रम कानूनों को रद्द करने छीने गए कानूनी श्रम अधिकार बहाल करने और श्रम कानूनों को मजदूरों के पक्ष में मजबूत करने की मांग की गई। कहा गया है कि यह सरासर झूठ है कि श्रम कानूनों में यह बदलाव मजदूरों के भले के लिए किया गया है।

इसके अलावा संयुक्त सम्मेलन में केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा की जगह जी-राम-जी योजना लागू करने, प्रस्तावित बिजली संशोधन और बीज संशोधन कानूनों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए। कारखाना मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि असल में नए कानून देशी-विदेशी पूंजीपतियों के फायदे के लिए मजदूर वर्ग की लूट को और तेज करने के लिए लाए गए हैं। कानूनों में मजदूर-विरोधी संशोधनों के खिलाफ देश भर मजदूरों और अन्य इंसाफपसंद लोगों की ओर से व्यापक स्तर पर आवाज बुलंद की जाती रही है, लेकिन जनविरोध को नजरंदाज करते हुए मोदी सरकार ने नए श्रम कानून लागू कर दिए हैं। काम के घंटे, रोजगार सुरक्षा, ईपीएफ, ग्रेच्युटी, दुर्घटनाओं और बीमारियों से सुरक्षा, महिला मजदूरों के विशेष अधिकारों, यूनियन बनाने, हड़ताल करने आदि मूलभूत श्रम अधिकारों पर तीखा हमला किया गया है।

- लुधियाना में हुए संयुक्त सम्मेलन में की गई तत्काल नए कानूनों को रद्द करने की मांग

### पहले ही हो चुकी है मजदूर विरोधी श्रम सुधारों की शुरुआत

लखविंदर सिंह ने कहा कि मजदूर-विरोधी श्रम सुधारों की शुरुआत भारत में उदारीकरण-निजीकरण-वैश्वीकरण की नीतियों के तहत कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के ज़माने में ही हो चुकी थी। पंजाब की आम आदमी पार्टी ने तो केंद्रीय कानून लागू होने से पहले ही अपने स्तर पर पंजाब में मजदूरों के अनेक कानूनी श्रम अधिकार छीन लिए हैं। इसलिए मजदूर वर्ग किसी एक या दूसरी पूंजीवादी पार्टी के पीछे लगकर अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ सकता। मजदूर वर्ग को अपनी एकता और संगठन पर भरोसा रखते हुए अपने कानूनी श्रम अधिकार बहाल कराने के लिए संघर्ष तेज करना होगा।

# लातूर के नवोदय विद्यालय में फंदे पर लटकी मिली 12 वर्षीय छात्रा

**लातूर।** महाराष्ट्र में लातूर के नवोदय विद्यालय में रविवार सुबह 12 वर्षीय एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। औसा तहसील के टाका गांव निवासी छात्रा छठवीं में पढ़ती थी।

परिजनों ने दावा किया है कि पिछली रात छात्रावास के एक कर्मचारी ने उसकी पिटाई की थी, उसके हाथों और सिर पर चोट के निशान भी थे। यह भी आरोप लगाया कि लड़की के पिता को सुबह आठ बजे यह कहकर स्कूल बुलाया गया था कि वह अस्वस्थ है और उन्हें लड़की की मृत्यु के बारे में तभी बताया गया जब वे वहां पहुंचे। टाका गांव के उप सरपंच अतुल शिंदे ने बताया कि छात्रा के कुछ साथियों ने उसके माता-पिता को हमले के बारे में बताया। नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की आवासीय विद्यालय प्रणाली है, जो प्रतिभाशाली ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्थापित की गई है।

# केरल : सतीशन के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) ने पुनर्वास परियोजना पुनर्जनी के सिलसिले में विदेश से धन जुटाने में अनियमितताओं को लेकर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की है।

वीएसीबी की सतीशन के खिलाफ रिपोर्ट मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को सौंप दी गई है। इसमें विभाग ने एफसीआरए के उल्लंघन का हवाला देते हुए सीबीआई जांच की सिफारिश की है। कहा गया है कि सतीशन ने केंद्र सरकार से निजी यात्रा के लिए अनुमति लेकर विदेश यात्रा की और विदेश में धन जुटाया, जिसे बाद में केरल के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए जालंधर के युवक का शव साल भर बाद लाया गया

**चंडीगढ़।** रूस-यूक्रेन युद्ध में जान गंवाने वाले 28 साल के पंजाब के एक युवक का शव एक साल से ज्यादा इंतजार के बाद उसके गृहनगर जालंधर के गोराया लाया गया है। मृतक मनदीप कुमार के परिजनों के मुताबिक उसे ट्रैवल एजेंटों ने धोखा दिया था और बाद में उसे रूसी सेना में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। यूक्रेन के खिलाफ लड़ते हुए ड्रोन हमले में उसकी मौत हो गई थी।

हाल ही में भाई की तलाश के बाद लौटे मनदीप के बड़े भाई जगदीप कुमार ने दावा किया कि मनदीप का शव शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया। जगदीप ने बताया, मुझे दो महीने पहले अपने भाई की मौत के बारे में उस समय पता चला था, जब रूसी अधिकारियों को दिए गए मेरे डीएनए के नमूने का एक शव से मिलान हो गया। भाई को ढूंढने के लिए जगदीप फरवरी और अक्टूबर 2025 में दो बार रूस गए। उन्होंने रूस में लगभग तीन महीने बिताए।

जगदीप ने बताया कि मनदीप, चार लोगों के साथ सितंबर 2023 में आर्मेनिया गया था जहां से उन्हें इटली जाना था। मनदीप से वादा किया गया था कि उसे काम के लिए इटली भेजा जाएगा लेकिन ट्रैवल एजेंट उसे रूस ले गए और उसे रूसी सेना में शामिल होने के लिए मजबूर किया। जगदीप ने बताया कि उन्होंने आखिरी बार तीन मार्च, 2024 को अपने भाई से बात की थी। इस दौरान, उसने रूस से बचाए जाने के लिए कहा था।

- जबरन सेना में कर लिया था भर्ती ड्रोन हमले में हो गई थी मौत

# दिल्ली में फाइव स्टार होटल की 12वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में रविवार को 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने एक फाइव स्टार होटल की 12वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर निवासी परविंदर सिंह जुनेजा के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक परविंदर होटल में आया और लिफ्ट से 12वीं मंजिल पर गया, जहां एक रेस्तरां है। इसके बाद उसने इमारत से छलांग लगा दी। पुलिस ने बताया कि जुनेजा क्रिसमस के दौरान होटल में ठहरा था। जुनेजा की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और आत्महत्या करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच अधिकारी होटल के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं।

**संबोधन** | एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा- हवाई श्रेष्ठता के साथ राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए भी यह अनिवार्य

# वायुसेना को तत्पर रखने के लिए समय पर मिलें लड़ाकू विमान

**बेंगलुरु, एजेंसी**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि बदलती सुरक्षा चुनौतियों के सामने भारतीय वायु सेना को अभियानों के लिए तत्पर और तैयार रखने के लिए स्वदेशी लड़ाकू विमानों की समय पर डिलीवरी बहुत जरूरी है। उन्होंने इसे हवाई श्रेष्ठता बनाए रखने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए भी अनिवार्य बताया।

एयरचीफ मार्शल ने एयरबोर्न सिस्टम्स सेंटर (सीएबीएस) में एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) की ओर से आयोजित दोदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'एरोनॉटिक्स 2047' के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। उन्होंने हल्के लड़ाकू विमान तेजस की उड़ानों के 25 साल पूरे होने पर एडीए को बधाई भी दी। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्माण और आपूर्ति को समय पर पूरा करना भारतीय वायुसेना की युद्ध की तैयारी बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बदलते सुरक्षा माहौल में अभियान के लिए तैयार रहना सिर्फ आधुनिक तकनीक पर ही नहीं बल्कि उसे बिना किसी देरी के असरदार तरीके से इस्तेमाल करने की क्षमता पर भी निर्भर करता है।

उन्होंने कहा, तेजस जैसे स्वदेशी विमान को समय पर शामिल करना हवाई श्रेष्ठता बनाए रखने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सेमिनार में रक्षा विशेषज्ञ, शिक्षाविद और रक्षा उद्योग से जुड़े लोग मौजूद रहे। सेमिनार में उभरती हुई वायुयान तकनीक, अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान डिजाइन, डिजिटल उत्पादन और एआई के इस्तेमाल जैसे विषयों पर चर्चा की गई।



एडीए की ओर से आयोजित सेमिनार को संबोधित करते एयरचीफ मार्शल एपी सिंह।

### स्वदेशी से मजबूत होगी भारतीय वायुसेना

उम्मीद है कि एमके1ए वेरिएंट वायुसेना की अभियान क्षमता को मजबूत करेगा, जबकि एमके-2 और 'नेवी' अभी तैयार हो रहे हैं। अब तक 38 विमान (32 लड़ाकू और छह ट्रेनर) को दो वायुसेना स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है। सेमिनार के हिस्से के तौर पर कई सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और अन्य उद्योग स्वदेशी रूप से तैयार की गई तकनीक दिखा रहे हैं जो रक्षा विमानन में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता को उजागर करता है। एडीए ने 100 से ज्यादा डिजाइन केंद्रों के योगदान से तेजस को तैयार किया है।



अगर आप नीचे की ओर देख रहे है, तो आपको कभी इंद्रधनुष नहीं मिलेगा।
-चार्ली चैपलिन, हॉलीवुड अभिनेता

## क्या शक्ति ही नीति है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर कब्जा अप्रत्याशित नहीं था, इसकी पृष्ठभूमि बहुत पहले से तैयार की जा रही थी, लेकिन जिस तरह एक संप्रभु देश वेनेजुएला के खिलाफ प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई करके इसे अंजाम दिया गया, वह केवल शक्ति-प्रदर्शन का नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानून, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नैतिकता का गंभीर मामला बन गया है। किसी भी स्थिति में एक संप्रभु राष्ट्र पर जब तक वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर में परिभाषित आत्मरक्षा या सामूहिक सुरक्षा की शर्तों का उल्लंघन न कर रहा हो, बल प्रयोग नाजायज़ है। ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस को इस कारगुजारी के लिए विश्वास में नहीं लिया। इस तरह यह न केवल अमेरिकी लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को, जिसकी लाठी उसकी भैंस का यह संदेश देता है।

वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लंबे समय से असंतोष रहा है और विपक्षी आंदोलनों को अमेरिकी समर्थन के आरोप भी लगते रहे, तो क्या अमेरिका कूटनीतिक, आर्थिक और राजनीतिक दबाव के जरिए सत्ता परिवर्तन की कोशिश नहीं कर सकता था। सैन्य कार्रवाई बताती है कि शायद धैर्य और बहुपक्षीयता की जगह त्वरित नियंत्रण और संसाधनों, खासतौर पर तेल पर कब्जे को प्राथमिकता देने में जल्दबाजी की गई। यह स्थिति 2003 में ईराक पर हुई कार्रवाई और सद्दाम हुसैन के खिलाफ युद्ध की याद दिलाती है, जहां 'विनाशकारी हथियारों' के आरोप बाद में कमजोर साबित हुए। विचारधारा आधारित शत्रुता को व्यावहारिक नीति के रूप में अपनाने की कीमत अंततः क्षेत्रीय अस्थिरता, आतंकवाद और मानवीय संकट के रूप में चुकानी पड़ी। वेनेजुएला के मामले में भी यही खतरा है। सैन्य कार्रवाई के दौरान नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा और निर्दोष लोग मारे गए हैं। निःसंदेह यह अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। 'नार्को-टेरर' जैसे आरोपों को सिद्ध करने का दायित्व भी हमलावर पर ही होता है; केवल आरोप लगाकर किसी देश की संप्रभुता को रौंदा नहीं जा सकता। यह भी संदिग्ध है कि वेनेजुएला का राजनीतिक नेतृत्व और आम जनता 'अमेरिकी शक्ति ही नीति है' की सोच और उसके प्रभुत्व को सहजता से स्वीकार कर लेगी।

चिली को छोड़ कर विश्व और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश देशों द्वारा इस कार्रवाई की आलोचना यह दिखाती है कि क्षेत्रीय राजनीति में अमेरिका के प्रति अविश्वास और बढ़ेगा। स्थानीय हिंसा और अस्थिरता का चक्र तेज़ होने की आशंका भी प्रबल है। यदि मामला अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय तक जाता है, तो अमेरिका पर यह आरोप भी लगेगा कि वह अपने प्रभाव से न्याय को प्रभावित करने की कोशिश कर सकता है। यह स्थिति वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत होगा। भारत के लिए यह प्रकरण महत्वपूर्ण सबक देता है। नई दिल्ली को स्पष्ट रूप से अंतर्राष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में खड़ा रहना चाहिए। किसी भी महाशक्ति की एकतरफा सैन्य कार्रवाई का समर्थन न करते हुए, भारत को बहुपक्षीयता, संवाद और कूटनीति को ही वैश्विक शांति का आधार मानने की अपनी नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। यही भारत के दीर्घकालिक हित और वैश्विक जिम्मेदारी दोनों के अनुरूप होगा।

### प्रसंगवश

## हीर के लिए नहीं रही अब उतनी पीर

प्रेम प्रकृति की ऐसी देन है, जो किसी मर्यादा को नहीं मानता। कहा तो यहां तक गया है कि समुद्र को स्याही और पृथ्वी को कागज मानकर भी प्यार की दस्तानें लिखी जाएं, तो यह दोनों भी कम पड़ सकते हैं। इसके लिए लिंग, आयु, अनुभव, अमीर-गरीब के बीच की सीमाएं कोई मायने नहीं रखतीं। प्रेम के इसी मासूम स्वभाव के कारण दुनिया में कोई भी ऐसा दिल नहीं, जहां यह न पनपता हो। कोई भी ऐसा दिमाग नहीं, जहां इसे बुरा माना जाता हो। केवल कुछ परिस्थितियों को छोड़कर, जहां यह मानव समाज द्वारा स्थापित वर्जनाओं को तोड़ता है। इन परिस्थितियों में मासूम माने जाने वाला प्यार उद्दंड कहलाने लगता है और अक्सर हिंसा का कारण बन जाता है।

यह तय है कि प्रेम नहीं होता तो सृष्टि की संरचना ही असंभव थी, पर बीते कुछ सालों से प्रेम की भावना और उसके स्वरूप पर व्यापक बदलाव देखने को मिला है। प्रेमी अब इतिहास कम और भूगोल में ज्यादा दिलचस्पी लेने लगे हैं। प्यार अब बाजार में बदल रहा है और बाजारवाद ने प्रेम की परिभाषा ही नहीं, बल्कि प्रतीक भी बदल डाले हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक

प्रेम के बाजारीकरण ने अंतर संबंधों की दुनिया को बहुत प्रभावित किया है। प्रेम अब निजता की जगह अखबारी विज्ञापन बनता जा रहा है। प्रेम के नाम से बाजार सजा है, तो चतुर व्यापारी इसे पूरी शिद्दत के साथ भुनाने में लगे हैं। फैशन की तरह ओढ़े जाने वाले प्रेम में प्रेयसी का नाम अब गर्लफ्रैंड हो गया है। 21वीं सदी का प्यार भी एक नया रूप ले चुका है और दिल चुराने का मजा जैसे बीते दिनों की बात हो गई है। प्रेम में धीरे-धीरे पग बढ़ाने और उसका मजा लेने के दिन अब नहीं रहे, बल्कि तुरत-फुरत प्यार करने और जल्द ही भूल जाने का जमाना है। युवा हर महीने अपने ब्वायफ्रैंड और गर्लफ्रैंड बदलने से भी नहीं कतराते। उनका एक दूसरे के प्रति प्यार भावनात्मक न होकर मात्र शारीरिक आकर्षण रह गया है।

मोबाइल क्रांति के युग में प्यार करने के कुछ अलिखित नियम हैं। हमेशा साथ निभाने का वायदा कतई नहीं, दूसरे शब्दों में कहें तो इस पीढ़ी के प्रेमियों का मूल मंत्र है, 'तू नहीं तो और सही'। प्यार में अब पहले जैसी निरंतरता और गंभीरता नजर नहीं आती। मौजूदा दौर में जब भावनाओं और संवेदनाओं के लिए जगह सिकुड़ती जा रही हो, तब युवा पीढ़ी के लिए प्यार फटाफट उपभोग की वस्तु बनकर रह गया है। फास्ट फूड की तरह प्यार में भी अब इंतजार के झंझटों की गुंजाइश नहीं, इसलिए प्यार, साल तो क्या महीना पूरा होते-होते खत्म हो जाता है।

एक जमाना था जब माशूका की बस एक झलक पाने के लिए आशिक घंटों चिलचिलाती धूप में छत पर खड़े रहते थे। सिर्फ दो घड़ी की मुलाकात के लिए उनके घर से निकलने का बेसब्री से इंतजार हुआ करता था। तब प्यार का इजहार आंखों से होता था, पर आज सारी देह बोलती है, लेकिन उसमें जज्बात नहीं होते। मोहब्बत के मायने बदल गए हैं। तौर तरीके भी बदल गए हैं और मोहब्बत करने का सलीका भी। पत्र के जरिए मोहब्बत और पैगाम पहुंचने की अब जरूरत नहीं रही। मोबाइल के जमाने में सवाल ही नहीं उठाता कि आशिक या माशूक कहीं दूर छिटक कर चला जाए। वर्जनाएं तोड़ रहे इस प्रेम के तरीके यह साबित करने के लिए काफी हैं कि इस सदी में हमने यह कौन सी राह पकड़ ली है। दैहिक पहलू के हावी होने से प्यार की परिभाषा और अर्थ दोनों बदल गए हैं। दरअसल नई पीढ़ी रोमांस के मामले में या तो अत्यधिक उत्तेजित होती है या संवेदनहीन।

## सोमनाथः अटूट आस्था के एक हजार वर्ष





नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम् में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है... 'सौराष्ट्रेसोमनाथं च...' यानी ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया हैः 'सोमलिङ्गंनरोदृष्ट्वासर्वपापैः प्रमुच्यते। लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥' अर्थात् सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस पर बड़ा आक्रमण कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनः निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण संपन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ, वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है, तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है, जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था, जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था, लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं, जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया और हर बार, पीढ़ी-दर-पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया। उसे जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं के भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, "दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार-बार नष्ट किए गए और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।"

आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे।

> वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस पर बड़ा आक्रमण कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था।

### आमने सामने



राज्य में लुटेरों के गिरोह पनप गए हैं और वही लोग सत्ता में आपके साथ हैं और अब समय आ गया है कि पीसीएमसी में भ्रष्टाचार के इस राक्षस को जलाकर राख कर दिया जाए।

-अजित पवार
अध्यक्ष
नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी

मुझे लगता है कि अजित पवार का यह बयान चुनाव के माहौल को देखते हुए दिया गया है। अजित पवार को पहले खुद अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। अगर हम आरोप लगाने पर उतर आए, तो उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

-रविंद्र चव्हाण
बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, महाराष्ट्र



## वेनेजुएला राष्ट्रपति का अपहरण व ट्रंप की हिटलरी



आचार्य श्रीहरि
लेखक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वेनजुएला प्रकरण ने दुनिया को डरा दिया है। उन्होंने दुनिया में जिसकी लाठी, उसकी भैंस की कहावत को सच कर दिया है। ट्रंप ने वेनेजुएला पर सैनिक हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण करा लिया। अपहरण कर निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका लाया गया है। कहने का अर्थ यह है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो अमेरिका के कब्जे में हैं। अमेरिका ने घोषणा की है कि उसके सैनिकों ने बहुत सफल कार्रवाई की है। आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। सिर्फ वेनेजुएला के राष्ट्रपति भवन को सैनिक निशाना बनाया गया और सावधानीपूर्वक सैनिक कार्रवाई में मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया।

अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी के साथ न्याय किया जाएगा, अन्याय नहीं किया जाएगा। उनके गुनाहों की उन्हें सजा जरूर दी जाएगी, पर उन्हें टैंकों या फिर गोलियों से नहीं उड़ाया जाएगा। उन्हें तत्काल फांसी नहीं दी जाएगी। उन्हें सजा के लिए स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था के अंदर अवसर दिया जाएगा, जहां पर उन्हें बेगुनाही साबित करनी होगी। अमेरिका के प्रमुख शहर न्यूयार्क में सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है। इसी सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मादुरो और उनकी पत्नी पर मुकदमा चलेगा।

अमेरिका के इस कदम का दुनियाभर में विरोध भी तीव्र हुआ है। ट्रंप की दादागिरी और हिटलर शाही भी स्पष्ट हुई है। खासकर रूस और कोलंबिया ने अमेरिका को निशाना बनाया है और कहा है कि यह अंतर्राष्ट्रीय चार्टर का घोर उल्लंघन है और दुनिया की शांति के लिए बेहद खतरनाक है। कमजोर और विकासशील देशों पर अमेरिकी दबाव और शस्त्र हमले की आशंका भी तेज होती है। अमेरिका के इस कदम से दुनिया में अराजकता फैलेगी और विश्व युद्ध जैसी स्थितियां भी उत्पन्न होंगी। खासकर संयुक्त राष्ट्रसंघ और विश्व न्यायालय की साख और विश्वसनीयता कसौटी पर आ गई है। इस प्रकरण पर सिर्फ आलोचना करने मात्र से संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व न्यायालय की विश्वसनीयता बचने वाली नहीं है। बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मादुरो का गुनाह क्या है? डोनाल्ड ट्रंप ने किन कारणों और किन उद्देश्यों से निकोलस को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा देने जैसे खतरनाक कदम उठाने के लिए प्रेरित और मजबूर हुए हैं?

डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार और अधिकारी इस खतरनाक कदम के प्रबंधन के लिए आगे आए हैं और रणनीतियां बनाई हैं। अपना पक्ष भी उजागर किया है। अमेरिका के अटार्नी जनरल पामेला बॉन्ड्री ने साफ तौर पर निकोलस के गुनाह गिनाए हैं और कहा है कि निकोलस अमेरिका के लिए खतरनाक दुश्मन हैं। निकोलस ने अमेरिका की संप्रभुत्ता के संहार के लिए साजिशें की हैं। साजिशों को लगातार आगे बढ़ाते रहे हैं। अमेरिकी युवाओं का संहार करने के लिए उसने कार्य किए हैं, अमेरिका में लगातार मादक द्रव्यों को अवैध निर्यात कर रहे थे, तस्करी कर रहे थे। अमेरिका के इन आरोपों को वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने खारिज किया है और कहा है कि वेनेजुएला अपनी संप्रभुत्ता की रक्षा करने के लिए वह सब करेगा जो आवश्यक है। डेल्सी रोड्रिग्ज ने यह भी कहा है कि हमने अमेरिका का सामना करने के लिए सैनिक शासन लागू कर दिया है और हर मोर्चे पर हमारे सैनिक डटे हुए हैं। दुनिया का एक वर्ग यह मानता है कि यह खेल तेल का है। वेनेजुएला के पास प्रचुर मात्रा में तेल है। तेल का इतना बड़ा भंडार है कि पानी से भी वहां पर तेल सस्ता है।

अमेरिका प्रारंभ से ही वेनेजुएला के तेल भंडार पर कब्जा करना चाहता था और तेल भंडार में हिस्सेदारी चाहता था। अमरिका ने जिस तरह से अरब के देशों के तेल भंडार पर हिस्सेदारी सुनिश्चित की थी और अपनी कंपनियां वहां बैठाई थीं तथा लाभर्थी बना था, उसी प्रकार की स्थिति वेनेजुएला के अंदर चाहता था, लेकिन वेनेजुएला की तत्कालीन कम्युनिस्ट सरकार ने अमेरिका की यह इच्छा पूरी नहीं की और अमेरिका के सामने तन कर खडा हो गया। अब अमेरिका की वेनेजुएला तेल नीति क्या होगी? अमेरिका अब वेनेजुएला के तेल निर्यात को प्रतिबंधित कर सकता है। वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था पहले से ही खराब है। अब वेनेजुएला की आर्थिक स्थिति और भी खराब होगी। वेनेजुलला की जनता भूखे मरने के लिए विवश होगी।

क्या अमेरिका निकोलस मादुरो को फांसी पर लटकाएगा या फिर सजा सुनिश्चित करेगा? अंतर्राष्ट्रीय संहिता के अनुसार अमेरिका ऐसा नहीं कर सकता है। इस तरह के विवाद के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ और विश्व न्यायालय की व्यवस्था है। पर प्रश्न यह उठता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ और विश्व न्यायालय के प्रति अमेरिका का कोई समर्पण है, अमेरिका की कोई प्रतिबद्धता है? इसका उत्तर नहीं में ही है। अगर संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व न्यायालय के प्रति अमेरिका का समर्पण होता, विश्व न्यायालय के प्रति प्रतिबंद्धता होती तो फिर निकोलस मादुरो का अपहरण ही अमेरिका नहीं करता?

> अमेरिका अब भरोसेमंद देशों से सामान मंगाने की नीति पर काम कर रहा है। चीन से दूर जाने की इस प्रक्रिया में भारत एक मुख्य भागीदार बन सकता है।

### सोशल फोरम

## जीवन शुरू होने के नए तथ्य

जीवन की शुरुआत को लेकर हम अब तक एक आसान और सुरक्षित कहानी कहते आए हैं। कुछ रसायन मिले, एक कोशिका बनी और फिर धीरे–धीरे जटिलता आकार लेने लगी। यह कहानी आराम देती है, क्योंकि इसमें किसी गहरे अर्थ या अंतर्निहित क्रम को स्वीकार करने की ज़रूरत नहीं पड़ती, लेकिन अब पहली बार, विज्ञान ने उस सटीक क्षण को देखा है, जहां जीवन शुरू होता है और जो दृश्य सामने आया, उसने इस सरल कथा को असहज कर दिया है।



प्रो. आलोक खरे
बरेली कॉलेज

एमआईटी के वैज्ञानिकों ने मानव निषेचन के उसी क्षण का अवलोकन किया, जब शुक्राणु अंडाणु से मिलते ही विकास की प्रक्रिया शुरू होती है। उन्होंने वहां कोई बिखरी हुई रासायनिक हलचल नहीं देखी। इसके बजाय, ठीक उसी पल अंडाणु की सतह पर एक समन्वित जैव-रासायनिक तरंग फैलती दिखाई दी। यह धीरे-धीरे होने वाली प्रतिक्रिया नहीं थी, बल्कि एक साथ सक्रिय हुआ संकेत, मानो किसी ने स्विच ऑन कर दिया हो, जो एक निष्क्रिय कोशिका को पूरे मनुष्य की संभावना में बदल देता है।

सबसे आश्चर्यजनक बात यह नहीं थी कि विकास शुरू होता है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह थी कि वह कितनी व्यवस्था के साथ शुरू होता है। MIT ने पाया कि यह तरंग किसी बेतरतीब ढंग से नहीं फैलती। उसकी गति, उसका फैलाव और उसकी लय एक पहचाने जाने योग्य पैटर्न में बंधी हुई थी। यह पैटर्न रासायनिक दुर्घटना जैसा नहीं, बल्कि गणितीय था।

और यह गणित नया नहीं था। वही अनुपात, वही लय, जो हमें प्रकृति की सुंदर रचनाओं में बार-बार दिखाई देती है। सूरजमुखी के बीजों की सर्पिल सजावट में, शंख के खोल की घुमावदार बनावट में, पेड़ों की शाखाओं के फैलाव में और आकाशगंगाओं की घूमती भुजाओं में। इसे हम फिबोनाची अनुक्रम कहते हैं। एक सरल गिनती, जहां हर नया अंक अपने पहले के दो अंकों के जोड़ से बनता है।

प्रकृति जैसे इसी भाषा में बोलती हो। और अब, पहली बार, यही भाषा जीवन के बिल्कुल पहले क्षण में भी दिखाई दी। इस अवलोकन का अर्थ गहरा है। इसका अर्थ यह नहीं कि जीवन को कोई बाहर से डिज़ाइन कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि क्रम चेतना से पहले मौजूद होता है। मस्तिष्क बनने से पहले, तंत्रिका तंत्र उभरने से पहले, सोचने की क्षमता आने से पहले— व्यवस्था पहले से उपस्थित रहती है। जीवन यहां किसी संयोग की तरह नहीं आता। वह दिशा लेकर आता है। वह बनता नहीं, वह खुलता है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## आपदाओं से भारत को 170 अरब डॉलर का नुकसान

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और पत्रिका डाउन टू अर्थ के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से नवंबर 2025 के बीच 334 में से 331 दिन ऐसे रहे, जब देश के किसी न किसी हिस्से में अत्यधिक मौसमीय घटना दर्ज की गई। यानी पूरे साल का लगभग 99 प्रतिशत समय। अगर 2024 से तुलना करें तो पिछले साल यह आंकड़ा 295 दिनों का था। इन आपदाओं में 4400 से अधिक लोगों की जान गई और करीब 1.74 करोड़ हेक्टेयर फसल बर्बाद हो गई, जो बदलते जलवायु संकट की भयावह तस्वीर पेश करती है। मानसून बाढ़ से 2707 लोगों की जान गई। आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 608 मौतें, जबकि मध्य प्रदेश में 537 लोगों की जान गई। प्री-मॉनसून महीनों में ही 990 मौतें हुईं, जो 2022 की तुलना में लगभग तीन गुना थीं। अगस्त में आई बाढ़ के बाद पंजाब के कई जिलों में खेत पूरी तरह तबाह हो गए।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

भारत दुनिया के उन दस देशों में शामिल है, जो बीते तीन दशकों में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। पर्यावरण थिंक टैंक जर्मन वॉच की नई रिपोर्ट क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2026 के मुताबिक, 1995 से 2024 के बीच भारत में करीब 4.30 मौकों पर प्राकृतिक रूप से असहनीय मौसम की घटनाओं ने 80 हजार से अधिक लोगों की जान ली और 1.3 अरब से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया।

इन आपदाओं से भारत को लगभग 170 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है। यह रिपोर्ट ब्राजील के बेलेम शहर में आयोजित कॉप 30 सम्मेलन में जारी की गई। इसमें कहा गया कि भारत में लगातार बढ़ती बाढ़, चक्रवात, सूखा और भीषण गर्मी जैसी घटनाएं जलवायु परिवर्तन के गंभीर असर को रेखांकित करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की स्थिति लगातार खतरे जैसी है, यानी ये घटनाएं अब अलग-अलग नहीं, बल्कि बार-बार दोहराई जा रही हैं। इससे विकास की उपलब्धियों पर असर पड़ रहा है और करोड़ों लोगों की आजीविका खतरे में है। भारत की विशाल जनसंख्या और मानसूनी पैटर्न पर निर्भरता इसे खासतौर पर संवेदनशील बनाती है। रिपोर्ट बताती है कि हर साल करोड़ों लोग किसी न किसी रूप में भीषण मौसम की चपेट में आते हैं।

साल 2024 में अकेले भारी मानसूनी बारिश और अचानक आई बाढ़ों ने गुजरात, महाराष्ट्र और त्रिपुरा में करीब 80 लाख लोगों को प्रभावित किया। पिछले वर्ष दुनियाभर में सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़ और तूफानों से हुआ, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यदि जलवायु परिवर्तन से निपटने की रफ्तार सुस्त रही तो वर्ष 2100 तक दुनिया का तापमान लगभग 2.6 से 2.8 डिग्री तक बढ़ सकता है, लेकिन अगर नेट जीरो से जुड़े वादे पूरे कर लिए जाएं तो यह 1.9 डिग्री तक गिर सकता है। इसके तहत सभी देशों को अपने ग्रीन हाउस गैसों के उत्पादन को घटना है।

भारत में हाल ही के वर्षों में देश में आने वाले चक्रवाती तूफानों की आवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है। बात चाहे तौकते तूफान की करें या अम्फान की। वैश्विक तपन में वृद्धि के कारण तूफान और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। जलवायु परिवर्तन पर सरकार की ओर से कुछ साल पहले एक कार्य योजना तैयार कराई गई थी। उसमें चिंता जताई गई थी कि वर्ष 2021 से 2050 के दौरान समुद्री तापमान में 1.8 से 2.4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। जलवायु-संबंधी आपदाओं का संचयी प्रभाव गंभीर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है तथा भारत के विकास पथ को खतरे में डाल रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



भारत का ज्वेलरी ट्रेंड बड़े, भारी निवेश वाले आभूषणों से आगे बढ़कर पहनने लायक, एक्सप्रेसिव लग्जरी की ओर कदम रख चुका है। आज का उपभोक्ता ऐसे ज्वेलरी पीस चुन रहा है, जो एक्सेसिबल, वर्सेटाइल और पर्सनल हों, जो मॉडर्न लाइफ स्टाइल, सस्टेनेबिलिटी और व्यक्तिगत स्टाइल के साथ सहजता से मेल खाएं। इस बदलाव की अगुवाई लैब-ग्रोन हीरे कर रहे हैं, जो किफायती होने के साथ-साथ एथिकल भी हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में चमक जोड़ते हैं। वहीं सोने, रत्नों और डिजाइन में हो रहे इनोवेशन फ्यूजन एस्थेटिक्स, इनक्लूसिविटी और डेली-वियर ज्वेलरी की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं।

-फीचर डेस्क

### स्मार्ट लग्जरी की पहचान बनकर उभर रहे लैब ग्रोन हीरे



लैब ग्रोन हीरे (LGDs) भारतीय ज्वेलरी बाजार में 'स्मार्ट लग्जरी' की पहचान बनकर उभर रहे हैं। हीरे अब सिर्फ खास मौकों तक सीमित नहीं रह गए, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनते जा रहे हैं। खदान से निकले हीरों की तुलना में 60-80 प्रतिशत तक किफायती होने और एक जैसी केमिकल संरचना के कारण, भारतीय उपभोक्ता ऑफिस वियर, गिफ्टिंग और हल्के डेली एक्सेसरीज़ के लिए तेजी से LGDs को अपना रहे हैं। लैब-ग्रोन हीरों को लेकर पहले जो झिझक थी, वह अब लगभग खत्म हो चुकी है। इस साल भारत न सिर्फ LGDs के प्रोडक्शन, बल्कि खपत का भी एक बड़ा ग्लोबल हब बनने की ओर बढ़ रहा है। 'आर्टिफिशियल' होने का पुराना कलंक अब 'एथिकल लग्जरी' की सराहना में बदल चुका है। यह बदलाव मुख्य रूप से मिलेनियल्स और जेन-जी खरीदारों द्वारा संचालित है, जो रीसेल वैल्यू से ज्यादा साइज, चमक और सस्टेनेबिलिटी को महत्व दे रहे हैं।

### नियो-हेरिटेज गोल्डः परंपरा का लाइट अवतार

पारंपरिक टेंपल ज्वेलरी अब 'नियो-हेरिटेज' रूप में लौट रही है- लाइट, खोखले-सोने के डिजाइन जो भारी वजन के बिना बारीक कारीगरी को बनाए रखते हैं। लक्ष्मी सिक्के, मोर और मंदिर प्रेरित मोटिफ्स अब सिर्फ उत्सवों तक सीमित नहीं, बल्कि वर्कप्लेस और कैजुअल ब्रंच डेट्स के लिए भी उपयुक्त हो गए हैं। सोना भारतीय ज्वेलरी की आत्मा बना हुआ है, लेकिन उसका वजन बदल रहा है। सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर होने के चलते 3D कास्टिंग और इलेक्ट्रोफॉर्मिंग जैसी तकनीकों से ऐसे पीस तैयार किए जा रहे हैं, जो देखने में बड़े, लेकिन पहनने में बेहद हल्के हैं।

### स्टैकिंग का गोल्डन रूल

- 14, 16 और 18 इंच के नेकलेस लेयर्स
- पतली बैंड्स के साथ स्टेटमेंट रिंग
- टेनिस ब्रेसलेट + बैंगल + स्मार्टवॉच

### रत्न डोपामाइनः रंगों की वापसी

पूरी तरह सफेद हीरों से हटकर 2026 में 'डोपामाइन डेकोर' ट्रेंड ज्वेलरी में प्रवेश कर चुका है। रूबी, पन्ना, नीलम और स्पिनेल अब सिर्फ एक्सेंट नहीं, बल्कि स्टेटमेंट पीस बन रहे हैं।

### ट्रेंडिंग रत्न

- टैन्जानाइट- बैंगनी-नीला, मल्टी-टोन आकर्षण
- मॉर्गेनाइट- रोज गोल्ड के साथ परफेक्ट 'मिलेनियल पिंक'
- पीला नीलम- आधुनिक कट्स में वापसी

# ज्वेलरी का नया ट्रेंड

## हीरे की चमक और लग्जरी लाइफ स्टाइल



### हीरे की खपत में बड़े बदलाव

**सभी के लिए सॉलिटेयरः** कैरेट सॉलिटेयर अंगूठियां और स्टड, जो कभी अल्ट्रा-लग्जरी माने जाते थे, अब एंट्री-लेवल लग्जरी खरीद बन चुके हैं।

- **फैंसी कट्स का उभारः** राउंड ब्रिलियंट से आगे बढ़कर ओवल, एमराल्ड और रेडिएंट कट्स ट्रेंड में हैं, जो मॉडर्न लुक के साथ कैरेट वजन को भी बेहतर तरीके से हाईलाइट करते हैं।
- **रोजमर्रा की ड्यूरेबिलिटीः** बेजल सेटिंग्स और फ्लश माउंट्स जैसे प्रैक्टिकल डिजाइन साड़ियों और ऑफिस वियर के साथ बिना अटकाव के पहने जा सकते हैं।

### पेस्टल पोल्की और कुंदनः ब्राइडल ज्वेलरी का सॉफ्ट एरा

इस साल ब्राइडल ज्वेलरी को एक नया, सॉफ्ट मेकओवर मिल रहा है। गहरे लाल और हरे रंगों की जगह अब मिंट, पाउडर ब्लू और ब्लश पिंक जैसे पेस्टल शेड्स ले रहे हैं। ये रंग भारी ब्राइडल सेट्स को शादी के बाद की पार्टियों और फ्यूजन इवेंट्स के लिए भी पहनने लायक बनाते हैं। बिना कटे हीरों के साथ मॉर्गेनाइट, रोज क्वार्ट्ज़ और हल्के रंग के एमराल्ड जैसे सेमी-प्रीशियस स्टोंस ज्वेलरी को ज्यादा वर्सेटाइल बना रहे हैं।



### स्टैक और लेयर मैक्सिमलिस्ट मिनिमलिज्म

मिनिमलिज्म अब 'मैक्सिमलिस्ट मिनिमलिज्म' बन चुका है। महिलाएं मेटल्स, टेक्सचर और लंबाई को मिक्स कर पर्सनल स्टाइल स्टेटमेंट बना रही हैं। मैचिंग सेट्स की जगह अब रिंग स्टैक्स, लेयर्ड नेकलेस और मिक्स्ड-मेटल लुक्स पसंद किए जा रहे हैं।

### ओटीटी प्लेटफार्म

## बुगोनिया

मैं बात करूंगा एक हॉलीवुड फिल्म की जो मुझे काफी पसंद आई। नए डायरेक्टरों में Yorgos Lanthimos की फिल्में अलग हटके और अनूठी होती हैं। इनकी फिल्मों में एक अलग ही अजीब सी दुनिया होती है। फिल्मों को देखकर महसूस होता है कि किसी दूसरे ही ग्रह के प्राणी ने इन फिल्मों को डायरेक्ट किया होगा। शुरुआत में आपको इनकी फिल्में पसंद नहीं आ सकती हैं, एक्वायर्ड टेस्ट है, लेकिन जब एक बार आपको इनकी फिल्म पसंद आ गई, तो आप ढूंढ-ढूंढ कर इनकी सारी फिल्में देख लेंगे।

बात करते हैं बुगोनिया की, ये कोरियन फिल्म सेव दी ग्रीन प्लेनेट का रीमेक है, लेकिन ट्रीटमेंट काफी अलग है, दोनों फिल्म काफी अलग महसूस होती हैं। इस फिल्म को किसी फिक्स जॉनर में नहीं रख सकते, ब्लैक कॉमेडी, साइंस फिक्शन, मेटाफोरिक कुछ भी कह सकते हैं।

मोटे तौर पर मैं थीम बता देता हूं। कहानी और कहानी के रूपक आप फिल्म देखकर खुद डिसाइड करेंगे तो ज्यादा मजा आएगा।

कहानी है दो लोग की, जिन्हें कांस्पीरेसी थ्योरी पसंद है और उसपे पूरा विश्वास भी करते हैं। उन्हें लगता है एक दवा कंपनी की सीईओ एलियन है, जो पृथ्वी खत्म कर सकती है। इसलिए वो उसका किडनैप करना चाहते हैं। एक कहानी तो पर्दे पे चलते रहती है, लेकिन जब फिल्म खत्म होगी, तो एक दूसरी कहानी आपके दिमाग में चलने लगेगी। अलग-अलग मीनिंग निकलकर आने लगेंगे। अलग-अलग लोग अलग-अलग थ्योरी लगाएंगे। फिल्म के माध्यम से डायरेक्टर क्या बताना चाह रहे हैं ये आप डिस्कस करेंगे और असली मजा यही है। फिल्म आप देखिए और बताइएगा आपके अनुसार फिल्म क्या कहना चाह रही है, किस सोच पे कमेंट किया है डायरेक्टर ने। सब के पर्सपेक्टिव के अनुसार अलग-अलग उत्तर होंगे। फिल्म में लैंथीमोस के फेवरेट Ema stone और Jesse Plemons एक बार फिर से हैं। दोनों ने एक्टिंग बहुत बढ़िया की है। एमा स्टोन को तो फिल्म के लिए सही में बाल मुंडवाना पड़ा था। इन दोनों को बेस्ट एक्टर में एक नॉमिनेशन मेरी तरफ से। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी भी पसंद आई। अगर आपको हटके फिल्में पसंद है, तो फिर ये फिल्म देखिए।




*समीक्षक-प्रशांत विपुल*

### जिंदगी का सफर

## भारत की पहली पिनअप गर्ल बेगम पारा



सिनेमा के इतिहास में कुछ चेहरे सिर्फ पर्दे पर नहीं टिकते, वे समय की दीवारों पर छप जाते हैं। बेगम पारा ऐसा ही एक नाम हैं। भारत की पहली पिनअप गर्ल– एक ऐसा संबोधन, जो सिर्फ सौंदर्य का नहीं, बल्कि साहस और समय से आगे निकल जाने की कहानी कहता है।

साल 1951 में दुनिया कोरिया युद्ध की आग में झुलस रही थी। उसी दौर में अमेरिका की प्रतिष्ठित लाइफ मैगजीन में एक भारतीय अभिनेत्री की तस्वीरें छपीं- बेगम पारा की। ये तस्वीरें भारतीय समाज के उस समय के मानकों के हिसाब से बेहद बोल्ड थीं। भारत में वे पहले से जानी-पहचानी थीं, लेकिन लाइफ मैगजीन के बाद उनकी पहचान सरहदों से बाहर फैल गई। कहा जाता है कि कोरिया युद्ध में तैनात अमेरिकी सैनिक उनके इतने दीवाने थे कि हर बैरक में बेगम पारा की मुस्काती हुई तस्वीर टंगी मिलती थी। यहीं से जन्म हुआ-भारत की पहली पिनअप गर्ल का। 25 दिसंबर 1926 को झेलम में जन्मी बेगम पारा के पिता मियां अहसान-उल-हक न्यायधीश थे- आधुनिक सोच वाले, अनुशासनप्रिय। बार-बार तबादलों के कारण बेगम पारा की पढ़ाई अलीगढ़ के हॉस्टल में हुई। यहीं उनकी व्यक्तित्व की नींव पड़ी-आत्मविश्वास और स्वतंत्र।



मुंबई की फिल्मी दुनिया में उनका प्रवेश संयोग नहीं, नियति जैसा था। भाभी प्रोतिमा दासगुप्ता स्वयं अभिनेत्री थीं। प्रभात पिक्चर्स के बाबूराव पै की नजर जब बेगम पारा पर पड़ी, तो 1944 की फिल्म चांद से उनका सफर शुरू हो गया। अगले पंद्रह वर्षों में उन्होंने लगभग 28 फिल्मों में काम किया- छमिया, झरना, पगले, शहनाज, सुहागरात- हर फिल्म में एक गरिमा, एक ठहराव। फिल्मों के बीच उन्हें प्रेम मिला नासिर खान के रूप में। 1958 में विवाह हुआ और इसके साथ ही उन्होंने स्वेच्छा से सिनेमा को अलविदा कह दिया। यह निर्णय दबाव से नहीं, आत्मिक संतोष से लिया गया था। जीवन ने आगे कठिन इम्तिहान लिए। पति का असामयिक निधन, अधूरी फिल्म, आर्थिक संकट सब कुछ सहते हुए भी बेगम पारा टूटी नहीं। पाकिस्तान गईं, लेकिन वहां की रूढ़िवादिता उन्हें रास नहीं आई। वे लौट आईं- अपने देश, अपनी मिट्टी में। करीब पचास साल बाद सांवरिया में उनकी संक्षिप्त वापसी मानो इतिहास का नमन था। 10 दिसंबर 2008 को बेगम पारा इस फानी दुनिया से फना चली गईं, लेकिन एक तस्वीर, एक दौर और एक दास्तान हमेशा के लिए छोड़ गईं।

## 2026 की फिल्में : बड़े सितारे, बड़ी कहानियां

2025 का साल भारतीय सिनेमा के लिए बेहद खास रहा। छावा, धुरंधर और सैयारा जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा किया कि रिकॉर्ड-दर-रिकॉर्ड टूटते चले गए। दर्शकों की भीड़, हाउसफुल शो और चर्चाओं से भरे सिनेमाघर इस बात के गवाह बने कि बड़े पर्दे का जादू अब भी कायम है। अब जब 2025 का शोर थम गया है, तो फिल्म इंडस्ट्री की निगाहें पूरे जोश के साथ इस नए साल पर टिक गई हैं। निर्माता, निर्देशक और बड़े सितारे सबने कमर कस ली है। वजह साफ है : इस साल कई ऐसी बहुप्रतीक्षित और मेगा बजट फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जो पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुकी हैं। देशभक्ति से भरपूर कहानियां हों, ऐतिहासिक गाथाएं, एक्शन से लबरेज ड्रामा या फिर बड़े सितारों की दमदार वापसी, 2026 का फिल्मी कैलेंडर हर स्वाद के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास लेकर आ चुका है। कई फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है, तो कई पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी दौर में हैं। आज हम आपको उन बड़ी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इस साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं।

**बॉर्डर 2–** देशभक्ति की मशहूर फ्रेंचाइजी बॉर्डर का सीक्वल 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगा। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे नजर आएंगे।

**टॉक्सिक–** मार्च 2026 में बॉक्स ऑफिस पर बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा, जब टॉक्सिक और धुरंधर-2 आमने-सामने होंगी। 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। फिल्म में यश, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मणी वसंत और हुमा कुरैशी नजर आएंगी।

**इक्कीस–** श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इक्कीस पहले दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट बदलकर 1 जनवरी को फिल्म रिलीज की है। फिल्म में दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र, अगस्त्य नंदा और जयदीप अहलावत अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सिमर भाटिया भी फिल्म का हिस्सा हैं। थ्रिल और ड्रामा के शौकीन लोगों के लिए यह साल की शुरुआती बड़ी पेशकश मानी जा रही है।

**मर्दानी-3 –** रानी मुखर्जी की लीड रोल वाली फिल्म मर्दानी 3 अगले महीने यानी 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

**बैटल ऑफ गलवान–** सलमान खान स्टारर बैटल ऑफ गलवान अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।


















**स्पिरिट–** संदीप रेड्डी वांगा की एक्शन ड्रामा स्पिरिट में प्रभास लीड रोल में हैं, जबकि तृप्ति डिमरी फीमेल लीड हैं। ये भी फिल्म इसी साल रिलीज होगी।

**धुरंधर-2–** धुरंधर की सफलता के बाद अब इसका दूसरा भाग तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं, जबकि सारा अर्जुन फीमेल लीड हैं। फिल्म में अर्जुन रामपाल, आर. माधवन और संजय दत्त भी अहम भूमिकाओं में दिखेंगे। धुरंधर इस साल मार्च में रिलीज होने की उम्मीद है।

**लाहौर-1947–** राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित और आमिर खान द्वारा प्रोड्यूस की जा रही लाहौर 1947 में सनी देओल, करण देओल और प्रीति जिंटा अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म भी इसी साल रिलीज होगी। हालांकि इसकी आधिकारिक रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

**लव एंड वॉर** संजय लीला भंसाली की भव्य प्रेम कहानी लव एंड वॉर इस साल अगस्त में रिलीज होगी। फिल्म में रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं।

**किंग–** शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग भी इसी साल भी रिलीज होगी। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अरशद वारसी भी नजर आएंगे। रिलीज डेट अभी घोषित नहीं हुई है।

**रामायण–** नितेश तिवारी की रामायण इस साल नवंबर में रिलीज होगी। फिल्म में रणबीर कपूर राम, यश रावण और साई पल्लवी सीता के किरदार में नजर आएंगी। सनी देओल, रवि दुबे और काजल अग्रवाल भी फिल्म का हिस्सा हैं।



## गुजरात में सीओ2 का भंडारण करेगी ओएनजीसी

**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की योजना गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र के खाली कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का भंडारण करने की है। यह कंपनी के पहले कार्बन संग्रहण एवं भंडारण (सीसीएस) पायलट और इसकी अकार्बनीकरण रणनीति में बड़ा कदम है। इस परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुओं का उपयोग किया जाएगा, ताकि उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में प्रतिदिन 100 टन सीओ2 का भंडारण हो सके।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2535, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2250, रविन्द्रा 2410, फॉर्चुन 13 किग्रा 1980, जय जवान 1975, सचिन 2010, सूरज 1975, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1855, क्लासिक (किग्रा) 2145, मोर 2170, चक्र टिन 2300, ब्लू 2085, आशीर्वाद मस्टर्ड 2295, स्वास्तिक 2490

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 7800-8500, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7700, चना अकोला 6600, डबरा 6700-8400, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4260, बहेड़ी 4200

# वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिकी नियंत्रण से भारत को होगा फायदा

## लंबे समय से लंबित भारत के एक अरब डॉलर के बकाये की हो सकती है वसूली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्लेषकों और उद्योग सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अमेरिकी नियंत्रण अथवा उसके पुनर्गठन से भारत को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। इस घटनाक्रम से काफी समय से लंबित भारत के एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये की वसूली हो सकती है और प्रतिबंधों से प्रभावित वेनेजुएला में भारतीय संस्थाओं द्वारा संचालित तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल का उत्पादन भी बढ़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि भारत एक समय वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक था और अपने चरम काल में प्रतिदिन चार लाख बैरल से अधिक का आयात करता था। 2020 में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनुपालन जोखिमों से यह आयात बाधित हो गया था। भारत की प्रमुख विदेश तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) पूर्वी वेनेजुएला के सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र का संयुक्त संचालन करती है। अमेरिकी प्रतिबंधों से आवश्यक तकनीक, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित होने से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और व्यावसायिक रूप से उपयोगी भंडार लगभग फंस गए।

वेनेजुएला सरकार ने इस परियोजना में ओवीएल की 40% हिस्सेदारी पर 2014 तक देय 53.6 करोड़ डॉलर का लाभांश नहीं चुकाया है। इसके बाद की अवधि के लिए भी समान राशि बकाया है, किंतु ऑडिट की अनुमति न मिलने से इनका निपटान लंबित है। विश्लेषकों के अनुसार, यदि अमेरिका तेल भंडार को अपनी निगरानी में लेता है, तो प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। ओवीएल गुजरात और अन्य क्षेत्रों से रिग एवं अन्य उपकरण भेजकर उत्पादन में वृद्धि कर सकती है। इस समय यह उत्पादन घटकर मात्र 5,000 से 10,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है। अधिकारियों का अनुमान है कि यदि उन्नत उपकरण और अतिरिक्त तेल कुओं का उपयोग किया जाए, तो उत्पादन बढ़कर 80,000 से 1,00,000 बैरल प्रतिदिन हो सकता है। इसके लिए आवश्यक रिग ओएनजीसी के पास पहले से उपलब्ध हैं।



- प्रतिबंधों से प्रभावित वेनेजुएला में भारतीय कंपनियों का कच्चे तेल का उत्पादन भी बढ़ेगा

### वैश्विक बाजार में आएगी स्थिरता आयातक देशों को होगा लाभ

ओवीएल ने पूर्व में अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से विशेष लाइसेंस के तहत प्रतिबंधों में छूट की मांग की थी, जैसा कि शेवरॉन को दिया गया था। केप्लर के वरिष्ठ शोध विश्लेषक निखिल दुबे ने कहा कि प्रतिबंधों में ढील से व्यापार प्रवाह तेजी से बहाल हो सकता है और वेनेजुएला का कच्चा तेल फिर से भारतीय रिफाइनरियों तक पहुंच सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, नयारा एनर्जी, इंडियन ऑयल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी के पास कच्चे तेल को संसाधित करने की उन्नत क्षमता मौजूद है। वेनेजुएला के तेल की वापसी से वैश्विक बाजार में कीमतों में स्थिरता आएगी और भारत जैसे आयातकों को रणनीतिक लाभ मिलेगा।

### भारतीय व्यापार पर कोई असर नहीं : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच विवाद का भारत के वेनेजुएला के साथ व्यापार पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए इसका आर्थिक या ऊर्जा क्षेत्र पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत-वेनेजुएला व्यापार पहले ही काफी घट चुका है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वेनेजुएला से कच्चे तेल का आयात 81.3% घटकर 2.55 अरब डॉलर रह गया, जबकि कुल व्यापार भी मामूली स्तर पर ही रहा। भारत का वेनेजुएला को दवा सहित अन्य उत्पादों का निर्यात 9.53 करोड़ डॉलर का रहा। भारत और वेनेजुएला के बीच व्यापार अब घटता जा रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिकी प्रतिबंध और व्यापारिक गतिविधियों में कमी है।

## आम बजट में पूंजीगत व्यय के 10% बढ़ने की उम्मीद : एलएंडटी

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) आर शंकर रमन को उम्मीद है कि 2026-27 के बजट में पूंजीगत व्यय 10% बढ़ सकता है। निजी पूंजीगत व्यय बढ़ने में सुस्ती की चिंताओं के बीच रमन ने कहा कि उन्हें राज्य के उच्च व्यय से निजी निवेश के लिए संसाधनों की कमी का डर नहीं है। प्रणाली में पर्याप्त नकदी इस तरह के निवेश का समर्थन करेगी।

रमन ने बताया, यदि भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है, तो बुनियादी ढांचे को बड़ी भूमिका निभानी होगी। उम्मीद है कि वे इसके लिए बजट में पर्याप्त संसाधन आवंटित करेंगे। 2025-26 के आम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 11 लाख करोड़ से अधिक की प्रतिबद्धता पर रमन ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कुछ हफ्तों में पेश किया जाने वाला नया बजट इसी तर्ज पर होगा। वह संभवतः 10 प्रतिशत की वृद्धि करेंगी।

# तंबाकू उत्पादों पर कर वृद्धि से तस्करी का जोखिम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विशेषज्ञों ने सरकार को राजस्व के हानि होने की जताई आशंका
- बोले- सिगरेट अधिक महंगा बनाने से मांग कम नहीं होगी, बल्कि अवैध उत्पाद बढ़ेगा

विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू पर उत्पाद शुल्क की नई संरचना के साथ करों में अभूतपूर्व वृद्धि से सिगरेट के अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है। इससे देश को कर राजस्व की हानि भी हो सकती है। वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधनों को अधिसूचित किया। 1 फरवरी से प्रभावी होने वाले प्रावधानों में सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 40% जीएसटी के अतिरिक्त होगा। सिगरेट की विभिन्न श्रेणियों में कुल कर वृद्धि 60-70% तक होगी। इस समय कुल कर भार लंबाई के आधार पर 50-55% है।

थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्नीरु ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर अवगुण वाली वस्तुओं पर उत्पाद शुल्क लगाने के प्रस्तावित बदलाव से तंबाकू उत्पादों और सिगरेट की तस्करी बढ़ने की चिंता पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि सिगरेट को अधिक महंगा बनाने से मांग कम नहीं होगी, बल्कि यह तस्करी और अवैध उत्पादों की ओर मुड़ जाएगी, जिससे राजस्व को नुकसान होगा। उल्लेखनीय है कि भारत में अवैध तंबाकू की हिस्सेदारी कुल तंबाकू बाजार का लगभग 26% है, जो इसे दुनिया भर में तस्करी वाले तंबाकू का चौथा सबसे बड़ा बाजार बनाती है।

ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने शोध रिपोर्ट में कहा कि सिगरेट पर उच्च करों का मकसद खपत कम करना है, लेकिन ऐसा करने से अवैध सिगरेट की बिक्री बढ़ जाती है। टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (टीआईआई) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए जेफरीज ने कहा कि इस उद्योग निकाय ने सरकार से समीक्षा का अनुरोध किया है, क्योंकि कीमतों में बड़ा अंतर होने से अवैध सिगरेटों को बढ़ावा मिल सकता है।

# लग्जरी वाहन खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद तीन प्रतिशत तक घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद 3% की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं। वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3% घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं। यह उतार-चढ़ाव शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में ज्यादा है, और मर्सिडीज-बेंज इंडिया के ज्यादातर ईवी मॉडल अत्यधिक लग्जरी खंड के हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 8% है, लेकिन 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की गाड़ियों में यह 20%है।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा, जीएसटी ने हमारे आईसीई पोर्टफोलियो को और अधिक आकर्षक बनाया है, लेकिन हम ईवी की मांग में भी मजबूत और निरंतर गति देख रहे हैं। आज ग्राहक केवल कीमत से प्रेरित नहीं हैं। वे स्थिरता, गाड़ी चलाने की कम लागत और भविष्य के लिए तैयार तकनीक को महत्व देते हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमतों में औसतन 6.7% की कमी आई है।



- ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ा
- आईसीई गाड़ियां लागत के मामले में बेहतर विकल्प

## बीसीसीएल नौ को लाएगी आईपीओ

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने को तैयार है, जो 2026 का पहला निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर नजर रखेंगे। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार यह निर्गम पूरी तरह से कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 46.57 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है।

## कोयला आयात बढ़ा, आगामी माह में गिरावट संभव

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात नवंबर में 28.1% बढ़ा, हालांकि घरेलू संसाधनों की उपलब्धता बढ़ने से आने वाले महीनों में इसमें गिरावट आने की उम्मीद है। इस्पात कंपनी सेल और टाटा स्टील के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों से यह जानकारी मिली, जो एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2025 में आयात सालाना आधार पर बढ़कर 2.5 करोड़ टन हो गया, जो नवंबर 2024 में 1.95 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय वर्मा ने कहा, नवंबर में आयात की मात्रा में वृद्धि मुख्य रूप से इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों के भंडार को फिर से तैयार करने के कारण हुई। कुछ खरीदारों ने नई पोजीशन ली क्योंकि समुद्र के रास्ते आने वाले कोयले की कीमतें कमजोर बनी हुई थीं। हालांकि, आने वाले महीनों में हम घरेलू उपलब्धता बढ़ने से आयात में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। नवंबर 2025 के कुल आयात में नॉन-कोकिंग कोल का आयात 1.42 करोड़ टन रहा।

- इस्पात मिलों के भंडार को फिर से तैयार करने से हुई आयात में वृद्धि

## बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है : इरडा

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए मूल कारण विश्लेषण करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, अनुचित व्यावसायिक व्यवहार (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की हिस्सेदारी गत वित्त वर्ष के 19.33% की तुलना में 2024-25 में बढ़कर 22.14% हो गई है।

# राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने कहा- आयकर व जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को हो रहा नुकसान

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉण्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने कहा, केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।

### वृद्धि के नहीं दिख रहे सकारात्मक प्रभाव

राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3% से कम होना चाहिए। केंद्र ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4% यानी 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान रखा है। अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर उन्होंने कहा, यदि अर्थव्यवस्था अच्छी वृद्धि में है, तो करों में वृद्धि, आय में वृद्धि, रुपये में मजबूती, निर्यात में वृद्धि होनी चाहिए। लेकिन अच्छी वृद्धि के ये सकारात्मक प्रभाव अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं। बैंकों में सुधार, विनिवेश, निजीकरण सभी आवश्यक सुधार हैं।

### संपत्ति कर और कार्बन उत्सर्जन पर कर लगाने का सुझाव

कर सुधारों पर गर्ग ने कहा कि आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए। उन्होंने संपत्ति कर लागू करने और शुद्ध कार्बन उत्सर्जन पर कर लगाने का सुझाव दिया। सरकार को निजीकरण और विनिवेश के माध्यम से अधिकांश व्यवसायों से बाहर निकलना चाहिए।

### बचतकर्ताओं को अपने विवेक से लेने दें निर्णय

लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट की उम्मीद पर पूर्व वित्त सचिव ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉण्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए। बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को गोयल जाएंगे ब्रुसेल्स

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित व्यापार समझौते पर यूरोपीय संघ के समकक्ष से बातचीत के लिए इस सप्ताह ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है।

अधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय दौरे (8-9 जनवरी) के दौरान गोयल यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष और यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक से मुलाकात करेंगे। मंत्री कल रात रवाना होंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर बातचीत करने के लिए मंत्री 7 जनवरी को सबसे पहले लिकटेंस्टीन का दौरा करेंगे। लिकटेंस्टीन यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) का सदस्य है। भारत और ईएफटीए ने एक अक्टूबर, 2025 को एक मुक्त व्यापार समझौता लागू किया। ईएफटीए के अन्य सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

# बुलिश पैनामेंट : तेजी दर्शाने वाला चार्ट पैटर्न

बुलिश पैनामेंट शेयर बाजार का एक ऐसा चार्ट पैटर्न है जो महत्वपूर्ण तेजी को दर्शाता है, जिसका उपयोग तकनीकी विश्लेषण में किया जाता है। यह पैटर्न तब बनता है जब किसी शेयर या इंडेक्स में पहले तेजी से कीमत बढ़ती है और उसके बाद कुछ समय के लिए बाजार में हल्की स्थिरता आ जाती है। इस दौरान कीमत एक छोटे दायरे में सिमटकर चलती है, जिससे चार्ट पर त्रिकोण जैसी आकृति बनती है। यह स्थिति बाजार में कमजोरी का संकेत नहीं होती, बल्कि अगली तेजी से पहले का विराम मानी जाती है। बुलिश पैनामेंट निवेशकों और ट्रेडर्स को यह समझने में मदद करता है कि मौजूदा अपट्रेंड अभी खत्म नहीं हुआ है और सही ब्रेकआउट पर आगे मुनाफे के अवसर बन सकते हैं।



### बुलिश पैनामेंट की संरचना

बुलिश पैनामेंट मुख्य रूप से दो भागों में बनता है। पहला भाग होता है फ्लैगपोल, जिसमें कीमत बहुत तेजी से ऊपर जाती है। यह अचानक आई खरीदारी और मजबूत मांग को दर्शाता है। दूसरा भाग होता है पैनामेंट, जिसमें कीमत कुछ समय के लिए सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होती रहती है। इस दौरान ऊपरी स्तर थोड़ा नीचे आता है और निचला स्तर थोड़ा ऊपर उठता है, जिससे चार्ट पर एक छोटा त्रिकोण बनता है।

### क्यों बनता है ये पैटर्न

तेज उछाल के बाद कुछ निवेशक मुनाफा वसूली करते हैं, जबकि नए निवेशक सही कीमत का इंतजार करते हैं। इससे बाजार थोड़ी देर के लिए संतुलन में आ जाता है। यह ठहराव कमजोरी नहीं, बल्कि अगली तेजी से पहले की तैयारी होती है। जब खरीदारी फिर से बढ़ती है, तो कीमत ऊपर की ओर ब्रेकआउट देती है।

### वॉल्यूम की भूमिका

बुलिश पैनामेंट में वॉल्यूम का खास महत्व होता है। फ्लैगपोल के दौरान वॉल्यूम तेज होता है। पैनामेंट बनते समय वॉल्यूम धीरे-धीरे घटता है, लेकिन जब ऊपर की ओर ब्रेकआउट होता है, तो वॉल्यूम का बढ़ना जरूरी होता है, ताकि तेजी की पुष्टि हो सके।

### ट्रेडिंग-निवेश में उपयोग

यह पैटर्न खासतौर पर स्विंग ट्रेडिंग और पोजिशनल ट्रेडिंग के लिए उपयोगी होता है। ट्रेडर्स अक्सर पैनामेंट के ऊपर ब्रेकआउट पर खरीदारी करते हैं। टारगेट आमतौर पर फ्लैगपोल की लंबाई के बराबर माना जाता है। जोखिम को सीमित करने के लिए पैनामेंट के निचले स्तर के नीचे स्टॉप-लॉस लगाया जाता है।

### सावधानियां

निवेशकों या ट्रेडर्स को बुलिश पैनामेंट को कभी भी अकेले न देखना चाहिए। इसे ट्रेंड, वॉल्यूम और अन्य तकनीकी संकेतकों जैसे मूविंग एवरेज या आरएसआई के साथ मिलाकर देखना चाहिए। इस दौरान फर्जी ब्रेकआउट से बचने की भी जरूरत होती है।

## लंबे समय के बाद आयात घटने से जिंक बाजारों में मजबूती

**नई दिल्ली।** आयातकों के लंबे समय से जारी, सोयाबीन डीगम तेल की आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के परिणामस्वरूप डीगम तेल का आयात घटने से गत सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। वहीं, सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली और बिनौला जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे हैं। 14 जनवरी को षडमास की समाप्ति और शादी के लिए खाद्य तेलों की मांग बढ़ने के आसार हैं।

आयातकों के लागत से कम दाम पर डीगम तेल की बिकवाली से इस तेल का आयात घटा है। सोयाबीन डीगम नरम तेलों में सबसे सस्ता भी है। आयात के घटने का असर बाकी अन्य खाद्य तेलों पर पड़ा है। ऐसी स्थिति के बीच बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन सहित बाकी अन्य तेल-तिलहन के दाम में मजबूती रही।

**बाजार समीक्षा**

**एफआईआई के रुख पर भी होगी निवेशकों की नजर, डीआईआई का बिना रुके निवेश जारी, जिससे बाजार को मिल रही गति**

# शेयर बाजार की चाल बदलेंगे व्यापक आर्थिक आंकड़ें और वैश्विक रुझान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के नतीजों पर है। निवेशक नतीजों से पहले प्रमुख दिग्गज कंपनियों में चुनिंदा रूप से अपनी पोजीशन बना सकते हैं। घरेलू स्तर पर, सेवा और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े व्यापारिक गति और रोजगार के रुझानों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले सप्ताह के लिए निवेशक वैश्विक बाजार की दिशा के लिए अमेरिकी पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर ध्यान देंगे। कुल मिलाकर भावना रचनात्मक रहने की उम्मीद है, हालांकि बाजार एक स्थिर दायरे में रह सकते हैं।

### एफपीआई ने दो दिनों में निकाले 7,608 करोड़ रुपये

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2026 में भी अपने बिकवाली के क्रम को जारी रखते हुए जनवरी के पहले दो सत्रों में इक्विटी से 7,608 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले उन्होंने 2025 में 1.66 लाख करोड़ की निकासी की थी। ऐसा अस्थिर मुद्रा, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और बाजार के बढ़े मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई की बिकवाली ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में हुई गिरावट में 5% का योगदान दिया है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के वीके विजयकुमार ने कहा कि इस साल एफपीआई की रणनीति में बदलाव दिखा है, क्योंकि घरेलू बुनियादी कारक निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

### शीर्ष 7 कंपनियों की पूंजी 1.23 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

इक्विटी बाजार में सकारात्मक रुझान के बीच गत सप्ताह शीर्ष 10 मे से सात सबसे मूल्यवान कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 1,23,724.19 करोड़ का उछाल आया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक लाभ हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहे, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस और बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब बरकरार रखा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाली नागरिक से एक करोड़ की चरस जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 11 किलोग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी अमर कॉलोनी इलाके में प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति में शामिल एक मादक पदार्थ तस्कर की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के आधार पर की गई। पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने कहा कि सूचना के आधार पर पुलिस ने एक जनवरी शाम को एक व्यक्ति को बैग ले जाते हुए रोका। तलाशी लेने पर बैग के अंदर पॉलीथिन के कई पैकेट में मादक पदार्थ मिला।

### नेपाल में 4.3 तीव्रता का आया भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के उदयपुर जिले में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप मापन तथा अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप के झटके शनिवार रात 10 बजकर 51 मिनट पर महसूस किए गए, जिसका केंद्र उदयपुर जिले के बागापाटी क्षेत्र में था। भूकंप के झटके आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए। इससे पहले शनिवार सुबह पश्चिमी नेपाल के ताप्लेजुंग जिले में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

### रूस बनाएगा परमाणु उर्जा अंतरिक्ष इंजन

**मॉस्को।** रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचेव ने कहा है कि रूस की महत्वाकांक्षा 2030 तक परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अंतरिक्ष इंजन का एक नमूना तैयार करने की है। लिखाचेव ने कहा कि चंद्र स्टेशन और मेगावाट-श्रेणी के रॉकेट इंजन पर काम करने के लिए रोस्कोस्मोस के साथ हमारी साझेदारी अंतरिक्ष खोज को आगे बढ़ाएगी। कहा कि परमाणु ऊर्जा चालित अंतरिक्ष इंजन का प्रोटोटाइप 2030 तक तैयार होने की पूरी उम्मीद है।

### ईरान हिंसा में 15 हुई मृतकों की संख्या

**दुबई।** ईरान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने रविवार सुबह बताया कि ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। जिसमें मरने वालों की संख्या 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने दंगाइयों पर सख्ती की बात कही है।

# गणतंत्र दिवस पर दुबई की सैर कराएगा आईआरसीटीसी

- विभिन्न राज्यों के पर्यटक एक साथ होंगे शामिल

**जयपुर, एजेंसी**



भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुबई के लिए एक विशेष टूर पैकेज की घोषणा की है। इस यात्रा की मुख्य विशेषता यह है कि विभिन्न राज्यों के भारतीय नागरिक एक साथ दुबई में प्रवास कर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की एकता और सांस्कृतिक विविधता का संदेश देंगे।

यह यात्रा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुरू होगी। कोच्चि, बेंगलुरु, अहमदाबाद, मुंबई, इंदौर, जयपुर, दिल्ली, चंडीगढ़ और लखनऊ सहित देश के विभिन्न शहरों से पर्यटक इस पैकेज को बुक कर सकेंगे। आईआरसीटीसी इन सभी पर्यटकों को दुबई में एकत्रित कर एक संयुक्त भारतीय समूह के रूप में भ्रमण कराएगा। चार रात और पांच दिन के इस टूर पैकेज का मूल्य 94,730 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है। इसमें हवाई यात्रा, थ्री-स्टार होटल में आवास, वीजा शुल्क, भोजन, वातानुकूलित डीलक्स बस से भ्रमण शामिल है।

## जब महाशक्तियों ने बदली सरकारें

### वेनेजुएला से इराक तक तख्तापलट

वेनेजुएला को लेकर हालिया घटनाक्रम के बाद एक बार फिर वैश्विक राजनीति में हस्तक्षेप का मुद्दा केंद्र में आ गया है। कई देशों ने अमेरिका की कार्रवाइयों को खुली दादागीरी करार दिया है और कहा है कि किसी संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में इस तरह का दबाव या सैन्य कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका या अन्य शक्तिशाली देशों पर किसी देश की सरकार गिराने, सत्ता परिवर्तन कराने या राजनीतिक दिशा बदलने के आरोप लगे हों। शीत युद्ध से लेकर आज तक दुनिया के कई हिस्सों में ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां बाहरी हस्तक्षेप के बाद सरकारें बदलीं, तख्तापलट हुए और लंबे समय तक अस्थिरता बनी रही।



### तेल और क्षेत्रीय प्रभाव का खेल

लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया सहित कई क्षेत्रों में यह पैटर्न दोहराया गया। कभी कारण साम्यवाद का डर बताया गया, कभी लोकतंत्र की रक्षा, तो कभी आतंकवाद या मानवाधिकार। लेकिन आलोचकों का कहना है कि इन सभी तर्कों के पीछे अक्सर रणनीतिक हित, संसाधनों पर नियंत्रण और भू-राजनीतिक वर्चस्व की इच्छा रही है। वेनेजुएला के मामले में भी यही सवाल उठ रहा है कि क्या यह केवल लोकतंत्र का मुद्दा है या फिर तेल और क्षेत्रीय प्रभाव का खेल।

### अंतर्राष्ट्रीय कानून

- संप्रभुता का सिद्धांत : संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार हर देश को अपनी राजनीतिक व्यवस्था चुनने का अधिकार है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप निषिद्ध
- बल प्रयोग पर रोक : आत्मरक्षा के अलावा किसी भी देश पर दूसरे देश की सैन्य कार्रवाई को अवैध माना गया है। बल प्रयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति जरूरी होती है।
- लेकिन मानवीय आधार, आतंकवाद विरोध और लोकतंत्र बहाली का तर्क देकर हस्तक्षेप किए जाते हैं।

### दूसरे देश में केस नहीं

सामान्य नियमों के तहत मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष को राजनयिक प्रतिरक्षा प्राप्त होती है, ऐसे में उसके ऊपर दूसरे देश में सीधे मुकदमा नहींचलाया जा सकता है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अपराधके मामले में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय या अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय में केस चलाया जा सकता है।

### जब बाहरी हस्तक्षेप से बदली सत्ता

- ईरान में 1953 में प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसाद्देक का तख्तापलट कर शाह को सत्ता दी गई। इसके पीछे कारण यह था कि ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया गया था जिससे पश्चिमी देशों के हित में नहीं था।
- ग्वाटेमाला में बाहरी हस्तक्षेप से 1954 में लोकतांत्रिक सरकार का पतन यहां भूमि सुधार के लिए नए नियम बनाए गए जिससे अमेरिकी कंपनियों के हित प्रभावित होने लगे।
- चिली में वर्ष 1973 में राष्ट्रपति साल्वाडोर अयेंदे की समाजवादी नीतियों के विरोध में तख्तापलट किया गया। यहां भी अमेरिका द्वारा समर्थित सैन्य कार्रवाई हुई ।
- पनामा में वर्ष 1989 में मैनुअल नोरिएगा को सत्ता से हटाया गया। उन पर मादक पदार्थ तस्करी को बढ़ावा देने का अमेरिका का आरोप था। उनको हटाने के बाद कहा गया कि पनामा में लोकतंत्र की बहाली की गई है।
- इराक में भी अमेरिकी हस्तक्षेप से वर्ष 2003 में सद्दाम हुसैन की सत्ता का अंत हुआ। बताया गया था कि इराक सामूहिक विनाश के हथियारों का निर्माण कर रहा है।
- लीबिया में 2011 में सत्ता पर काबिज मुअम्मर गद्दाफी का पतन हुआ। नाटो का तर्क था कि यह वहां के नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी था।

# वेनेजुएला पर कार्रवाई के विरोध में अमेरिका में सड़कों पर उतरे लोग

## वाशिंगटन, शिकागो, लॉस एंजिल्स सहित 100 से अधिक शहरों में दिखा आक्रोश

- अमेरिका के साथ वेनेजुएला में भी कई शहरों में हुआ विरोध प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने वाली अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोग मैनहट्टन की सड़कों पर उतरे। यह मार्च वाशिंगटन, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, अटलांटा, शिकागो और मियामी जैसे 100 से अधिक अमेरिकी शहरों में होने वाले वेनेजुएला पर कोई युद्ध नहीं प्रदर्शनों का हिस्सा था।

न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों के हाथों में वेनेजुएला से हाथ हटाओ, कैरिबियन से अमेरिका बाहर निकले, वेनेजुएला के तेल के लिए कोई युद्ध नहीं और अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ वेनेजुएला की रक्षा करो लिखे हुए पोस्टर थे। भीड़ में वेनेजुएला की रक्षा करो, मादुरो को आजाद करो के नारे भी गूंज रहे थे। वहीं वेनेजुएला में भी प्रदर्शन हुए और लोगों ने राष्ट्रपति मादुरो को मुक्त करने की मांग की।

मार्च में शामिल न्यूयॉर्क के निवासी करेन ने कहा कि यह युद्ध मादक पदार्थों के बारे में नहीं है, यह वेनेजुएला के तेल के बारे में है। आपको वेनेजुएला में कदम रखने और वहां हमला करने का अधिकार कैसे है? ऐसा महसूस होता है जैसे हम अपराधियों की तरह काम कर रहे हैं। यह एक अन्यायपूर्ण कार्रवाई है। पाकिस्तान के एक कॉलेज छात्र हसन ने कहा कि विदेशों में अमेरिका के नेतृत्व में सरकार बदलने के प्रयास नए नहीं हैं, लेकिन कम से कम पहले यह नकाब पहनकर किया जाता था, जैसे मध्य पूर्व में लोकतंत्र बहाल करने के नाम पर। उन्होंने कहा कि हालांकि, आज इसने नकाब उतार दिया है। यह काफी स्पष्ट रूप से तेल और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उनके देश ने वेनेजुएला पर हमला किया है और उसके राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ लिया है।



अमेरिका और वेनेजुएला में कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। काराकास में मादुरो की आजादी की मांग को लेकर अमेरिकी झंडा जला दिया।

### कैरेबियाई क्षेत्र में हवाई यातायात बाधित

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाए जाने के अमेरिकी सैन्य अभियान का असर कैरेबियाई क्षेत्र में हवाई यातायात पर भी पड़ा और कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया। प्यूर्टो रिको, अरूबा और वेनेजुएला के उत्तर में स्थित लेसर एंटिल्स समूह के 12 से अधिक द्वीपों के लिए उड़ाने प्रभावित रहीं। व्यवधान कई दिनों तक जारी रह सकता है।

### ममदानी ने कहा, वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला युद्ध की कार्रवाई

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने वेनेजुएला के खिलाफ चलाए गए अमेरिकी अभियान एब्सोल्यूट रिजॉल्व को युद्ध की कार्रवाई और अंतर्राष्ट्रीय व संघीय कानून का उल्लंघन बताया है। ममदानी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की यह खुलेआम कोशिश न केवल विदेशों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को प्रभावित करती है, बल्कि इसका सीधा असर न्यूयॉर्क निवासियों पर भी पड़ता है, जिनमें वेनेजुएला के हजारों नागरिक भी शामिल हैं । मेयर ने वेनेजुएला के नागरिकों और हर न्यूयॉर्क वासी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते कहा कि उनका प्रशासन स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और इससे संबंधित दिशा-निर्देश जारी करेगा। ममदानी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला करना युद्ध की कार्रवाई और संघीय व अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। गौरतलब है कि मादुरो को न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर (एमडीसी) में भेजा गया है। यह सेंटर अपनी खराब स्थितियों के कारण घिनौना और भयानक बताया जाता है।

## उ. कोरिया ने समुद्र में दागी बैलिस्टिक मिसाइल, तनाव

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने समुद्र में रविवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि सेना को सुबह सात बजकर 50 मिनट पर उत्तर कोरिया की राजधानी के इलाके से कई बैलिस्टिक मिसाइलें प्रक्षेपित किए जाने का पता चला। मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी तट की ओर से दागी गईं। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्होंने अपनी निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर लिया है और उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों के संबंध में अमेरिका व जापान के साथ लगातार सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी उत्तर कोरिया द्वारा संदिग्ध मिसाइल प्रक्षेपण किए जाने की सूचना दी है। इस प्रक्षेपण के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की आगामी कांग्रेस से पहले हथियारों का प्रदर्शन करने की ताजा घटना है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया कांग्रेस से पहले रक्षा क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां दिखाने के लिए हथियार परीक्षणों में तेजी ला सकता है। पर्यवेक्षक नजर रख रहे हैं कि क्या उत्तर कोरिया अमेरिका के प्रति कोई नई नीति निर्धारित करेगा।

# सीरिया में आईएस के ठिकानों पर ब्रिटेन व फ्रांस का हमला



फ्रांस और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों के हमले में मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट समूह का एक क्षतिग्रस्त भूमिगत ठिकाना जहां हथियार छिपाकर रखने की आशंका थी।

- हवाई हमले में हथियार भंडारण के गुप्त केंद्रों को बनाया गया निशाना

**दमिश्क (सीरिया), एजेंसी**

ब्रिटेन और फ्रांस के युद्धक विमानों ने मध्य सीरिया में एक भूमिगत ठिकाने पर हवाई हमला किया, जहां इस्लामिक स्टेट समूह के सदस्यों द्वारा हथियार और विस्फोटक जमा किए जाने का संदेह है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि ये हमले शनिवार शाम को सीरिया के होम्स प्रांत में ऐतिहासिक शहर पल्मायरा के ठीक उत्तर में पहाड़ों में स्थित ठिकानों पर हुए। ब्रिटेन और फ्रांस अमेरिका के नेतृत्व वाले उस गठबंधन का हिस्सा हैं जो एक दशक से अधिक समय से आईएस आतंकवादियों से लड़ रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटिश सेना ने टाइफून एफजीआर4 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। संयुक्त हमले में फ्रांसीसी विमान भी शामिल थे। ब्रिटिश वायु सेना ने ठिकाने तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाने के लिए निर्देशित बमों का इस्तेमाल किया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि यह कार्रवाई ब्रिटेन के नेतृत्व और मध्य पूर्व में आईएस और उसकी हिंसक विचारधाराओं के किसी भी उभार को खत्म करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने के हमारे दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।सीरिया सरकार की ओर से इन हमलों पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का कहना है कि सीरिया और इराक में स्थित अपने पूर्व गढ़ों में आईएस के अभी भी 5,000 से 7,000 सदस्य सक्रिय हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी**

- शरीयतपुर जिले के एक बाजार में बुधवार को किया गया था हमला

बांग्लादेश के शरीयतपुर जिले में एक हिंदू व्यवसायी पर धारदार हथियार से हमला करने और जलाकर मार डालने के मामले में रविवार को तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ढाका से लगभग 100 किलोमीटर दूर शरीयतपुर जिले के दामुड्या में केउरभांगा बाजार के पास बुधवार रात को 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास पर हमला किया गया था।

शनिवार को उनकी मृत्यु हो गई। प्रथम आलो अखबार ने कहा कि रैपिड एक्शन बटालियन की एक टीम ने रविवार सुबह ढाका से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में किशोरगंज से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दामुड्या के सोहाग खान, रब्बी मोल्या और पलाश सरदार के रूप में हुई है।

आरएबी मदारिपुर कैंप कंपनी कमांडर पुलिस अधीक्षक मीर मुनीर हुसैन ने प्रथम आलो को बताया कि आरोपियों को किशोरगंज से मदारिपुर कैंप लाया जा रहा है।

## प्रख्यात सिख विद्वान जैतेग सिंह अनंत का निधन

**अमृतसर/सरे।** प्रख्यात सिख विद्वान, लेखक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित फोटो पत्रकार जैतेग सिंह अनंत का कनाडा के सरे शहर में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सिख साहित्य, कला और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वारिस शाह फाउंडेशन ने कहा है कि जैतेग सिंह अनंत न केवल एक विद्वान थे, बल्कि वे भारत के शीर्ष 10 फोटो कलाकारों में भी गिने जाते थे। अपने पेशेवर करियर के दौरान उन्होंने फोटोग्राफी के क्षेत्र में देश और विदेश में 70 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों का गांव पर हमला, 30 की मौत

**मीना (नाइजीरिया), एजेंसी**

- हमले के बाद कई ग्रामीणों को अगवा कर ले गए बंदूकधारी

उत्तरी नाइजीरिया के नाइजर राज्य के एक गांव पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 30 ग्रामीणों की मौत हो गई जबकि कई अन्य का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य पुलिस के प्रवक्ता वासिउ अबियोदुन ने एक बयान में कहा कि बंदूकधारियों ने शनिवार शाम राज्य के बोर्गु स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में कसुआन-दाजी गांव पर धावा बोल दिया और निवासियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने स्थानीय बाजार और कई घरों को भी जला दिया। कम से कम दो ग्रामीणों ने मृतकों की संख्या 37 बताई और आशंका जताई कि यह संख्या इससे भी अधिक हो सकती है क्योंकि रविवार तक कुछ लोग लापता थे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सुरक्षा बल अब तक इलाके में नहीं पहुंचे हैं जो पुलिस के उस दावे का खंडन करती है कि उन्होंने अपहृत लोगों की तलाश के लिए अधिकारी तैनात किए हैं।

# मस्क का एक्स हटाएगा अवैध सामग्री

- उल्लंघन करने वालों पर लगेगा स्थायी प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट एक्स अवैध सामग्री को हटाएगी और ऐसी सामग्री अपलोड करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। एक्स ने रविवार को बताया कि वह जरूरत के अनुसार स्थानीय सरकारों के साथ काम करेगी। कंपनी के वैश्विक सरकारी मामलों के खाते से यह बयान जारी किया गया।

इससे पहले उसने कहा था कि मंच की एआई सेवा ग्रोक का उपयोग करके अवैध सामग्री बनाने वालों पर भी वैसी ही कार्यवाही होगी, जैसी अवैध सामग्री अपलोड करने वालों पर की जाती है। मस्क ने अनुचित छवियों पर एक पोस्ट के जवाब में एक्स पर कहा कि अवैध सामग्री बनाने के लिए ग्रोक का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे, जैसा कि अवैध सामग्री अपलोड करने वालों के साथ होता है। एक्स के वैश्विक सरकारी मामलों ने अवैध सामग्री पर मस्क के रुख को दोहराया। कहा गया कि हम एक्स पर बाल यौन शोषण सामग्री सहित अवैध सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, इसे हटाकर, खातों को स्थायी रूप से निलंबित करके और आवश्यकतानुसार स्थानीय सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं। इसमें आगे कहा गया, अवैध सामग्री बनाने के लिए ग्रोक का उपयोग करने या उसे उकसाने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे जैसा कि अवैध सामग्री अपलोड करने वालों के साथ किया जाता है। भारत सरकार ने पाया है कि एक्स पर अश्लील सामग्री अपलोड की जा रही है जो कानूनों का उल्लंघन है।



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जनवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 09.56 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 13.25 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

**मेष:** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष:** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाए रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे, लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह:** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिंतकों का निरादर न करें।

**कन्या:** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यंत वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला:** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आप गृहकार्यों में अत्यंत व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शांति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु:** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ:** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा। आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |



पहले माता-पिता अक्सर चाहते थे कि उनके बेटे विराट कोहली जैसे बनें, लेकिन अब कई लोग चाहते हैं कि उनकी बेटियां स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर जैसी क्रिकेटर बनें। महिला विश्व कप सहित अन्य खेलों में देश की बेटियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।
–जय शाह


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, सोमवार ,5 जनवरी 2026


## हाईलाइट

### मेग लैनिंग यूपी वॉरियर्स की कप्तान बनीं

**मुंबई।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग को नौ जनवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले रविवार को यूपी वॉरियर्स का कप्तान बनाया गया। यह दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के पहले तीन सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान थीं और उन्होंने टीम को हर बार फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कैप्री स्पोर्ट्स की यूपी वॉरियर्स ने 2026 डब्ल्यूपीएल सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मेग लैनिंग को फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। यूपी वॉरियर्स ने लैनिंग को नीलामी में 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### सिद्धार्थ रावत पहुंचे फाइनल में

**बेंगलुरु।** भारत के सिद्धार्थ रावत ने रविवार को बेंगलुरु ओपन में अपने हमवतन नितिन कुमार सिन्हा पर 6-3, 7-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। रावत ने आत्मविश्वास के साथ पहला सेट जीता। सिन्हा ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और रावत की सर्विस तोड़कर बढ़त हासिल कर ली। लेकिन रावत ने दो महत्वपूर्ण ब्रेक लेकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया।

### मार्टिन की स्थिति में सुधार : गिलक्रिस्ट

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि टीम के उनके साथी डेमियन मार्टिन 'मेनिन्जाइटिस' (दिमागी बुखार) से उबरने की प्रक्रिया किसी 'चमत्कारी वापसी' की तरह है। वह अब कोमा से बाहर आने के बाद बात करने में सक्षम है। गिलक्रिस्ट ने बताया कि मार्टिन के मेनिन्जाइटिस से पीड़ित होने का पता चलने के बाद गोल्ड कोस्ट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह इलाज के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं और अब बात करने में सक्षम हैं।

### संभाजी निर्विरोध चुने गए सदस्य के रूप में

**मुंबई।** मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी के वंशज संभाजी राजे और एक राजनीतिक परिवार से अपूर्वा सामंत को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सदस्य के रूप में निर्विरोध चुना गया है। रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि खेल जगत में चर्चा के अनुसार, इस घटनाक्रम से राज्य में क्रिकेट प्रशासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। रत्नागिरी के विधायक किरण सामंत की बेटी अपूर्वा सामंत एक उच्च शिक्षित युवा उद्यमी के रूप में जानी जाती हैं। सामाजिक और उद्यमशीलता की पहलों में उनकी सक्रिय भागीदारी की व्यापक रूप से सराहना की गई है।

### एथलेटिक्स फेडरेशन ने तय किए नए मानक

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने एशियाई खेल 2026 के लिए अपने क्वालिफाइंग के नये मानक जारी किये हैं। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक एशियाई खेल होने हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अब भारतीय टीम में जगह बनाने एथलीटों को मुश्किल लक्ष्य तय करना होगा।



मुकाबला करते अमित पंघाल। एजेंसी

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी में विलंब से मची अफरा-तफरी

- महिलाओं के मुकाबले का समय बदला गया
- जरूरी साजो-सामान में दिक्कत बनी अव्यवस्था कारण

**32** मुकाबलों को मंगलवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

सीनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को तैयारियों में देरी और अव्यवस्था के कारण अफरा-तफरी मच गई जिससे मुक्केबाजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। लॉजिस्टिक्स (प्रतियोगिता के लिए जरूरी साजो-सामान) संबंधी दिक्कतों के कारण चैंपियनशिप चार घंटे के विलंब से शुरू हुई।

लंबे समय तक हुई देरी के कारण आयोजकों को महिलाओं के 32 मुकाबलों को मंगलवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा। पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहली बार एक साथ आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दोपहर दो बजे शुरू होना था। यह ऐतिहासिक क्षण हालांकि अफरा-तफरी और लंबे इंतजार में बदल गया जिसने पूरे दिन के कार्यक्रम को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के रिंग आम तौर पर एक दिन पहले ही तैयार हो जाते है। मुकाबले दोपहर दो बजे शुरू होने थे लेकिन तब तब ऐसा नहीं हो सका था। तीन रिंग तैयार होने थे, लेकिन शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया और तकनीकी खराबी के कारण उसे भी दोबारा लगाना पड़ा। इस काम को जल्दी पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्वयं रिंग का निर्माण करते हुए देखा गया। दिन के 80 मुकाबलों (38 महिला और 42 पुरुष) में से पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे पुरुषों के मुकाबले के साथ शुरू हुआ। जबकि महिला मुक्केबाजों को और भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रात आठ बजे तक भी उनके मुकाबलों के शुरू होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी। आखिर में महिलाओं के सिर्फ छह मुकाबले हुए। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव प्रमोद कुमार ने पीटीआई को बताया देरी कुछ लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण हुई। बीएफआई ने लॉजिस्टिक्स परेशानियों को देरी का कारण बताया तो वहीं मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण हुई थी। इस सूत्र ने कहा, विक्रेता को भुगतान नहीं किया गया था। भुगतान मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ। टूर्नामेंट के लिए कोई प्रायोजक भी नहीं था। महिला वर्ग के शुरुआती मुकाबले में भिड़ने वाली 48 किलोग्राम वर्ग की मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा दोपहर बाद हॉल के अंदर योगा मैट पर बैठी हुई नजर आईं। वह अपनी ऊर्जा बचा रही थीं और जानकारी का इंतजार कर रही थीं।

### अमित पंघाल की विजयी शुरुआत

एशियाई खेलों 2018 के स्वर्ण पदक विजेता सेना के अमित पंघाल और हरियाणा के सागर ने प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत के साथ अगले चरण में जगह बनाई। बेंटमवेट वर्ग में खेल रहे अमित ने बिहार के उस्मान मोहम्मद सुल्तान पर प्रभावशाली जीत दर्ज की जबकि हेवीवेट वर्ग में सागर को केरल के एडविन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। सागर ने हालांकि को जजों के खंडित फैसले मुकाबला अपने नाम किया। मिजोरम के लालरामबुआत ने भी बेंटमवेट वर्ग में ओडिशा के संतोष कुमार को हराया।

## टी-20 विश्व कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेशी टीम

### मुस्तफिजुर को आईपीएल से हटाने के बाद बीसीबी ने निकाली खीज

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया। यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 'रिलीज' करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को 'रिलीज' करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है।

रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने शनिवार रात को एक आपातकालीन बैठक बुलाई और एक दिन बाद घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बीसीबी ने एक बयान में कहा बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और भारत में खेले जाने वाले मैचों में बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की भागीदारी से संबंधित मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं।

बीसीबी के बयान के मुताबिक बीसीबी ने विश्व कप के आयोजक आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान (सह-मेजबान श्रीलंका) में स्थानांतरित करने पर विचार करे। बीसीबी आईसीसी से इस स्थिति को समझने और इस मामले पर तत्काल प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है। बीसीबी द्वारा बयान जारी करने से पहले ही सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने फेसबुक पर घोषणा कर दी कि बोर्ड ने भारत में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला कर लिया है।

उनके बंगाली भाषा में साझा पोस्ट में लिखा बांग्लादेश विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज यह निर्णय लिया है। हम भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हिंसक सांप्रदायिक नीति के संदर्भ में लिए गए इस निर्णय का स्वागत करते हैं। बीसीबी की आपातकालीन बैठक के बाद नजरुल ने बोर्ड को निर्देश दिया कि वह जय शाह के नेतृत्व वाली आईसीसी से बांग्लादेश के चार लीग मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध करे।

नजरूल ने फेसबुक पेज पर बंगाली में लिखा खेल मंत्रालय के प्रभारी सलाहकार के रूप में मैंने क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह इस पूरे मामले को लिखित रूप में आईसीसी को स्पष्ट करे। बोर्ड को स्पष्ट करना होगा कि अनुबंध होने के बावजूद अगर कोई खिलाड़ी भारत में नहीं खेल सकता तो बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम विश्व कप खेलने के लिए भारत में सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती है।



मुस्तफिजुर रहमान। एजेंसी

### शिकायत के बाद घोषित की टीम

**ढाका :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का एलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय द्वारा टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई। टी-20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

**टीम :** लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

**भारत में मैच :** बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा।

### बीसीबी के अनुरोध पर विचार कर सकती है आईसीसी

**दुबई :** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अपने टी20 वर्ल्ड कप मैचों को भारत से बाहर शिफ्ट करने के अनुरोध पर विचार कर सकती है। विश्व संस्था ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है या मीटिंग नहीं की है, खासकर आज रविवार होने के कारण, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि आईसीसी बांग्लादेश के मैचों को टी20 वर्ल्ड कप के सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए तैयार है।

### शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से बढ़ी दोनों देशों में तल्खी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद भारत आ गई थीं। बांग्लादेश की एक अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। उन पर आंदोलन के दौरान हुई घातक कार्रवाई में कथित भूमिका निभाने का आरोप था, जिसमें कई छात्र मारे गए थे। बांग्लादेश में पिछले दिनों हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की बढ़ते मामले से स्थिति और बिगड़ गयी है।

### बंगाल ने रांची को हराया



ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स (ऑरेंज जर्सी) ने रविवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स (ग्रीन जर्सी) पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी, लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही। ● एजेंसी

## रूट और ब्रूक के नाबाद अर्धशतक खराब शुरुआत के बाद उबरा इंग्लैंड

**सिडनी टेस्ट**

सिडनी, एजेंसी

जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को यहां खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए। इस मैच में बोंडी आतंकी हमले के पीड़ितों और 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स' को मैदान पर श्रद्धांजलि दी गई। रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा सीरीज में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। ब्रूक ने अपनी पारी के दौरान कुछ मौकों पर जोखिम भी उठाया। इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।

ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी। यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा।



हैरी ब्रूक। एजेंसी

## सूडान को हराकर सेनेगल अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स के क्वार्टर फाइनल में

रबात (मोरक्को), एजेंसी

सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने शनिवार को टेंगियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए।

सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।



गोल करने के बाद फुटबॉल ले जाते सेनेगल के पापे गुएये। एजेंसी

### अटलांटा ने रोमा को 0-1 से शिकस्त दी

**मिलान।** जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

### राइस के दो गोल से आर्सेनल ने बार्नेमाउथ को हराया

**लंदन।** डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने शनिवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बार्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली।

इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था, लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए।

आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। बार्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

**यूनाइटेड कप**

**एलेक्जेंडर ने नीदरलैंड्स के खिलाफ जर्मनी को दिलाई जीत**

## ज्वेरेव ने जीत के साथ सीजन की शुरुआत की

सिडनी, एजेंसी

एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में नीदरलैंड के खिलाफ जर्मनी को जीत दिलाई, जहां वर्ल्ड नंबर 3 ने टैलन ग्रीक्सपूर को 7-5, 6-0 से हराया। ज्वेरेव की जीत जर्मनी की ईवा लिस द्वारा ग्रुप ऍफ मुकाबले में सुजैन लैमेंस को हराने के बाद आई। ज्वेरेव और ग्रीक्सपूर के मुकाबले के शुरुआती हिस्से में सर्वर को फायदा था, जब तक कि जर्मन खिलाड़ी ने 6-5 पर ब्रेक लेकर पहला सेट जीतने का अहम मौका नहीं भुना लिया।

2026 का अपना पहला मैच खेलते हुए, ज्वेरेव ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया और शायद ही कभी पीछे मुड़कर देखा, दूसरे सेट में सिर्फ सात अंक गंवाए। ज्वेरेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा पहला सेट, लय हासिल करना मुश्किल था।एक बार जब मुझे मौके मिले, तो मैंने अच्छा किया और मैं जीत से बहुत खुश हूं। 28 साल का खिलाड़ी अब अपनी लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में ग्रीकस्पूर से 9-2 से आगे है, यह दूसरी बार है जब ज़्वेरेव ने एक ही विरोधी के खिलाफ नौ टूर-लेवल जीत हासिल की हैं (ज्वेरेव एड्रियन मैनारिनो से 9-0 से आगे हैं)।

इससे पहले एक दृढ़ निश्चयी लिस ने लैमेंस को 6-2, 6-2 से हराकर 2024 यूनाइटेड कप चैंपियंस को एक मजबूत शुरुआत दी। लिस इस मैच में 2024 में ओसाका में डब्ल्यूटीए टूर ड्विन बाय मर्सिडीज-बेंज लेवल पर लैमेंस के खिलाफ अपना एकमात्र मैच हारकर आई थी, लेकिन इस साल की प्रतियोगिता में दोनों देशों के लिए पहले मैच के लगभग पूरे समय तक वह हावी रही, जो लिस का पहला करियर यूनाइटेड कप मैच भी था। पहले पांच गेम में दो बार ब्रेक का आदान-प्रदान करने के बाद, लिस ने 5-2 की बढ़त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण गेम जीते और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उसने छठे गेम में अपने तीसरे ब्रेक पॉइंट पर ब्रेक करने से पहले लैमेंस को 3-3 से बराबरी करने के लिए गेम पॉइंट से वंचित कर दिया, और 15/40 से पीछे होने के बावजूद फॉलो-अप होल्ड हासिल किया। यह एक घंटे, 39 मिनट के मुकाबले का एक छोटा सा हिस्सा था। मैच के 14 में से नौ गेम ड्यूस तक गए, और लिस ने उनमें से सात जीते। शायद सबसे महत्वपूर्ण गेम दूसरे सेट में जर्मन खिलाड़ी का 1-1 का होल्ड था, जिसके दौरान उसने चोट के डर को दूर किया।

पहले सेट में 5-2 से आगे रहते हुए छाले के लिए मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद, लिस एक और बार गिरी जिससे उसका घुटना हिल गया।



यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के मैच के दौरान कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ शॉट लगातीं चीन की लिन झू। एजेंसी